24 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 07









## विधानसभा चुनाव 2024: झारखंड के लिए आज खास दिन

# भाजपा-झामुमो-कांग्रेस के चर्चित चेहरे करेंगे नामांकन

- गुरुवार को शुभ मुहूर्त और खास समय ने बना दिया विशेष

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के चुनावी रण में धीरे-धीरे गरमाहट बढ़ती जा रही है। पहले चरण के लिए नमांकन के लिए अंतिम दिन 25 तो दूसरे चरण के लिए 29 अक्टूबर है। दोनों चरणों के लिए नामांकन प्रकिया शुरू हो चुकी है। राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी हर दिन एक-एक कर नामांकन कर रहे हैं। माना जाता है कि कोई भी अच्छा काम करने से पहले शुभ मुहूर्त और शुभ समय का होना जरूरी है। कई लोग इसे मानते भी हैं। चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी भी इससे अछूते नहीं हैं। वे भी शुभ मुहूर्त और शुभ समय के हिसाब से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार गुरुवार का दिन कुछ खास माना गया है। नतीजतन चुनावी रण में 24 अक्टूबर गुरुवार के दिन को खास बना दिया है। इसलिए झामुमो-भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों ने संभवतः 24 अक्टूबर को नामांकन के लिए चुना है। राज्य के राजनीतिक क्षेत्र के कई चर्चित चेहरे इस दिन नामंकन करेंगे। राजधानी से लेकर जिलों में तक इसकी तैयारी चल रही है।

**दोनों गठबंधन में रहेगी नामांकन की धूमः** राज्य में मुख्य रूप से एनडीए और इंडी गठबंधन के बीच मुकाबला माना जा रहा है। एनडीए में भाजपा, आजसू और जदयू है, तो इंडी में झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले है। दोनों ओर के प्रत्याशी गुरुवार को नामांकन कर रहे हैं। इनमें भाजपा के सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, सुदर्शन भगत, आजसू से लंबोदर महतो, जदयू के सरयू राय, तो झामुमो से हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, महुआ माजी, रविंद्र नाथ महतो, कांग्रेस के रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, अनूप सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह समेत अन्य प्रत्याशी गुरुवार को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन करेंगे।

**गुरु और शनि का महासंयोग है 23 नवंबर :** ज्योतिषों का कहना है चुनावी आकलन में बहुत सारी चीजों को देखा जाता है। चुनाव की घोषणा का दिन, समय, अधिसूचना की तिथि, मतदान और मतगणना की तिथि आदि शामिल हैं। इसके आकलन के साथ ही प्रत्याशियों की राशि, नक्षत्र आदि का आकलन होता है। इस आधार पर शुभ दिन का चयन किया जाता है। यह कहना मुश्किल है कि किस प्रत्याशी ने पंडित और ज्योतिष की सलाह पर 24 अक्टूबर को नामांकन के लिए चुना है। यह तय कि शुभ कार्य के लिए गुरुवार का दिन बहुत अच्छा है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि 23 नवंबर गुरु और शनि का महासंयोग है। कई राशियों के सिर पर ताज होगा, तो कई इस चुनाव में अपनी अंतिम पारी खेलेंगे। इसलिए नामांकन शुभ दिन करना चाहिए। जब गुरु ग्रह (बृहस्पति) पुष्य नक्षत्र में होता है, तब गुरु पुष्य योग बनता है। इससे सफलता की संभावना बढ़ेगी।


हेमंत सोरेन


कल्पना सोरेन


सीपी सिंह


सनी टोप्पो


मीरा मुंडा


पूर्णिमा दास साहू

### कौन-कौन कर रहा नामांकन

- **भाजपा:** कोडरमा से प्रत्याशी नीरा यादव, चंदनक्यारी से अमर बाउरी, हजारीबाग से प्रदीप साहू, चाइबासा से गीता बलमुचू, चक्रघरपुर से शशिभूषण सामड, तोरपा से कोचे मुंडा, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा, खूंटी से नीलकंठ सिंह मुंडा, मांडर से सनी टोप्पो, सिसई से अरुण उरांव, सिमडेगा से श्रद्धानंद बेसरा, कोलेबिरा से सुजान जोजो, डालटनगंज से आलोक चौरसिया, विश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, छतरपुर से पुष्पा देवी, बड़कागांव से रोशनलाल चौधरी, सरायकेला से चंपाई सोरेन, खरसावां से सोनाराम बोदरा, सिमरिया से उज्जवल दास, भवनाथपुर से भानू प्रताप शाही, बरकट्ठा से अमित कुमार यादव, बरही से मनोज यादव, मझगांव से बड़कुंवर गागराई, गुमला से सुर्दशन भगत, रांची से सीपी सिंह, हटिया से नवीन जायसवाल, कांके से जीतू चरण राम, पोटका से मीरा मुंडा, बहरागोड़ा से दिनेशानंद गोस्वामी, घाटशिला से बाबूलाल सोरेन, लातेहार से प्रकाश राम और जमशेदपुर (पूर्वी) से प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू।
- **झामुमो:** बरहेट से प्रत्याशी सीएम हेमंत सोरेन, गांडेय से कल्पना सोरेन, नाला से रविंद्रनाथ महतो, टुंडी से मथुरा प्रसाद महतो, शिकारीपाड़ा से झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन और रांची से प्रत्याशी महुआ माजी।
- **कांग्रेस:** लोहदगा से प्रत्याशी रामेश्वर उरांव, हटिया से अजयनाथ शाहदेव, जमशेदपुर (पश्चिमी) से बन्ना गुप्ता, महगामा से दीपिका पांडे सिंह, मांडर से शिल्पा नेहा तिर्की, हजारीबाग से मुन्ना सिंह, बड़कागांव से अंबा प्रसाद, जमशेदपुर (पूर्वी) से अजय कुमार, सिमडेगा से भूषण बाड़ा, कोलेबिरा से नमन विकशल कोंगाड़ी, मणिका से रामचंद्र सिंह, जामताड़ा से इरफान अंसारी, जरमुंडी से बादल पत्रलेख, बेरमो से कुमार जयमंगल (अनुप सिंह), झरिया से पूर्णिमा नीरज सिंह और खिजरी से प्रत्याशी राजेश कश्चप।
- **आजसू:** गोमिया से प्रत्याशी लंबोदर महतो और जुगसलाई से रामचंद्र सहिस।
- **जदयू :** जमशेदपुर (पश्चिमी) से प्रत्याशी सरयू राय।

# आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार गिराने में पांच साल लगी रही भाजपा : हेमंत सोरेन

चाइबासा में चुनावी सभा में भाजपा पर साधा निशाना, तो सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आज राज्य और केंद्र सरकार के बीच में चुनावी जंग का बिगुल फूंका जा चुका है। एक तरफ भाजपा की सरकार और दूसरी तरफ झामुमो और महागठबंधन की सरकार है। एक तरफ पूंजीपतियों की सरकार है, तो दूसरी तरफ आदिवासी, दलित, पिछड़ा, गरीब-गुरवा किसान और मजदूरों की सरकार है। इस आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार को गिराने के लिए भाजपा पांच साल तक लगी रही। पूरी मेहनत करती रही, लेकिन गिरा नहीं सकी। जेल तक जाना पड़ा, लेकिन सरकार नहीं गिरी। आज ये लोग (भाजपा) फिर से प्रयास में हैं। इसके लिए पूरे देश की ताकत लगी हुई है। लगभग एक दर्जन मुख्यमंत्री यहां पर हमारे विरोध में खड़े हैं। देश के प्रधानमंत्री भी हमारे विरोध में खड़े है। मुख्यमंत्री बुधवार को चाइबासा में झामुमो प्रत्याशी दीपक बिरुवा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने जहां केंद्र और भाजपा सरकार पर निशाना साधा, वहीं अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी गिनाया।

**विकास का काम देख कर विपक्ष के पेट में दर्द हो रहाः** हेमंत ने कहा कि डबल इंजन की सरकार इस राज्य में जब थी, तक चारों तरफ लाठी-गोली, सांप्रदायिक दंगे और तरह-तरह के अत्याचार हो रहे थे। लोगों का भूख से मरना जारी था। बेरोजगारों का पहाड़ खड़ा करना यही सब चलता रहा। हम लोगों कि सरकार बनने के बाद काम करना शुरू किया। अपना हक अधिकार मांगना शुरू किया। लोगों तक लाभ पहुंचाना शुरू किया। तो यह देखकर हमारे विपक्ष के लोगों का पेट में दर्द हो गया। दो साल साल तक हमको काफी परेशान किया। हम लोग इस जल, जंगल और जमीन के मालिक हैं। हम लोग यहां के खतियान धारी लोग हैं। हमें जमीन का घोटाला करने वाला बताते हैं। झूठा आरोप लगाया और झूठा आरोप से हमको जेल में भी डाल दिया था। खैर हम उससे घबराते नहीं।



### हेमंत सोरेन ने उपलब्धियों को गिनाया

हेमंत ने कहा कि मेरा संकल्प है, पांच साल हम फिर से सरकार बनायेंगे तो महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगों का बिजली का बिल माफ हुआ। 200 यूनिट बिजली भी फ्री कर दिया। हमने विकास के साथ सामाजिक व्यवस्था को भी मजबूत करने का कम किया है। मानकी, मुंडा, डाकुवा की सम्मान राशि बढ़ाकर हमने दो गुणा करने का काम किया है। हमारी सरकार एक महीना और चलती, लेकिन समय से चुनाव करा दिया गया। पहली बार झारखंड में ऐसा हो रहा है। क्योंकि इन लोगों ने कराया है। अगर हम एक महीना और रहते तो आप लोगों के लिए इतना काम करते कि भाजपा का झंडा ढोने वाला भी नहीं मिलता।

### डरे नहीं, तो नेताओं को चुराने लगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार हमें डराने की कोशिश हुई। हमको डरा तो नहीं सके, लेकिन हमारे कुछ नेता लोग को चुरा कर ले जाने का काम जरूर भाजपा ने किया है। पैसे से खरीदने का कम किया है। ध्यान रखियेगा। अब इन्हीं नेताओं की बदौलत आपके बीच में वोट मांगने आयेंगे। आज आपके सामने हम लोग वोट मांगने फिर से आये हैं और अधिकार के साथ आये हैं। वह इसलिए अधिकार है, क्योंकि हम लोगों ने काम किया है। आज इस राज्य की महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने का जिम्मा हमने उठाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को गरीबी हटाने का फामूर्ला में गरीबों का जान ले लो, यही है।

## न्यूज रील्स

### झामुमो ने रांची से महुआ माजी को उतारा

रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो ने विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपनी दूसरी सूची जारी की। इसमें एकमात्र नाम सांसद महुआ माजी का है। उन्हें रांची विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पिछले चुनाव (2019) में भी झामुमो ने उन्हें उम्मीदवार बनाया था, जिसमें वे भाजपा के उम्मीदवार सीपी सिंह से हार गयी थीं। इस बार फिर उनका मुकाबला भाजपा के सीपी सिंह से ही होगा।

### झामुमो की तीसरी लिस्ट में चमरा, सुखराम, स्नेहलता, योगेंद्र और जिगा को टिकट

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बुधवार को ही अपनी तीसरी लिस्ट जारी की। अब तक कुल 40 प्रत्याशियों की सूची जारी हो चुकी है। अब केवल एक सीट पर ही प्रत्याशी का नाम घोषित होना बाकी है। इसमें पार्टी ने चमरा लिंडा को बिशुनपुर से तो जिगा सुसारण होरो को सिसई से प्रत्याशी बनाया है। चक्रधरपुर से पुनः सुखराम उरांव को तो खूंटी से स्नेहलता कंडुलना को टिकट दिया गया है। गोमिया से योगेंद्र प्रसाद को पार्टी ने मैदान में उतारा है। योगेंद्र प्रसाद फिलहाल झारखंड पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष हैं। इनका मुकाबला आजसू पार्टी के सीटिंग विधायक लंबोदर महतो से होगा। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 41 सीट अपने पास रखी है। सीता सोरेन की सीट जामा अभी होल्ड में जबकि लुइस मरांडी के शामिल होने के बाद जामा सीट से लुइस मरांडी को उतारने की तैयारी है। लेकिन अभी तक इस सीट को होल्ड पर रखा गया है।

### थिएटर कमांड पर आर्मी चीफ ने किया खुलासा

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तीनों सेनाओं की इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड बनाये जाने को लेकर पहला आधिकारिक अपडेट दिया है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह योजना 'मैच्योर' स्टेज में पहुंच गयी है। जल्द ही इस पर फैसला लेने के लिए इसे सरकार के सामने रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि सैन्य सुधारों के तहत सेना के तीनों अंगों- थलसेना, वायुसेना और नौसेना को मिलाकर एकीकृत थिएटर कमांड बनाये जाने की योजना है।

# सरकार बनते ही हुसैनाबाद का नाम बदल कर जिला बनाऊंगा : हिमंता

असम के मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने नामांकन कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश सह चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि आज झारखंड की हालत ठीक नहीं है। यहां की डेमोग्राफी हर दिन बदल रही है। संताल में हर दिन हिंदुओ की आबादी घट रही है। एक विशेष समुदाय का लगातार बढ़ रहा है,जो चिंता का विषय है। प्रदेश में भाजपा का सरकार बनते ही एनआरसी लागू कर घुसपैठियों को भगाने का कार्य किया जायेगा। हिमंता बुधवार को हुसैनाबाद में पार्टी प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के नामांकन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने हुसैनाबाद के नाम को लेकर भी टिप्पणी की और कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो हुसैनाबाद का नाम परिवर्तित कर जिला बनाऊंगा।

**हुसैनाबाद का नाम, रामकृष्ण के नाम पर होगाः** बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड बिरसा मुंडा और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों का प्रदेश है। यहां के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों का नामकरण यहां के वीर सपूतों के नाम पर होना चाहिए। इस विधानसभा क्षेत्र का नाम हुसैनाबाद कैसे है, समझ से परे है। उन्होंने भाजपा की सरकार बनी तो पहले कैबिनेट में हुसैनाबाद को जिला बनाया जायेगा। इसके नाम को बदल दिया जायेगा। हुसैनाबाद का नाम रामकृष्ण या वीरों के नाम पर होगा।



### सरकार बनी तो एनआरसी लागू होगा

सरमा ने कहा असम की तरह झारखंड में भी डेमोग्राफी बदलने की साजिश है। झारखंड में सरकार बनी तो लागू होगा एनआरसी। साथ ही घुसपैठियों को कानून के माध्यम से लात मार कर बाहर किया जायेगा। हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह चुनाव घुसपैठियों को बाहर करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि हम 'हम दो हमारे दो' की बात करते हैं और दूसरे लोग 'हम 10 हमारे 10' की बात करते हैं। असम में उन्होंने मदरसा को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार बनी तो पहले कैबिनेट में डेढ़ लाख युवाओं को नौकरी दी जायेगी।

# घुसपैठियों की धर्मशाला बना दिया हेमंत सरकार ने : शिवराज

एनडीए प्रत्याशी की नामांकन सभा में गरजे केंद्रीय मंत्री

अजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** केंद्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि एनडीए की सरकार झारखंड में बनते ही परीक्षा का पेपर लीक करने वालों को जेल भेजेंगे, पहली कैबिनेट बैठक में सरकारी भर्ती का फैसला लेंगे। महिलाओं को पहले महीने से ही 2100 रुपये देंगे। त्योहार में दो गैस सिलिंडर फ्री देंगे। मकान बनाने के लिए बालू फ्री कर देंगे। स्नातक और स्नातकोतर विद्यार्थियों को नौकरी मिलने तक दो हजार रुपये देंगे। केंद्रीय मंत्री बुधवार को गढ़वा में एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी की नामांकन सभा में बोल रहे थे।

**पिता की कसम खाकर भी वादा पूरा नहीं कियाः** चौहान ने कहा कि हेमंत सरकार युवाओं की नौकरी, मनरेगा की राशि खा गयी। पिछले चुनाव में हेमंत सोरेन ने अपने पिता की कसम खाकर जो वादा किया था, उसे पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने महिलाओं को चूल्हा खर्च आज तक नहीं दिया। हेमंत सरकार में राज्य में दुष्कर्म की 7400 घटना घटी। बेटियां काट कर फेंकी जा रही हैं। यह राज्य बंग्लादेशी घुसपैठी का गढ़ बनता जा रहा है। हत्याएं, लूट व डकैती की लगातार घटनाएं घट रही हैं। झारखंड को संवारने, धरती को बचाने, गरीबों को रोटी देने, बेटियों को बचाने और युवाओं को रोजगार देने के लिए एनडीए की सरकार अत्यंत आवश्यक है।



### घोटाला करने वालों को जेल भेजा जायेगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभा के इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर की लंका जलाकर राख कर देंगे। हेमंत सरकार ने झारखंड को बांग्लादेशी घुसपैठियों की धर्मशाला बनाकर रखा है। केंद्र की सरकार राज्य के विकास के लिए भरपूर मात्रा में पैसा दे रही है। लेकिन सभी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही है। भाजपा की सरकार बनने के साथ ही राज्य में हुए सभी तरह के घोटालों के आरोपियों को जेल भेजा जायेगा।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,200 रु./10 ग्राम
चांदी 100,000 रु./प्रति किलो



# पीढ़ियों के अवसान-उदय का गवाह बनेगा झारखंड का चुनाव

## ■ इस बार के चुनावी मैदान में पहली बार उतरने वाले प्रत्याशियों की संख्या बढ़ी

## ■ प्रदेश के कई राजनीतिक परिवारों की विरासत के विस्तार की है पूरी संभावना

आजाद सिपाही विशेष

**भारतीय लोकतंत्र का चुनावी इतिहास हमेशा से रोमांचक संघर्षों का गवाह रहा है, लेकिन इसके अलावा एक और बात, जो भारत के चुनावों ने कई बार प्रमाणित की है, वह है इसकी अनिश्चितता और मतदाताओं की निर्णय क्षमता। हर चुनाव भारत की लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता आया है, नये किस्से, नये समीकरण और नयी सियासी परिस्थितियों का निर्माण करता रहा है। चुनावों में कई नेता खोते रहे हैं, तो कई नये नेताओं के अभ्युदय का गवाह भी चुनावी मैदान बने हैं। लेकिन ऐसा बहुत कम बार हुआ है कि कोई चुनाव पीढ़ियों के बदलाव का गवाह बने। झारखंड में इस बार का चुनाव ऐसा ही कुछ है, जिसमें पुरानी पीढ़ी के मुकाबले और नयी पीढ़ी के उदय होने के साफ संकेत मिल रहे हैं। राज्य में चुनावी मुकाबले की जो तस्वीर तैयार हो रही है, उससे साफ है कि इस बार मुकाबले में पुरानी पीढ़ी के नेता कम ही दिखेंगे और युवा या पहली बार चुनाव लड़नेवाले नेताओं की क्षमता की अग्निपरीक्षा होगी। झारखंड के चुनावी रण में उतरनेवाले हरेक दल ने इस बार अपने बुजुर्ग नेताओं की अपेक्षा युवाओं को तरजीह दी है। इस चुनाव की एक खास बात यह भी है कि इस बार पहली बार चुनाव लड़नेवाले उम्मीदवारों की संख्या भी अच्छी-खासी है। पहली बार चुनाव मैदान में उतरनेवाले कई प्रत्याशी ऐसे हैं, जो अपने परिवार की विरासत का विस्तार करने के साथ अपनी राजनीतिक पहचान भी स्थापित करेंगे। इससे झारखंड की राजनीतिक परंपरा में नया अध्याय शुरू होगा, जो ढाई दशक पुराने इस राज्य के विकास के लिए लाभदायक होगा। राजनीति में परिवारवाद से इतर यह नया राजनीतिक प्रयोग कितना कारगर होगा और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भारतीय राजनीति में 1974 के छात्र आंदोलन को बड़ा टर्निंग प्वाइंट माना जाता है। उस आंदोलन की खास बात यह थी कि वह राजनीति में पीढ़ियों के बदलाव का गवाह बना था। जेपी आंदोलन के नाम से मशहूर उस आंदोलन के बाद पहली बार लागू की गयी इमरजेंसी और बाद में गैर-कांग्रेसी दलों का उदय भी उसी आंदोलन का परिणाम माना जाता है। उस आंदोलन के पांच दशक बाद आज जब झारखंड में विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं, तो एक बार फिर पीढ़ियों के बदलाव का नजारा सामने दिख रहा है। जेपी आंदोलन ने बिहार से देश को नया संदेश दिया था, तो क्या इस बार झारखंड के चुनाव में वही इतिहास दोहराया जायेगा। अभी यह कहना जल्दबाजी होगी, लेकिन एक बात तय है कि झारखंड की धरती इस बार युवा नेतृत्व के उदय और पुरानी पीढ़ी के अवसान की गवाह जरूर बनेगी।

यह बात इसलिए भी पक्की है, क्योंकि झारखंड में इस बार चुनाव मैदान में उतरनेवाले युवाओं की संख्या पहले की अपेक्षा बहुत अधिक है। पहली बार चुनाव मैदान में उतरनेवाले इन नेताओं की अग्नि परीक्षा इस बार होगी, जिन्होंने अलग किस्म की परिस्थितियों में अपनी राजनीति शुरू की है। इन युवा और नये चेहरों को चुनाव मैदान में उतारने में कोई भी दल पीछे नहीं है। भाजपा ने सबसे अधिक 21 ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया है, जो पहली बार चुनाव मैदान में उतर रहे हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे भी हैं, जो सियासत में अपने परिवार की विरासत का विस्तार करेंगे, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं, जिन्होंने सियासत की राह पकड़ी है। झामुमो ने भी कम से कम पांच ऐसे प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है, जो पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पार्टी के दो सांसदों के पुत्र भी शामिल हैं। कांग्रेस और राजद ने भी नये चेहरों पर भरोसा जताया है।

झारखंड के चुनाव में इस बार कई पुराने चेहरे नहीं दिखेंगे। इनमें से सबसे प्रमुख नाम शिबू सोरेन का है, जो उम्र संबंधी समस्याओं के कारण राजनीतिक नेपथ्य में हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और अर्जुन मुंडा भी सीधे तौर पर चुनाव मैदान में नहीं हैं, बल्कि उनके परिजन प्रत्याशी के तौर पर जनता की अदालत में हैं। इसके अलावा जगन्नाथ महतो, हाजी हुसैन अंसारी और राजेंद्र प्रसाद सिंह सरीखे राजनीति के दिग्गज अब हमारे बीच नहीं हैं। इन सबकी कमी जरूर खलेगी। इन सभी नेताओं में एक बात समान रूप से लागू होती है कि इन सभी ने सुदूर गांव और कमजोर आर्थिक पृष्ठभूमि से निकल कर सत्ता के शिखर तक की यात्रा तय कर मिसाल भी कायम की।



झारखंड के आसन्न चुनाव में इस बार इन युवा नेताओं की खूब चर्चा है। इन युवाओं या यों कहें, नये चेहरों के साथ भी एक बात समान रूप से लागू होती है कि इन्होंने उन परिस्थितियों का सामना कभी नहीं किया, जो उन पुराने नेताओं ने किया था। इन नये चेहरों में से कुछ सन्नी टोप्पो (मांडर से भाजपा प्रत्याशी) जैसे भी हैं, जिन्होंने पार्टी के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया, तो कुछ पूर्णिमा दास साहू (जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी), मीरा मुंडा (पोटका से भाजपा प्रत्याशी), आलोक सोरेन (शिकारीपाड़ा से झामुमो प्रत्याशी) और जगत मांझी (मनोहरपुर से झामुमो प्रत्याशी) जैसे भी हैं, जो अपने परिवार की राजनीतिक विरासत का विस्तार करने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। इन सभी में एक समानता यह भी है कि सियासत का सफर न तो इन्होंने गांव से शुरू किया और न आर्थिक तंगी में रहते। ये युवा चेहरे जिन रघुवर दास, नलिन सोरेन और जोबा मांझी की विरासत के विस्तार के लिए राजनीति के मैदान में उतरे हैं, वे बहुत साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आये और सियासत की बुलंदियों तक पहुंचे। वैचारिक प्रतिबद्धता और बदलाव की सामाजिक चाहत ने उनकी राह आसान की। इसलिए इनके उत्तराधिकारी बने इन नये चेहरों की राह साधन संपन्नता और मजबूत सियासी संरचना के बावजूद आसान नहीं है।

इन युवा नेताओं के अलावा कई कई नेता ऐसे भी हैं, जिन्होंने अपने रिश्तेदारों के जरिये भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के लिए कमर कसी है। यह सभी दलों में हो रहा है। चाहे भाजपा हो या झामुमो, कांग्रेस हो या राजद, सभी पार्टियों में पत्नी, पुत्र-पुत्री या पुत्रवधुओं को टिकट मिला है।

जहां तक झारखंड की बात है, तो नये चेहरों के चुनाव मैदान में उतरने का सकारात्मक प्रभाव पड़ना स्वाभाविक जान पड़ता है। यदि युवा चेहरे राजनीति के मैदान में सक्रिय होते हैं, तो इसका पहला असर तो यह होगा कि राजनीति के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा। इससे नयी सोच और नये प्रयोगों के लिए जो उत्साह पैदा होगा, उसका सीधा असर झारखंड के विकास पर पड़ेगा। आंध्रप्रदेश में 1995 में जब पहली बार चंद्रबाबू नायडू ने सत्ता संभाली थी, तो कुछ ऐसा ही माहौल था, क्योंकि उस बार वहां की विधानसभा में करीब 30 फीसदी सदस्य पहली बार चुन कर आये थे। झारखंड का राजनीतिक इतिहास तो अभी महज ढाई दशक का है, इसलिए उसके सामने अवसरों का पहाड़ मौजूद है और ये युवा चेहरे यदि चुने गये, तो इनके नेतृत्व में राज्य जरूर तेजी से आगे बढ़ेगा।

इतनी बड़ी संख्या में युवा नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से ही साफ हो जाता है कि झारखंड का यह चुनाव दो पीढ़ियों के बीच विरासत के हस्तांतरण का गवाह जरूर बनेगा। लेकिन भारतीय मतदाताओं ने वंशवाद की इस परंपरा को बहुत अधिक पसंद नहीं किया है। इसके बावजूद यदि राजनीतिक दल झारखंड में इसे जारी रखे हुए हैं, तो कुछ तो बात जरूर होगी।

# बहरागोड़ा विस क्षेत्र : लगातार चौथी जीत को झामुमो बेकरार, तो भाजपा को तीसरी दफा जीत की दरकार

## झामुमो को समीर मोहंति और भाजपा को डॉ दिनेशानंद गोस्वामी पर भरोसा

अरुण सिंह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा ने समीर मोहंति पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए अपना प्रत्याशी बनाया है, तो भारतीय जनता पार्टी ने डॉ दिनेशानंद गोस्वामी को अपने उम्मीदवार के तौर पर चुनावी रण में उतारा है। बहरागोड़ा सीट पर दलीय -निर्दलीय चाहे जितने भी कैंडिडेट्स नामांकन कर चुनाव मैदान में होंगे, किंतु मुख्य मुकाबला मौजूदा विधायक एवं झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंति एवं भाजपा प्रत्याशी डॉ गोस्वामी के बीच होता दिख रहा है।

समीर के समक्ष पार्टी के पक्ष में लगातार चौथी बार परिणाम देने की चुनौती है, तो डॉ गोस्वामी के कंधे पर पार्टी को एक बार नये सिरे से सीट दिलाने की जिम्मेदारी है। डॉ गोस्वामी 2014 में यहां से पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। तब उन्हें दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। भाजपा के तत्कालीन उम्मीदवार डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी वर्ष 2000 एवं 2004 में इस सीट से चुनाव जीतकर विधायक और मिनिस्टर रह चुके थे। उनके पहले या बाद में भाजपा यहां काबिज नहीं हो सकी है। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में डॉ षाड़ंगी को हराकर विद्युत वरण महतो ने पहली बार इस सीट को झामुमो की झोली में डाला था। 2014 में कुणाल षाड़ंगी और 2019 में समीर मोहंति के सहारे यह सीट झामुमो के पास बरकरार है। बता



दें कि 2014 में विद्युत वरण महतो भाजपा में शामिल होकर सांसद बने और विस चुनाव झामुमो के टिकट पर कुणाल षाड़ंगी लड़कर जीते थे। 2019 में कुणाल षाड़ंगी भाजपा में जाकर उसके टिकट से मैदान में उतरे थे। तब झामुमो ने समीर मोहंति को मैदान में उतारा। कुल मिलाकर, झामुमो ने लगातार तीन बार से यह सीट जीती है, लेकिन तीनों बार कैंडिडेट बदल गये थे। इस तरह से बहरागोड़ा में खोयी हुई प्रतिष्ठा को वापस लाने का दारोमदार भाजपा ने डॉ गोस्वामी को दिया है, तो जीत को बरकरार रखने की जिम्मेदारी झामुमो ने एक बार पुनः समीर मोहंति को सौंपा है।

बहरागोड़ा में झामुमो के चुनावी इतिहास को याद करें तो 1985 से चुनावी सफर शुरू हुआ था। लगातार पांच हार के बाद वर्ष 2009 से वर्ष 2019 तक जीत की हैट्रिक लगायी और इस विधान क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बादशाहत कायम हुई। लगभग 3500 मतों से शुरू चुनावी सफर वर्ष 2019 में 106017 मतों तक



पहुंचा। पार्टी के उम्मीदवार समीर कुमार मोहंति रिकॉर्ड 60565 वोट से जीत कर विधायक बने। विधानसभा चुनाव 2024 में झामुमो के समक्ष जीत का चौका लगाने की बड़ी चुनौती है।

1985 में पार्टी ने इस विधानसभा क्षेत्र में चाकुलिया प्रखंड के सनघाटी गांव के ज्ञान रंजन महतो को अपना उम्मीदवार बनाया। उस चुनाव में ज्ञानरंजन महतो को लगभग साढ़े तीन हजार मत मिले थे। 1990 में पार्टी ने पश्चिमी सिंहभूम के गम्हरिया निवासी रतीलाल महतो को अपना उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में रतीलाल महतो को 14072 मत प्राप्त हुए थे। 1995 के चुनाव में पार्टी ने चाकुलिया प्रखंड के धोड़शोल गांव निवासी झारखंड आंदोलनकारी हरिशंकर महतो को अपना उम्मीदवार बनाया। हरिशंकर महतो को लगभग 29000 मत मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2000 के चुनाव के चंद दिनों पूर्व इस विधानसभा क्षेत्र में विद्युत वरण महतो की एंट्री हुई। झामुमो ने विद्युत वरण महतो को अपना उम्मीदवार बनाया। उन्हें 28885 मत मिले और वे दूसरे स्थान पर रहे। 2005 के चुनाव में भी झामुमो ने विद्युत वरण महतो को उम्मीदवार घोषित किया। इस चुनाव में उन्हें 48441 मत मिले। वे दूसरे स्थान पर रहे। 2009 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने तीसरी बार विद्युत वरण महतो को अपना उम्मीदवार बनाया। इस चुनाव में विद्युत वरण महतो को 59228 मत प्राप्त हुए और डॉ दिनेश कुमार षाड़ंगी को 17154 मतों से पराजित कर विधायक बने। यहीं से झामुमो की जीत का सफर शुरू हुआ। 2014 के चुनाव में झामुमो ने कुणाल षाड़ंगी को अपना उम्मीदवार घोषित किया। कुणाल षाड़ंगी को 57973 मत मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी को 15355 मतों से पराजित किया। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो ने समीर कुमार मोहंती को अपना उम्मीदवार बनाया। समीर कुमार मोहंती को 106017 मत मिले। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के कुणाल षाड़ंगी को रिकॉर्ड 60565 मतों से पराजित किया। इस तरह झामुमो ने जीत की हैट्रिक लगायी। अब विधानसभा चुनाव 2024 की डुगडुगी बज गयी है। देखने वाली बात यह होगी कि क्या झारखंड मुक्ति मोर्चा इस चुनाव में जीत का चौका लगाने में कामयाब होता है या नहीं?

# तेज-तेजस्वी के साथ इंडिया गठबंधन का प्रचार करेंगे लालू

**राजद ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों को सूची**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** बुधवार को प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि झारखंड प्रदेश विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए राष्ट्रीय जनता दल ने 40 स्टार प्रचारक की सूची जारी कर मुख्य चुनाव आयोग को सूचनार्थ भेजा है और प्रचार प्रसार के लिए अनुमति कार्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। कैलाश यादव ने बताया कि राजद झारखंड में काफी मजबूती से चुनाव लड़ रहा है और राजद का दावा है कि सभी



उम्मीदवार प्रचंड वोटो से जीत दर्ज करेंगे । स्टार प्रचारक की सूची इस प्रकार है :- 1.लालू प्रसाद यादव 2. तेजस्वी प्र यादव 3.अब्दुल बारी सिद्दीकी 4. मो.अली अशरफ फातमी 5.तेजप्रताप यादव 6.डॉ.रामानंद यादव 7.जयप्रकाश नारायण यादव 8.भोला यादव 9.ललित कु यादव 10.प्रो.चंद्रशेखर 11.अर्जुन राय 12. रितु जायसवाल 13.आलोक कु मेहता 14.भूदेव चौधरी 15.डॉ रामचंद्र पूर्वे 16.अभय कुशवाहा 17.शिवचंद्र राम 18.जितेंद्र कु राय 19.संजय कु गुप्ता 20.कांति सिंह 21.जावेद इकबाल अंसारी 22.उदय नारायण चौधरी 23.स्वीटी सीमा हेंब्रम 24.तनवीर हसन 25.फैयाज अहमद 26.कारी सोहेब 27.शक्ति सिंह यादव 28.समीर कु महासेठ 29.मो.महबूब अली कैंसर 30.सत्यानंद भोक्ता 31.गौतम सागर राणा 32.अभय सिंह 33.रंजन कु यादव 34.गिरधारी गोप 35.अनीता यादव 36.जमीरुद्दीन अंसारी 37.कुमार सर्वजीत 38.ममता भुइयां 39.आबिद अली 40.रानी कुमारी । उन्होंने आगे कहा कि सभी 40 स्टार प्रचारक की सूची के अनुसार प्रचार प्रसार के लिए चुनाव आयोग द्वारा अनुमति कार्ड निर्गत किया जायेगा।

## लिट्टीपाड़ा से टिकट काटे जाने पर बिफरे दिनेश विलियम मरांडी

# हेमलाल मुर्मू से बताया पार्टी को खतरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने लिट्टीपाड़ा विधानसभा सीट से सीटिंग विधायक दिनेश विलियम मरांडी का टिकट काट दिया है। उनकी जगह हेमलाल मुर्मू को कैंडिडेट बनाया गया है। दिनेश मरांडी ने इस निर्णय पर आक्रोश जताया है। साथ ही इस फैसले से पार्टी को नुकसान होने की संभावना भी जतायी है।

उम्मीदवारों के नाम की पहली सूची झामुमो ने मंगलवार को जारी की है। इसमें 35 उम्मीदवारों के नाम हैं। लिस्ट में लिट्टीपाड़ा से दिनेश विलियम मरांडी का टिकट काटकर हेमलाल मुर्मू को टिकट दिये जाने से दिनेश मरांडी नाराज हो चुके हैं। उन्होंने कहा है कि मुझे टिकट देने का आश्वासन दिया



गया था।

इसके बावजूद भी टिकट काट दिया गया। वे पार्टी लीडर हेमंत सोरेन और दूसरों से जानना चाहते हैं कि आखिर उनका टिकट आखिर क्यों काटा गया। पिता साइमन मरांडी गुरुजी शिबू सोरेन को राजनीति में लेकर आये थे। दिनेश के मुताबिक, वे नहीं जानते कि ऐसी क्या बात हो गयी कि उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

सवाल करते कहा कि शिबू सोरेन का परिवार चार सीटों पर चुनाव लड़ेगा और साइमन मरांडी का परिवार एक में भी नहीं लडेगा? उन्होंने कहा कि दिनेश मरांडी किसी से डरने वाला नहीं है। हम हेमंत सोरेन के परिवार को अपना परिवार मानते हैं। वे पार्टी के लिए हमेशा खड़े रहे हैं।

इसका उन्हें यही सिला मिला कि टिकट काट दिया गया। टिकट देते समय उनसे कोई बातचीत नहीं हुई है। उनके माता-पिता नहीं हैं, इसलिए उन्हें टॉर्चर किया जा रहा है। हेमलाल मुर्मू झारखंड मुक्ति मोर्चा को बर्बाद कर देंगे। पार्टी को गंभीरता से विचार करना चाहिए था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 19.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.16 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.49 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



## अटल सभागार में की प्रेस वार्ता, किया दावा

# रांची की सभी विधानसभा सीटों पर जीतेगा एनडीए : संजय सेठ

**रांची से हेमंत भी लड़ें तो फर्क नहीं पड़ता : विधायक**

**रांची में एक लाख से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठियों की खबर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सांसद और केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने दावा करते हुए है कि वर्तमान राज्य सरकार से त्रस्त यहां की जनता विधानसभा चुनाव में बदलाव को तैयार है। उन्हें पूरा भरोसा है कि रांची लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सभी 6 विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशी जीतेंगे। परिणाम 6-0 रहेगा। मोहन कॉम्प्लेक्स स्थित अटल सभागार में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते उन्होंने कहा कि रांची, कांके, हटिया, खिजरी, सिल्ली और ईचागढ़ की सीट पर परिणाम एनडीए के फेवर में ही होगा। कोई ऐसा वर्ग नहीं है जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं है। यहां तक कि पत्रकारों से भी स्वास्थ्य बीमा कराने के नाम पर ठगी की गयी है। एक सर्वे के अनुसार पिछले पांच साल में संथाल की कौन कहे, राजधानी रांची में एक लाख से अधिक बांग्लादेशी घुसपैठिए आ चुके हैं। सत्तारूढ दल के लिए ये वोट बैंक हैं जो रांची में बड़ी संख्या में आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में यहां भी बदलाव को जनता तैयार है। डबल इंजन की सरकार बनेगी और घुसपैठियों को बाहर किया जायेगा। मौके पर उन्होंने 24 अक्टूबर को विधायक नवीन जायसवाल, सीपी सिंह, पूर्व विधायक जीतू चरण राम के नामांकन दाखिल किये जाने के कार्यक्रम में समर्थकों से शामिल होने की अपील भी की। इस दौरान पूर्व सांसद अजय मारू, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल के अलावा खिजरी कैंडिडेट राम कुमार पाहन, कांके कैंडिडेट डॉ जीतू चरण राम, महानगर अध्यक्ष वरुण कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे।



### रांची से हेमंत सोरेन भी आयें तो फर्क नहीं : सीपी सिंह

सीपी सिंह ने मौके पर एक सवाल के जवाब में कहा कि महुआ माजी को झामुमो की ओर से रांची से कैंडिडेट बना दिये जाने से कोई फर्क नहीं पड़ना। यहां तक कि खुद सीएम हेमंत सोरेन भी लड़ते तो फर्क नहीं पड़ता। जीत के लिए कोई एक खास समीकरण ही काफी नहीं होता, अन्य भी कई फैक्टर होते हैं। नवीन जायसवाल ने पिछले पांच सालों में हटिया में बिजली, सड़क और दूसरे क्षेत्र के लिए काम किये जाने की जानकारी दी। साथ ही हटिया में भी बड़ी संख्या में घुसपैठियों द्वारा बस्ती बसा लिये जाने को लेकर चिंता जाहिर की। विस्थापितों की समस्या के समाधान के लिए आगे प्रयास किये जाने की बात कही। डॉ जीतू चरण राम और राम कुमार पाहन ने अपने पूर्व के कार्यकाल में किये गये प्रयासों की जानकारी दी तथा सरकार बदले जाने का भरोसा जताया।

## हेमंत सोरेन ने अपने ट्वीट से किया चुनावी माहौल गर्म, कहा-

# जेल का जवाब जीत से देंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चुनावी सरगर्मी बढ़ी हुई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष चुनावी रण में उतर चुका है। इसी बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक ट्वीट के जरिए विपक्षी टीम भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि जेल का जवाब जीत से। भाजपा की हर एक साजिश का मुंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। जीतेगा झारखंड! ट्वीट में उन्होंने जेल से निकलने के बाद हाथ में लगायी मुहर की तस्वीर भी साझा की है। अपने



जन्मदिन के अवसर पर भी हेमंत सोरेन ने हाथ में लगे कैदी वाले निशान की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। एक और ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि भाजपा द्वारा प्रायोजित मेरी जेल यात्रा के दौरान झारखंड की जनता ने जो समर्थन दिया, उसके लिए मैं सदा आभारी रहूंगा। बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इडी ने 31 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने पांच महीने जेल में बिताये। जिसके बाद से वह लगातार भाजपा पर आरोप लगाते आ रहे हैं कि षडयंत्र के तहत उन्होंने बेबुनियाद आरोप में फंसाकर जेल भेजा गया था। इस दौरान राज्य के विकास में बाधा पड़ी।

# हमें जल-जंगल-जमीन की लड़ाई को एकजुट होकर लड़ना होगा : कल्पना

## गांडेय के गांवों में पारंपरिक प्रधानों से लिया आशीर्वाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गांडेय।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा है कि आज झारखंड के लोगों को एकजुट होकर जल-जंगल-जमीन की लड़ाई लड़ने की जरूरत है। बुधवार को गांडेय विधानसभा क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जब बाहरी लोग हमारी अस्मिता पर प्रश्न चिह्न उठाते हैं और हमारे अधिकारों का हनन करने की कोशिश करते हैं, तब हमें एकजुट होकर अपने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई को और मजबूती से लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि आपके सहयोग और समर्थन से ही हम झारखंड की अस्मिता, संस्कृति और अधिकारों की रक्षा कर पायेंगे। यह लड़ाई हम सबकी है और इसमें जीत हमारी होगी।

इससे पहले कल्पना सोरेन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गांवों के पारंपरिक प्रधानों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने में हमारे पारंपरिक प्रधानों की भूमिका सदियों से महत्वपूर्ण रही है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा में आपका योगदान अतुलनीय है।



### गुरुजी और रूपी सोरेन से लिया आशीर्वाद



रांची। गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने बुधवार को पार्टी सुप्रीमो सह अपने श्वसुर शिबू सोरेन और सास रूपी सोरेन से मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। मौके पर उनके पति सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी उपस्थित थे। कल्पना सोरेन गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगी। मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कल्पना सोरेन ने लिखा, आगामी विधानसभा चुनाव के चुनावी रण में उतरने के पूर्व आदरणीय बाबा दिशोम गुरुजी और मां का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। झारखंडी हक और अधिकार की इस लड़ाई में, बाबा के दिखाये मार्ग पर चलते हुए हम सब मिलकर महागठबंधन की सरकार को, हेमंत जी के नेतृत्व में, एक बार फिर से बनायेंगे।

# झारखंड में सिर्फ लूट में जुटी रही हेमंत सरकार : डॉ सतीश चंद्र दुबे

**सत्येंद्रनाथ तिवारी के नामांकन में पहुंचे केंद्रीय मंत्री सतीश चंद दुबे, यूपी के विधायक भूपेश चौबे और सांसद वीडी राम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को जिला मुख्यालय गढ़वा स्थित रामासाहू उच्च विद्यालय के मैदान में एनडीए प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी के नामांकन सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री डॉ सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि हेमंत सरकार में जेल और बेल का खेल चलता रहा। इस सरकार को जनता से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं रहा। सिर्फ लूट व खसोट का काम में मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक लगे रहे। भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। झारखंड जब विकसित होगा तभी देश विकसित होगा। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य बिहार में एनडीए की सरकार चल रही है। विकास की गति वहां देखी जा सकती है।

**विकास के लिए भाजपा सरकार जरूरी : भूपेश चौबे :** उत्तर प्रदेश के राबर्टसगंज के विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चुनौती को भाजपा स्वीकार करती है। भाजपा की हरहाल में झारखंड में सरकार बन रही है। गरीबों को भोजन, बेटियों की सुरक्षा व सम्मान और झारखंड के विकास के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि गढ़वा में बड़े अंतर से चुनाव भाजपा जीत रही है। झारखंड अटल बिहारी वाजपेयी की देन है और भाजपा की संवारेगी। झामुमो, कांग्रेस व राजद राज्य को बर्बाद करने का काम किया है। राज्य में विधि-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। उग्रवाद व अपराध पनपने लगा है।

**मंत्री की सभी चालबाजी को जनता समझ रही : सत्येंद्रनाथ तिवारी :** प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर गढ़वा की जनता को बेवकूफ व कमजोर समझने का भूल कर रहे हैं। जनता इन्हें जवाब देने का मूड बना चुकी है। चुनाव के दौरान किये जा रहे मंत्री की सभी चालबाजी को जनता समझ रही है। मंत्री ने केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन के 870 करोड़ राशि घोटाला करने का काम किया। जिसकी केंद्रीय एजेंसी जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित व शोषितों का भविष्य सुधारने का काम भाजपा करेगी। वहीं हेमंत सरकार जिस तरह से तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है उसका जनता अवश्य जवाब देगी। कार्यक्रम को आजसू जिलाध्यक्ष, लोजपा जिलाध्यक्ष प्रभाकर सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष मानिक प्रसाद, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, गंगा लाल अग्रवाल, रविंद्र जायसवाल, पूर्व जिप सदस्य उमा देवी, अरविंद तूफानी, कन्हैया चौबे आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।



### हेमंत सरकार को जवाब देना होगा : विष्णुदयाल राम

पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि झूठ, फरेब व जनता को दिग्भ्रमित कर सत्ता में आयी हेमंत सरकार को जवाब देना होगा। केंद्रीय योजनाओं को धरातल पर उतारने में भी हेमंत सरकार विफल रही है। वर्ष 1993 से बंद पड़े मंडल डैम निर्माण के लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्माण कार्य शुरू करने के लिए दिये गये राशि का आठ माह गुजरने के बाद भी आज तक निर्माण कार्य हेमंत सरकार शुरू नहीं कर सकी है। मंडल डैम से गढ़वा, पलामू, लातेहार और बिहार राज्य के गया व औरंगाबाद के किसानों के काफी लाभा होता। हेमंत सरकार सिर्फ लूट व खसोट में पांच वर्ष गुजार दिया। उन्होंने लोगों से चुनाव में गलती नहीं करने की अपील की ताकि बाद में अफसोस नहीं करना पड़े।

# पूर्व मंत्री राजा पीटर ने तमाड़ सीट से किया नामांकन

**नामांकन के समय बिहार के कृषि मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे**

**समर्थकों का स्नेह देख कर फफक कर रोने लगे राजा पीटर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** तमाड़ के पूर्व विधायक और मंत्री राजा पीटर ने मां दिउडी मंदिर में पूजा-अर्चना कर बुधवार को नामांकन दाखिल किया। तमाड़ 58 अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से एनडीए गठबंधन के जदयू प्रत्याशी सह पूर्व विधायक गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के लिए भाजपा आजसू एवं जदयू पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर पद यात्रा भारत माता चौक ब्लॉक मोड़ से निकाल कर धुर्वा मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा और सुभाष चंद्र बोस एवं शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस पद यात्रा के साथ सैकड़ों की संख्या में चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन साथ चल रहे थे। इसके बाद वह अनुमंडल कार्यालय में जाकर निर्वाचित पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जदयू प्रत्याशी गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर अनुमंडल कार्यालय परिसर में प्रवेश करते ही अपने समर्थकों का स्नेह देख कर फफक कर रोने लगे। नामांकन दाखिल करने के बाद बाहर निकलने कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर उनका स्वागत किया और राजा पीटर जिंदाबाद के नारे लगाये। गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि तमाड़ विधानसभा के नहर रास्ते को उनके प्रयास से सड़क का समतलीकरण कार्य किया गया, साथ ही क्षेत्र में बिजली की समस्या का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा इस बार मौका मिला तो हर खेत में पानी पहुंचाने का वादा करता हूं। अगर इस क्षेत्र में डीप बोरिंग होती तो सिंचाई की समस्या का समाधान हो सकता था। हमारी पार्टी प्रदेश में दो सीटों पर ताकत के साथ लड़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विधायक ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। नामांकन के समय बिहार के कृषि मंत्री श्रवण कुमार सम्मिलित हुए। इसके उपरांत एक सभा का आयोजन किया गया।



## पूर्व आइपीएस राजीव रंजन सिंह ने बीजेपी से दिया इस्तीफा



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व आइपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह ने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि टिकट बंटवारे में परिवारवाद हावी रहा है। बीजेपी अपने नीतियों और विचारों से बिल्कुल विपरीत काम कर रही है। बता दें कि राजीव रंजन को बीजेपी ने झारखंड विधानसभा का टिकट नहीं दिया है। हालांकि राजीव रंजन ने साफ किया है कि वह टिकट ना दिये जाने के कारण इस्तीफा नहीं दे रहे। उन्होंने बाबूलाल मरांडी के नाम अपने इस्तीफा पत्र में लिखा, 'इस्तीफा का कारण यह नहीं है कि मुझे भारतीय जनता पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव का टिकट नहीं दिया गया। मुख्य कारण यह है कि बीजेपी के टिकट बंटवारे में जिस तरह से परिवारवाद हावी रहा, यह दर्शाता है कि बीजेपी अपने नीतियों एवं विचारों से और संघ के मूल्यों एवं आदर्शों के बिल्कुल विपरीत कार्य कर रही है। मैं भारतीय जनता पार्टी प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.–डी.एल.–अ.–26092024–257493
CG-DL-E-26092024-257493
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3866] नई दिल्ली, बुधवार, सितम्बर 25, 2024/आश्विन 3, 1946
No. 3866] NEW DELHI, WEDNESDAY, SEPTEMBER 25, 2024/ASVINA 3, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 25 सितम्बर, 2024

का.आ. 4224(अ). केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के सराईकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–33 के कि.मी. 241.940 से कि.मी. 251.962 (कालीमंदिर–डिमना चौक–बालिगुमा (जमशेदपुर) सेक्शन) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू–अर्जन अधिकारी, सराईकेला खरसावां को लिखित रूप मे प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

झारखंड राज्य के सराईकेला खरसावां जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–33 के कि.मी. 241.940 से कि.मी. 251.962 (कालीमंदिर–डिमना चौक–बालिगुमा (जमशेदपुर) सेक्शन) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण

फाइल नम्बर : NHAI/PD/PIU/JSr/NH-33/3a/LA/3A
अभय जैन, निदेशक

जिला : सरायकेला–खरसावां
प्रकाशन तिथि : 20/10/2024
https://egazette.gov.in/(S(dk0p3zqjly05zz3u01fq54zx))/default.aspx#
https://egazette.gov.in/(S(dk0p3zqjly05zz3u01fq54zx))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showfile.cshtmlTAB=bGFfVGhyZWVBX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=Njk4NTQ=&EncHid=1759401081&type_id=1
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में 14 प्राथमिकी दर्ज

# अब तक 16.67 करोड़ की अवैध सामग्री और नगदी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मीडिया में चुनाव संबंधी सूचना सार्वजिनक करने के पहले भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन जरूर करें। इस संबंध में निर्वाचन आयोग का विस्तृत और स्पष्ट निर्देश है। मूल रूप से किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप, जाति व धर्म को लेकर अनर्गल बातें आदि सीधे तौर पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के दायरे में आते हैं। इसलिए चुनाव संबंधी जानकारी को सार्वजनिक करने के पहले समाचार पत्र, टीवी चैनल, रेडियो, सोशल मीडिया और मीडिया के अन्य माध्यम तथ्यों की पूरी तरह जांच जरूर कर लें। किसी भी संशय की स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की ऑफिसियल वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निर्देशों को जरूर संज्ञान में लें। इसके साथ समय-समय पर मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भी दिशा निर्देशों के अनुपालन से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता करते उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के मतदान के लिए वोटर इंफार्मेशन स्लिप का वितरण शनिवार से शुरू होगा। मतदाताओं के घर-घर जाकर इसका वितरण होगा। छह दिन के भीतर यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वोटर इंफार्मेशन स्लिप से मतदाताओं को मतदान के दौरान सीरियल नंबर खोजने में आसानी होगी और काफी समय भी बचेगा। इससे मतदान की गति भी तेज होगी। इसके अलावा मतदान गति बढ़ाने के लिए चुनाव कर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### धन बल के प्रयोग पर नजर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान धन बल के प्रयोग की हर आशंका पर जहां कड़ी नजर रखी जा रही है, वहीं कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। 290 चेक पोस्टों के माध्यम से राज्य के भीतर और सीमा क्षेत्रों में सघन जांच की जा रही है। इसी का परिणाम है कि लगातार अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 16.67 करोड़ रुपये की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक कुल 14 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। जिसमें सर्वाधिक 8 मामले गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं। वहीं सिमडेगा में 2, रांची में 1, सरायकेला खारसांवा में 1, धनबाद और रामगढ़ जिले में एक-एक मामले दर्ज किये गये हैं।

# एसबीयू और यूनिसेफ में बनी सहमति



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में यूनिसेफ बाल एवं महिला अधिकारों, जलवायु परिवर्तन, जल प्रदूषण के अलावा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक के नेतृत्व में विवि के एक प्रतिनिधिमंडल और यूनिसेफ के अधिकारियों के बीच बैठक के बाद इस आशय से संबंधित प्रस्ताव पर सहमति बनी है। इस संबंध में यूनिसेफ और विवि के बीच आनेवाले दिनों में आशय पत्र पर भी हस्ताक्षर किया जायेगा। बैठक के दौरान यूनिसेफ की ओर से स्टेट चीफ डॉ. कनीनिका मित्रा के अलावा डॉ.लक्ष्मी, डॉ. आस्था और डॉ. प्रेमचंद उपस्थित थे। एसबीयू की ओर से प्रो. गोपाल पाठक के नेतृत्व में डॉ. अरविंद भंडारी, डॉ. अशोक अस्थाना, डॉ. श्वेता, डॉ. विद्या झा और अनुभव अंकित ने बैठक में भाग लिया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने यूनिसेफ के प्रस्ताव पर हर्ष व्यक्त किया है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा कॉलेज में जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय की ओर से दो दिवसीय कुशल भारत विकसित भारत के तहत ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गयी। जिसमें नागपुरी विभाग से 25 एवं मुंदरी विभाग से 15 विद्यार्थियों ने ऑनलाइन कंप्यूटर प्रशिक्षण का लाभ लिया एवं सफल परीक्षण करने वाले विद्यार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्राप्त होने की जानकारी दी गयी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा गया कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण एवं निर्धन बच्चों को लाभ मिलेगा। हम इस तरह का आयोजन कॉलेज में निरंतर आयोजित होते रहनी चाहिए। कार्यक्रम के आयोजन में प्रो कंचन मुंडा, प्रो मार्शल पूर्ति, प्रो युगेश महतो, प्रो भादी प्रकाश उरांव इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### पैराडाइज फर्नीचर में 50 प्रतिशत की छूट



रांची (आजाद सिपाही)। पैराडाइज फर्नीचर अरगोड़ा बाईपास स्थित पैराडाइज फर्नीचर पूजा ऑफर में 50% तक का छूट दी जा रही है। साथ ही खरीदारी पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। यदि आप अपना घर फर्नीचर से सजाना एवं सुंदर बनाना चाहते हैं तो आप इस ऑफर का बेहतरीन लाभ उठा सकते हैं। पैराडाइज फर्नीचर में विभिन्न आकर्षक एवं गुणवत्ता वाली देसी एवं विदेशी फर्नीचर का विशाल संग्रह उपलब्ध है। साथ आधुनिक मशीनों एवं हस्तशिल्प से बने फर्नीचर की हर वैरायटी एवं साइज में 50-100 ऑप्शन डिस्प्ले में लगा हुआ है। जिसमें सोफा सेट, डाइनिंग सेट, बेडरूम सेट, सेंटर टेबल, गार्डन फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचर उपलब्ध हैं। पैराडाइज फर्नीचर में फाइनेंस की सुविधा एवं साथ ही फ्री डिलीवरी दिया जा रहा है।

### 200 महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग के खादगदा (बर्फ फैक्ट्री गली) के अंतर्गत मंडल के सम्मानित अशोक मिश्रा के अध्यक्षता में मिलन समारोह सह परिचयात्मक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में रानी मिश्रा के नेतृत्व में और होलिका देवी, सावित्री देवी, सुषमा देवी, उषा देवी ,मंजू देवी के सहयोग से लगभग 200 महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मुख्य रूप से रांची के विधायक सह विधानसभा चुनाव के वर्तमान रांची के सीपी सिंह, भाजपा प्रदेश के कार्य समिति सदस्य संजय जयसवाल, राष्ट्रीय युवा मोर्चा कार्यसमिति सदस्य के नीरज पासवान, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, महानगर ओबीसी मोर्चा के मंत्री राजेश प्रजापति, वार्ड 27 के निवर्तमान पार्षद ओमप्रकाश, मंडल महिला मोर्चा के महामंत्री रूपा बनर्जी, मंडल के महामंत्री राजकुमार जयसवाल, अशोक पांडेय, नीरज प्रजापति, सुनील साहू, आशीष शर्मा, सतीश मिश्रा, कृष्णा विश्वकर्मा, शुभम जायसवाल, आनंद प्रकाश, मनीष पांडे के साथ-साथ मोहल्ला के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### 03322/21 राजगीर-तिलैया-राजगीर स्पेशल का परिचालन विस्तार गुरपा तक

हाजीपुर (आजाद सिपाही)। अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु राजगीर और तिलैया के मध्य चलायी जा रही 03322/03321 राजगीर-तिलैया-राजगीर स्पेशल ट्रेन का परिचालन विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि गाड़ी सं. 13233/13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस के रेक द्वारा राजगीर और तिलैया के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। अब इस स्पेशल का परिचालन विस्तार करते हुए इसका परिचालन गुरपा तक करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 01 कोच साधारण श्रेणी के 19 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 23 कोच हैं। गाड़ी सं. 03322 राजगीर-तिलैया-गुरपा एक्सप्रेस स्पेशल 24 अक्टूबर से 30 नवंबर तक प्रतिदिन राजगीर से 10.55 बजे खुलकर 11.13 बजे नटेसर रूकते हुए 12.00 बजे तिलैया पहुंचेगी तथा तिलैया से 12.05 बजे खुलकर 13.08 बजे पहाड़पुर रूकते हुए 13.30 बजे गुरपा पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 03321 गुरपा-तिलैया-राजगीर एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 24.10.2024 से 30.11.2024 तक प्रतिदिन गुरपा से 14.00 बजे खुलकर 14.13 बजे पहाड़पुर रूकते हुए 15.25 बजे तिलैया पहुंचेगी तथा तिलैया से यह स्पेशल 15.30 बजे खुलकर 15.56 बजे नटेसर रूकते हुए 16.30 बजे राजगीर पहुंचेगी ।

### लोकहित अधिकार पार्टी ने प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की



रांची (आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की चौथी सूची जारी की। पार्टी की झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता की सहमति से उम्मीदवारों की सूची घोषित की गयी। इसमें जयनारायण मालतो (लिट्टीपाड़ा), मुकेश प्रजापति (डालटनगंज), रामचरित्र सिंह (गढ़वा),मुकुल नायक (कांके), कुंदन प्रजापति (विश्रामपुर) पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू ने उक्त जानकारी दी।

# धनतेरस के मौके पर टीबीजेड ग्राहकों के लिए लाया है स्पेशल ऑफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** त्योहारों का मौसम आते ही धनतेरस में रांची का ज्वैलरी मार्केट चमकने के लिए तैयार हो जाता है। स्टोर गतिविधि के साथ हलचल कर रहे हैं और ग्राहकों को बेहतरीन आभूषण और गहने प्रदान करने के लिए कमर कस रहे हैं जो उत्सव के सार को पकड़ते हैं।

हमें एसी मार्केट, चर्च कॉम्प्लेक्स में स्थित टीबीजेड द ओरिजिनल के स्टोर मैनेजर शरण से बात करने का मौका मिला। उन्होंने इस वर्ष के उत्सव के लिए विशेष पेशकशों के बारे में जानकारी साझा की। ग्राहकों ने टीबीजेड के सोने और हीरे दोनों के आभूषणों के उत्कृष्ट संग्रह के प्रति उल्लेखनीय आकर्षण दिखाया है, जिसमें एंटीक आभूषण सुर्खियों में हैं।

ग्राहकों की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए, उन्होंने इस वर्ष अपने संग्रह में नये सिरे से हल्के आभूषण और ब्राइडल के विशेष कलेक्शन जोड़े हैं। इसके अलावा, उत्सव की भीड़ को कम करने के लिए, टीबीजेड ने आभूषणों की प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। यह धनतेरस, इन शानदार पेशकशों का पता लगाने और शैली और सुंदरता के साथ त्योहार मनाने के लिए टीबीजेड द ओरिजिनल का दौरा करना सुनिश्चित करें।

### शरण ने कुछ आकर्षक प्रस्तावों पर प्रकाश डाला

- सोने के आभूषण बनाने का शुल्क केवल 499 से शुरू होता है और हीरे के आभूषणों के लिए कोई बनवाई शुल्क नहीं है।
- ग्राहक अपने पुराने सोने के आभूषणों को बदलने पर भी 100% मूल्य का आनंद ले सकते हैं।
- प्रत्येक खरीदारी एक सुनिश्चित उपहार के साथ आती है और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वालों को 5000 का कैशबैक प्राप्त होगा।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के यमुना नगर में रहने वाले निरंजन प्रसाद की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। उसके परिजनों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने उनके बेटे की जहरीला पदार्थ देकर हत्या की है। मृतक के पिता बिहारी प्रसाद ने कहा कि उनका बेटा मंगलवार की रात करीब 12 बजे घर लौटा था। सुबह चार बजे के करीब जब निरंजन का छोटा भाई उसे उठाने गया, तो देखा की निरंजन के मुंह से झाग निकल रहा है और वह अचेत पड़ा हुआ है। इसके बाद निरंजन को तुरंत रिम्स अस्पताल ले जाया गया लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बाबत सुखदेव नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो सकेगा।

# कोयला मंत्रालय के निदेशक ने समीक्षा की




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अजितेश कुमार, निदेशक, कोयला मंत्रालय की उपस्थिति एवं सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार की अध्यक्षता में संस्थान द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान 4.0 गतिविधियों का आकलन करने हेतु मुख्यालय, रांची में समीक्षा बैठक की। इसके बाद अजितेश कुमार ने विशेष अभियान 4.0 के तहत 5 सफाई मित्रों को उनकी सेवाओं की कृतज्ञता प्रकट करने के निमित्त उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, महाप्रबंधक (एचआरडी), महाप्रबंधक (पर्यावरण), महाप्रबंधक (टीइ एंड सीएम), महाप्रबंधक (का.एवं प्र.) सहित वरीय अधिकारी उपस्थित थे। सीएमपीडीआइ ने एक प्रस्तुति के माध्यम से वेस्ट टू आर्ट थीम के तहत अपशिष्ट सामग्री से बनी गोल्डन डियर एंड ए फॉन रूपी कलाकृति द्वारा मूर्ति कर निर्माण, सफाई मित्रों का अभिनंदन और 3 गुणा 5 किलोवाट क्षमता वाले सोलर वृक्ष आदि का उद्घाटन संबंधी ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर अजितेश कुमार ने सीएमपीडीआइ की सराहना की।

# सीसीएल में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सतर्कता जागरूकता अभियान-24 के तहत बुधवार को सीसीएल मुख्यालय स्थित डिस्पेंसरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने किया। अवसर विशेष पर बड़ी संख्या में मुख्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे। शिविर में सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों एवं अन्य ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर निदेशक (वित्त) एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस शिविर में रक्तदान भी किया। उल्लेखनीय है कि सीसीएल मुख्यालय के कर्मचारियों ने इस रक्तदान शिविर में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया। इस शिविर में कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस अवसर पर सीवीओ ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम रूप बताया और सभी कर्मचारियों को उनकी सहभागिता के लिए सराहना दी।

रक्तदान अभियान सीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# जीडी गोयनका स्कूल में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को नामकुम रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मदन सिंह, उप निदेशक अमन सिंह, स्कूल के प्रचार्य डॉ सुनील कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। योग गुरु आर्य प्रह्लाद भगत ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के आसान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस योग प्रशिक्षण शिविर में उत्तनपाद, वृक्षासन, गरुड़ आसन, योगनिंद्रासन, पद्मासन अनुलोम विलोम, कपूत सहित कई तरह के योगा अभ्यास विद्यार्थियों को कराये गये। इस अवसर पर प्रचार्य डॉ सुनील कुमार ने कहा है कि हमारे पूरे जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। हमें योग को जीवन का मुख्य अंग बनाना चाहिए। स्वास्थ्य के बिना जीवन कुछ भी नहीं है। योग से हम शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक रूप से स्वास्थ्य रह सकते हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि योग के साथ साथ चार चीजें जो हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी है संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, शारीरिक और मानसिक शुद्धि, नियमित आराम आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के खेल शिक्षक अतिथि कुमार जैना, योग शिक्षक देवा शीश प्रामाणिक आदि कई लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष महज एक रबर स्टांप : आदित्य विक्रम जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मान और अधिकार के लिए आदित्य विक्रम जायसवाल ने प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया। बुधवार को रांची के करमटोली स्थित प्रेस क्लब में प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि रांची सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार क्यों नहीं प्रदेश नेतृत्व जवाब दे। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व इस विषय पर पुनर्विचार करें। आदित्य विक्रम जायसवाल रांची विधानसभा सीट गठबंधन में झामुमो को दिये जाने से नाराज हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के निर्देश पर संगठन तैयार किया। जनमुद्दों पर लगातार पांच वर्षों तक काम किया। भाजपा के तानाशाही रवैये के खिलाफ पांच वर्षों तक आंदोलन किया धरना दिया। संगठन में तन-मन-धन के साथ पूरा जीवन लगाया। चुनाव में नहीं जाना था तो ये सब कार्य क्यों कराया प्रदेश नेतृत्व जवाब दे। रांची के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धोखे में रखकर संगठन का कार्य क्यों कराया। प्रदेश नेतृत्व रांची के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा से खेलना बंद करे। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व इस पर पुनर्विचार नहीं करती है तो आगे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर इसपर विचार किया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को हम लोग मजबूत करना चाहते हैं। रांची सीट पारंपरिक रूप से कांग्रेस पार्टी की रही है। जिस वजह से आज समर्पित कार्यकर्ता को उपेक्षित होना पड़ रहा है। मौके पर प्रोफेशनल्स कांग्रेस की पूर्व प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह मौजूद थीं।

# श्री काली पूजा समिति बरियातू ने नयी कार्यसमिति गठित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री काली पूजा समिति बरियातू हाउसिंग कॉलोनी ने बुधवार को विनेक्स क्लब में बैठक आयोजित की। बैठक में काली पूजा उत्सव 2024 के आयोजन पर चर्चा हुई। इसके लिए नयी कार्यसमिति गठित की गयी। इसमें सर्वसम्मति से मोनू यादव को अध्यक्ष और राणा रणधीर महेंद्रू को मुख्य संयोजक चुना गया। नयी कार्यसमिति में मुख्य संरक्षकः संजय मिनोचा, संरक्षकः अजीत सिंह, युवराज पासवान, बहादुर शार्दुल, उषा चौधरी को बनाया गया। सह संयोजकः अनिर्बान सिन्हा, महासचिवः सिद्धांत मिनोचा, सचिव जितेंद्र साह, कार्यकारी अध्यक्षः विवेक कुमार, उपाध्यक्षः संतोष सिन्हा, संजीव मिश्रा, कल्याण दास, कोषाध्यक्षः प्रमोद कुमार (पल्लू), उप कोषाध्यक्षः सनोज कुमार, मन्ना यादव, मीडिया प्रभारीः रौनक सिंह, आखिल कुमार शामिल है। इस अवसर पर राणा रणधीर, संजय मिनोचा, मोनू यादव और अन्य वक्ताओं ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


## अखिल भारत हिंदू महासभा ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जारी की उम्मीदवारों की लिस्ट

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारत हिंदू महासभा ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के चुनाव को लेकर पार्टी उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने बुधवार की शाम राज्य के चार विधानसभा के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने बरही विधानसभा से पुरुषोत्तम पांडेय, विश्रामपुर विधानसभा से पुष्प रंजन, बरकट्टा विधानसभा से सुजीत मेहता और हजारीबाग विधानसभा से किशोरी राणा को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल पांडेय ने अपने उम्मीदवारों पर भरोसा जताते हुए कहा कि अखिल भारत हिंदू महासभा मजबूती चुनाव लड़ेगी और पार्टी के उम्मीदवार विजयी होंगे।

### इंडिया गठबंधन में नहीं है सीटों के बंटवारे में कोई विवाद

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : गुलाम अहमद मीर

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार को सेवा विमान से रांची पहुंचे। हवाई अड्डे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 79 सीट पर सहमति बन गयी है, दो सीटों पर दोनों दलों की मजबूत दावेदारी है जिसे हम मिलकर हल कर लेंगे। सीट बंटवारे में इंडिया गठबंधन में कोई भागदौड़ नहीं है, इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ इकट्ठे चुनाव लड़ रही है। भाजपा सोचे जहां भगदड़ मची हुई है। भाजपा में



उठा पटक मची हुई है और हम फिर से झारखंड में पूरी प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। दूसरी लिस्ट जारी किये जाने के सवाल पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि गुरुवार से शुक्रवार तक में बची हुई सीटों की सूची जारी हो जायेगी। विभिन्न नेताओं के नामांकन दाखिल करने के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष किशोर महतो कमलेश ने प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग विधानसभा के लिए नामित किया है, जो नामांकन के वक्त पार्टी की तरफ से वहां मौजूद रहेंगे। वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव के नामांकन के दौरान लोहरदगा में मौजूद रहेंगे।

# युवती की हत्या कर शव झाड़ी में फेंका, दुष्कर्म की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी रांची के नामकुम इलाके के खरसीदाग ओपी क्षेत्र में एक युवती की बेरहमी से हत्या की गयी है। नामकुम के खरसीदाग क्षेत्र के डुंगरी चापा टोली स्थित चारदिवारी के अंदर झाड़ी से पुलिस ने बुधवार की देर शाम युवती का शव बरामद किया है। युवती की चारदीवारी के अंदर बने कमरे में बेरहमी से हत्या कर शव झाड़ी में फेंका गया है। युवती के सिर एवं चेहरे पर चोट के गंभीर निशान हैं। देखने से प्रतीत होता है कि पत्थर से कुचकर युवती की बेरहमी से हत्या की गयी। है। युवती के बायें हाथ पर सूरज लिखा (गोदना) हुआ है।

बताया जाता है कि बुधवार की शाम चार बजे शव होने की सूचना पुलिस को मिली। उसके बाद खरसीदाग ओपी प्रभारी और तुपुदाना ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे। वहीं रात आठ बजे डीएसपी मुख्यालय प्रथम भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की घटनास्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा, महिला का हरा रंग का पर्स, पर्स से चार्जर एवं पल्सर बाइक का नंबर प्लेट बरामद किया है। वहीं कमरे के फर्श एवं दीवारों पर खून के छीटें लगे हुए हैं। कमरें में कंबल, शराब एवं बीयर के बोतल मिला।

**दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका :** आशंका जतायी जा रही कि अपराधियों ने युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया होगा और फिर बेरहमी से हत्या कर दी। कमरे में डंडा, बीयर के बोतल से हत्या करने के बाद शव झाड़ी में फेंका गया होगा। पुलिस के अनुसार बाउंड्री की हुई जमीन अनिल राय की है जिसमें एक कमरा बना हुआ है। गेट में ताला लगा हुआ था परंतु दक्षिण दिशा की दीवार टूटी हुई है जहां से अंदर प्रवेश किया होगा। युवती की पहचान नहीं हुई है। वहीं झाड़ी से बाइक का नंबर प्लेट (जेएच 01 बीसी 2172) मिला है जो किसी अरविंद कुमार महतो के नाम से रजिस्ट्रेशन है।

पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट हो पायेगा कि हत्या से पूर्व दुष्कर्म हुई है या नहीं। फिलहाल पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर रात साढ़े नौ बजे के करीब मौके पर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच टीम पहुंची और जांच के लिए नमूने एकत्रित किया है।

## हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवारों की सूची जारी की



रांची (आजाद सिपाही)। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में आठ उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा है। बुधवार को रांची के करमटोली स्थित रांची प्रेस क्लब में प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार उर्फ डब्ल्यू महतो ने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसमें चतरा से मनोज भुईंया, मनिका से अतुल कुमार सिंह, लातेहार से उपेंद्र भुईंया, डाल्टनगंज से अजीमउद्दीन अंसारी, विश्रामपुर से विनीत कुमार, छतरपुर से अनिल मांझी, हुसैनाबाद से सुभद्रा देवी और पांकी से ई सुभाष कुमार का नाम शामिल है। प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि हम पार्टी बहुत ही कम समय में पार्टी मजबूती से प्रदेश के विधानसभा चुनाव में उतर रही है। उन्होंने कहा कि हम पार्टी चाहती थी कि एनडीए के साथ चुनाव लड़े, लेकिन किसी कारण झारखंड प्रदेश में गठबंधन नहीं हो सका।

## अखिल भारतीय जनसमृद्धि पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय जनसमृद्धि पार्टी भी झारखंड विधानसभा चुनाव में ताल ठोकने को तैयार है। पार्टी इसबार चुनाव में 35 से 40 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की तैयारी की है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी ने बैठक कर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। इसमें पहले चरण में 4 सीट पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की गयी है। गुरुवार को और भी प्रत्याशियों के नामों की सूची जारी की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन प्रत्याशियों की सूची जारी की गयी है उसमें रांची से नविंद्र कुमार भारती, कोडरमा से रीतलाल प्रसाद सिंह, मझगांव से सुखदेव बिरुली और पश्चिमी जमशेदपुर से पंकज कुमार श्रीवास्तव का नाम शामिल है। धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग पहली बार चुनावी मैदान में आये हैं। रोजगार युक्त और भ्रष्टाचार मुक्त राज्य की स्थापना करना मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर मनोज कुमार महतो, अजीत कुमार, प्रसनजीत दीवान, संजीत शाह, रीतलाल प्रसाद सिंह और अन्य मौजूद थे।

## छठ महापर्व महोत्सव को लेकर बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सूर्य मंदिर ट्रस्ट द्वारा 25 वीं छठ महापर्व महोत्सव का आयोजन सूर्य मंदिर ट्रस्ट, धुर्वा, रांची में किया जा रहा है। मंदिर परिसर में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की



अध्यक्षता राणा सुरेश प्रसाद सिंह ने की। छठ महापर्व के लिए नयी पूजा समिति का गठन किया गया है, जो इस प्रकार हैं:- मुख्य संरक्षक : सुबोध कुमार, संरक्षक : विजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष : राणा सुरेश प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष (1.). टुना यादव, धुर्वा, अखिलेश प्रसाद सिंह, (2) श्याम सुंदर शर्मा, धर्मेंद्र मिश्रा, पंचवटी मैदान दायित्व सूर्य मंदिर के परिसर की साफ-सफाई, सरोवर में पानी एवं लाइट साउंड की व्यवस्था (3) डॉ कुमारी ज्योत्सना छठ व्रत धारियों की पूजा की व्यवस्था एवं उनके रहने की व्यवस्था । महासचिव (1) पंडित अरविंद कुमार पांडेय एवं उनके समूह आर्चाय पंडित के द्वारा-तीन दिन सुर्य भगवान का विशेष पूजा अर्चना एवं हवन (2) अजय प्रसाद, विमल कुमार यादव, मनोज कुमार, चंदन कुमार गुप्ता. दायित्व-खरना का प्रसाद वितरण सदस्य: सत्येंद्र कुमार सिंह, कौशल कुमार, मुकेश कुमार पंडित, महावीर मैदान टंकी साइड, रामअवतार पेंटर सुनिल उपाध्याय, दायित्व स्वास्थ शिविर का आयोजन और व्रत धारियों के लिए चाय एवं भोजन की व्यवस्था।

# इस बार भी राजद का झंडा नहीं झुकेगा : तेजस्वी



आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। चतरा राजद का गढ़ रहा है। चतरा की जनता जिंदाबाद। पिछली बार भी विधानसभा चुनाव में आप लोगों ने राजद का झंडा झुकाने नहीं दिये। इसलिए हमें विश्वास है कि इस बार भी राजद का झंडा नहीं झुकेगा। उक्त बातें बिहार विधानसभा के नेता तेजस्वी यादव ने चतरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के नामांकन के मौके पर आम सभा को संबोधित करते हुए कहा। स्थानीय सदर थाना के सामने मैदान में सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। संविधान को खत्म करना चाहती है। देश में भाईचारा एवं अमन शांति को खत्म करना चाहती है। ये लोग केवल हिंसा की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग जोड़ने वाले लोग हैं तोड़ने वाले नहीं। भाजपा के लोग नफरत फैलाते हैं और हम अमन-चैन की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि आपकी तरक्की और झारखंड की तरक्की की बात होनी चाहिए। इसके लिए झारखंड राज्य में सामाजिक न्याय की सरकार होनी चाहिए। गरीबी, महंगाई की लड़ाई लड़ने वाली, पलायन रोकने तथा उद्योग धंधा लगाने एवं लोगों के साथ न्याय करने वाली सरकार चाहिए। तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा में बेईमान लोग हैं। विधायकों की खरीदने की कोशिश करते हैं। बिहार में साजिश चला और हम पर मुकदमा हुआ। इसी, इनकम टैक्स समेत अनेक एजेंसियों द्वारा मुझे प्रताड़ित किया गया।

### चतरा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने भरा नामांकन



झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से चतरा विधानसभा की राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने बुधवार को सदर अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी जहूर आलम के समक्ष अपना नामांकन प्रपत्र पत्र भरी। इस मौके पर रश्मि प्रकाश के साथ उनके ससुर और पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव भी उनके साथ उपस्थित थे। नामांकन करने से पहले रश्मि प्रकाश ने चतरा शहर के प्रसिद्ध काली मंदिर में पूजा-अर्चना की।

### भाजपा-लोजपा का प्रत्याशी राजद का मुकाबला नहीं कर सकता है : सत्यानंद

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के ससुर सत्यानंद भोक्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चतरा में कोई भाजपा-लोजपा का प्रत्याशी राजद का मुकाबला नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली बार जिस समय भाजपा की लहर थी। उस समय मैं भाजपा के प्रत्याशी को 30 हजार मतों से हराया था। बीजेपी हार के डर से लोजपा के नाम पर उसी व्यक्ति को दोबारा चुनाव मैदान में उतारा है। सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि लोजपा प्रत्याशी को हत्या के केस में सजा हो चुका है और हाइकोर्ट में केस चल रहा है। वह कभी भी जेल जा सकता है। इसलिए किसी के बहकावे में नहीं आना है। उन्होंने कहा कि इस बार हम लोग एक लाख वोट से राजद प्रत्याशी को जीतने का काम करेंगे ।

## जयराम महतो की पार्टी ने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी की

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक मोरचा ने नौ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी अब तक 58 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतार चुकी है। नौ उम्मीदवारों की सूची में चतरा से अशोक भारती, तोरपा से विल्सन भेंगरा, कोलेबिरा से पुनित कुमार, जमशेदपुर पश्चिमी से तपन कुमार, बाघमारा से दीपक कुमार रवानी, गिरिडीह से नवीन आनंद चौरसिया, बगोदर से डॉ सलीम अंसारी, गुमला से निशा कुमारी भगत, लोहरदगा से किशकोर उरांव का नाम शामिल है।




**SAINIK SCHOOL TILIAYA**
PO-TILAIYA DAM, DISTT-KODERMA, PIN-825413(JHARKHAND)

**PUBLIC AUCTION NOTICE**

The School will be auctioning various condemned stores "as is where is basis' on 05 Nov 2024 at 1100 hrs in front of School MT Garage Area.
2. All these condemned stores can be inspected 03 days before the auction date between 1000 hrs to 1300 hrs with the intimation /permission of Administrative Officer Sainik School Tilaiya.
3. Auction will start on schedule date & time mentioned above and will continue during the day light hrs only. Where not completed, auction will continue on next day till completion during the day light hrs.
4. Highest bidder has to pay the complete bid amount subsequently failing which his bid claim will be cancelled and no claim will be entertained later on.
5. Lots sold will have to be lifted by the successful bidder at his own expense.
6. Sainik School Tilaiya employees directly or indirectly are not allowed to participate in the auction.
7. All the participating bidders have to bring their valid identity card.
8. Bid entry amount is Rs 20,000/- (Twenty Thousands only) in cash which is refundable to the unsuccessful bidders and adjustable for successful bidder with his final payment.

(Anant Shrivastava)
Wg Cdr
Adm Officer
For principal

No. : SST/Q/90 Date:23.10. 2023


# राज्यहित में हिंदू समाज करें शत-प्रतिशत मतदानः विहिप

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक बुधवार को दो सत्रों में स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होराइजन में हुई। बैठक में विगत माहों में संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी। बैठक में नौ नवंबर को गोपाष्टमी तथा 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक धर्मरक्षा दिवस कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। झारखंड के सभी जिलों के विद्यालयों से संपर्क कर नैतिक शिक्षा के तहत रामायण ज्ञान की पुस्तकों को पढ़ाकर बच्चों को भगवान राम के





जीवनमूल्यों से परिचय कराने पर बल दिया गया। बैठक में लोकतंत्र के महापर्व में समस्त हिंदू समाज को राज्यहित में शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया गया। इस महापर्व को सफल बनाने के लिए सभी स्तरीय कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक जोड़कर संपन्न करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा सनातन हिंदू समाज की संस्कृति एवं परंपरा निरंतर निर्बाध रूप से भारतीय भू-धरा पर बनी रहे इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन करने वाले समूह को अपना मतदान करें। बैठक में क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, क्षेत्र सहमंत्री डॉ. वीरेंद्र साहू, झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, सुनील गुप्ता, प्रांत धमार्चार्य संपर्क प्रमुख युगल किशोर सहित अन्य उपस्थित थे।


रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.-डी.एल.-अ.-03102024-257677
CG-DL-E-03102024-257677
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3924] नई दिल्ली, मंगलवार, अक्टूबर 1, 2024/आश्विन 9, 1946
No. 3924] NEW DELHI, TUESDAY, OCTOBER 1, 2024/ASVINA 9, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 1 अक्टूबर, 2024**

का. आ. 4283 (अ) केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि) के गाँवों में अर्थात् छतरपुर अंचल अन्तर्गत करमा कला, जिला- पलामू, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् डिस्ट्रिक्ट लैंड एक्जीविशन अफसर को लिखित रूप में प्रस्तुत की जायेगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जॉच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के पलामू जिले में NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) के गाँवों में अर्थात् छतरपुर अंचल अन्तर्गत करमा कलां, जिला-पलामू, राज्य - झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिलाः पलामू
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथिः 1 अक्टूबर 2024
https:/bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/projects_la_rep.cshtml
https://egazette.gov.in/(S(ytr2zjexdlg3zylussu45drn))/ViewPDF.aspx

[फा.स. 11015/5PD/DHN/LA/NH-98/2861/3A]
अभय जैन, निदेशक


### राज्यपाल से मिला झारखंड अगेंस्ट करप्शन का प्रतिनिधिमंडल

# भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाने के लिए की हस्तक्षेप करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड अगेंस्ट करप्शन का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से बुधवार को भेंट की। उन्हें एक ज्ञापन सौंपते कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण जनता त्राहिमाम है। सरकार और ब्यूरोक्रेसी में व्याप्त करप्शन के कारण राज्य का विकास बाधित हो रहा है। कालांतर से भ्रष्टाचार की कलंक कथाओं से रत्नगर्भा झारखंड कराह रहा है। राजभवन के दखल से राज्य को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने में मदद मिलेगी। झारखंड में होने वाली नियुक्तियां अक्सर विवादों में ही रही हैं, जिसके कारण राज्य के युवाओं में



निराशा का भाव व्याप्त है। राज्यपाल से आग्रह किया गया कि पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया झारखंड में पूरी हो, इसके लिए राजभवन भी समय-समय पर इसमें हस्तक्षेप करे। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान जिला मुख्यालय पलामू से 50 किमी की दूरी पर स्थित छतरपुर अनुमंडल को जिला बनाने की पहल राज्यपाल द्वारा की जाये। ज्ञापन में बताया गया है कि वर्षों तक नक्सलवाद का दंश झेल रहे छतरपुर के जिला बनने से इलाके का विकास और उत्थान तेजी से संभव हो पायेगा। राज्यपाल को यह भी बताया गया कि झारखंड एक अत्यंत रमणीक और रत्नगर्भा धरती है जहां के जर्रे-जर्रे में स्वाधीनता के नायकों की वीरता के गीत गाये जाते हैं। लेकिन इस राज्य को राष्ट्र के फलक पर जहां होना चाहिए था, आजतक वहां नहीं पहुंच पाया है। राज्यपाल से आग्रह किया गया कि उनकी निगहबानी में झारखंड का विकास सुनिश्चित हो, राज्य भ्रष्टाचार से मुक्त हो। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को कहा कि वर्तमान में हो रहे चुनाव में संगठन जन जागरूकता का काम करे, ताकि अच्छे लोग चुन कर आयें और नेतृत्व करें ताकि राज्य में भ्रष्टाचार कम हो और राज्य का विकास तीव्रगति से हो। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को आश्वस्त किया कि झारखंड अगेंस्ट करप्शन राज्य में जन जागरूकता अभियान चलायेगी। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव मुंडा ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि संगठन भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बेहद गंभीर है। जल्द ही एक ड्राइव चलाकर लोगों को जोड़ा जायेगा और एकबार फिर से भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय संयोजक चितरंजन कुमार, उपमहासचिव अमित यादव, सह संगठन महामंत्री अरविंद और केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार सिंह भी शामिल थे।

# भारत-चीन के बीच गतिरोध तो टूटा

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चले आ रहे गतिरोध का टूटना न केवल द्विपक्षीय रिश्तों के लिहाज से बड़ी खबर है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय रिश्तों के मौजूदा समीकरणों के मद्देनजर भी एक गंभीर घटना है। यह बताती है कि सही नजरिये के साथ और समुचित ढंग से कोशिश की जाये, तो बड़े से बड़ा विवाद भी बातचीत से सुलझाया जा सकता है।

**2020 से पहले की स्थिति:** इस समझौते में भारत के लिए संतोष की बात यह है कि एलएसी पर फिर से 2020 के पहले जैसी स्थिति बन गयी। यही वह सबसे बड़ा मुद्दा था, जहां बातचीत अटक जाती थी। विवाद से जुड़े कई बिंदुओं पर सहमति बन चुकी थी। बाकी मसलों पर भी बातचीत चल रही थी। चीन का कहना था कि पूर्ण सहमति आगे-पीछे बनती रहेगी, तब तक हमें द्विपक्षीय रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। लेकिन भारत का स्पष्ट रुख था कि जब तक एलएसी पर 2020 से पहले जैसी स्थिति नहीं बनती, तब तक दोनों देशों के रिश्ते सामान्य हो ही नहीं सकते।

**विश्वास बहाली के कदम:** साफ है कि इस सहमति ने रिश्तों को सामान्य बनाने वाले प्रयासों के लिए जमीन तैयार कर दी है। हालांकि अभी इस सहमति को जमीन पर लागू करने का काम बाकी है और उसके बाद भी रिश्तों में विश्वास बहाल करने के प्रयासों पर ध्यान देना होगा। जिस तरह के हालात में गलवान घाटी में दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई, वैसी स्थिति फिर न बने, इसके लिए दोनों तरफ से कई स्तरों पर कदम उठाने होंगे।

**भारत और चीन के बीच एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल होने का समझौता हुआ है। इस सहमति से दोनों देशों के रिश्ते सामान्य बनाने की दिशा में कदम बढ़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी और शी चिनफिंग की संभावित बैठक पर भी ध्यान दिया जा रहा है।**

**ब्रिक्स बैठक पर नजरें:** यह सहमति ऐसे समय बनी, जब रूस में ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठक के सिलसिले में रूस में हैं। वहां चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की राह में जो सबसे बड़ा रोड़ा था, वह दूर हो चुका है। देखना होगा कि दोनों नेताओं के बीच यह बैठक होती है, तो उसमें किस तरह की सहमति बनती है। भारत और चीन के बीच इस नयी बनी सहमति का ब्रिक्स शिखर बैठक के माहौल और उसके एजेंडे पर किस तरह का पॉजिटिव प्रभाव पड़ता है, इस पर भी प्रेक्षकों की नजरें लगी हैं।

**किसी के खिलाफ नहीं:** जैसा कि खुद प्रधानमंत्री मोदी ने दो दिन पहले स्पष्ट किया कि ब्रिक्स गैर-पश्चिमी देशों का मंच भले हो, यह पश्चिम विरोधी मंच नहीं है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। वैसे भी भारत पहले से ही राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति का अनुसरण करता रहा है। ऐसे में अगर चीन और भारत के द्विपक्षीय रिश्तों में कड़वाहट कम होती है, तो यह किसी भी अन्य देश की चिंता का कारण नहीं होना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**देश की जनता ने यह साबित कर दिया है कि अगर सामूहिक प्रयास किया जाये, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आज भारत की तेज विकास की गति दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय है। प्रत्येक देशवासी यह चाहता है कि अपना देश वैभव संपन्न हो। विश्व में अग्रणी हो। भारत विकसित बने। जगदगुरु का स्थान भारत को फिर से प्राप्त हो। हम आकांक्षा तो रखते हैं, लेकिन वर्तमान में वस्तुस्थिति कैसी है, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है।**

# विकसित भारत की ओर बढ़ते देश के कदम

बीएन राजू



**विकसित** राष्ट्र बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ा रहा है। देश को आत्मनिर्भर बनाने, विकास की गति को तेज करने के लिए उठाये गये सकारात्मक परिणामों का असर कई क्षेत्रों में दिखने लगा है। भारत ने 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है। 2014 में भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता केवल 75 गीगावाट थी। 6जी तकनीक के पेटेंट में हम विश्व के छह शीर्ष देशों में शामिल हैं। भारत से प्रभावित होकर 11 देशों ने भारत के दवा कानून अपनाये हैं। इसी प्रकार कई अन्य क्षेत्रों में भी अच्छे संकेत मिलने शुरू हो गये हैं। देश की जनता ने यह साबित कर दिया है कि अगर सामूहिक प्रयास किया जाये, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आज भारत की तेज विकास की गति दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय है। प्रत्येक देशवासी यह चाहता है कि अपना देश वैभव संपन्न हो। विश्व में अग्रणी हो। भारत विकसित बने। जगद्गुरु का स्थान भारत को फिर से प्राप्त हो। हम आकांक्षा तो रखते हैं, लेकिन वर्तमान में वस्तुस्थिति कैसी है, इस पर बहुत कुछ निर्भर करता है।

2014 से पहले राष्ट्र का ओज क्षीण हो रहा था। जनता आतंकी हमलों से त्रस्त थी। देश भ्रष्टाचार के दलदल में धंसता जा रहा था। मनमोहन सरकार में घोटालों का अंबार लग गया था। देश में निराशा का माहौल था। युवा मन दुर्बल हो गया था। ऐसे समय में देश की बागडोर नरेंद्र मोदी ने संभाली। मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश से निराशा के वातावरण को दूर करने का काम किया।

**सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पापी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया।**

नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद विकसित भारत की आधारशिला रखी। 2014 में विकसित भारत की बात किसी को हजम होने वाली नहीं थी, लेकिन मोदी ने उसके लिए आधारभूमि तैयार की। देशवासियों को मिशन के साथ एक विजन दिया और नवाचार के लिए प्रेरित किया।

भारत के अंदर क्षमताओं की कमी नहीं थी। कमी केवल आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय की थी। मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिये देशवासियों से सीधे जुड़े। युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया। आज प्रत्येक देशवासी के मन में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की लालसा जगी है। हमारे देश के प्रत्येक नागरिक का आत्मविश्वास बढ़ा है। जो जिस स्थिति में है, उससे आगे बढ़ने का प्रयत्न कर रहा है। विकास भी विरासत के नारे के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण का कार्य तेजी से हो रहा है। अपने प्रभावी नेतृत्व से भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत को देश की एकता के साथ जोड़ने का काम किया है। आज भारत जाग्रत अवस्था में है। मोदी के नेतृत्व में भारत का भविष्य उज्ज्वल है। आईटी एवं नवाचारों के क्षेत्र में भारत वैश्विक शक्ति बन रहा है।

भारत अपने लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। कृषि क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाने का काम मोदी सरकार ने किया है। 2014 से पहले कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की संख्या शून्य थी, जब अब 4000 से अधिक हो गयी है। इसके कारण देश के किसानों की आय और खुशहाली दोनों बढ़ रही है।

सरकार के विकसित भारत @2047 विजन का लक्ष्य भारत को 2047 तक 3.4 ट्रिलियन डॉलर से 30 ट्रिलियन डॉलर तक जीडीपी के साथ विकसित अर्थव्यवस्था में बदलना है। इस लक्ष्य में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, सुशासन और पर्यावरणीय स्थिरता शामिल है। 2047 के लिए देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों में 90% ग्रीन ग्रिड क्षमता हासिल करना, 2035 तक बेचे जाने वाले सभी वाहनों को इलेक्ट्रिक बनाना और भारी औद्योगिक उत्पादन को ग्रीन हाइड्रोजन और विद्युतीकरण की ओर ले जाना है।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए जरूरी है कि आज अपना देश जिस स्थिति में है, उसे उन्नत अवस्था में पहुंचाना है। आज दुनिया में कई विकसित राष्ट्र हैं। क्या हमें भारत को उस तरह का विकसित देश बनाना है। क्या इनमें से कोई एक ऐसा राष्ट्र अपने अनुकरण के लायक नहीं है। इस समय हर प्रकार से उन्नत देश अमेरिका को माना जाता है, लेकिन क्या अमेरिकावासी सुखी हैं। नहीं। तकनीकी दृष्टि से उन्नत हो रहे हैं, लेकिन अन्य समस्याएं विकराल हैं। इसलिए हमें भारत को भारत ही बनाना है, अमेरिका नहीं। भारत विकसित बने, लेकिन भारत के विचारों और भारत की मेधा शक्ति के आधार पर। आज वैश्विक संकटों से समाधान की खोज में दुनिया भारत की ओर देख रही है। कहीं ऐसा न हो कि हम भारत को इंग्लैंड और अमेरिका न बनाने लग जायें। इसलिए विकसित भारत के लिए भारतीय अवधारणा चाहिए। आजादी के बात से हमारे राजनेताओं से यही भूल हुई थी। पश्चिम से प्रभावित होकर हम अपने दर्शन व ज्ञान की उपेक्षा करने लगे थे।

पीएम मोदी ने स्वच्छता मिशन के रूप में एक जन आंदोलन का सूत्रपात किया। जनधन की योजना से सबको जोड़ा। देश में डिजिटल क्रांति की शुरुआत की। स्टार्टअप के तहत देश में स्वरोजगार के अवसर खुले। मुद्रा योजना के तहत लोगों को लोन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों लोगों का स्वयं का घर होने का सपना पूरा हुआ है। वर्ष 2016 में उरी में आतंकी हमला हुआ। देश गुस्से में था। सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक कर पापी पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। जीएसटी को लागू करके एक बड़ा व्यापारिक सुधार किया।

2014 के बाद भारत का सांस्कृतिक अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त हुआ। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, हैदराबाद में स्टैच्यू ऑफ इक्वालिटी, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, मथुरा वृंदावन कॉरिडोर, केदारनाथ धाम व चार धाम परियोजना के कार्य से सनातन संस्कृति का पुनरोदय का आभास हो रहा है। मोदी के कार्यकाल में सांस्कृतिक पुनरुत्थान का कार्य सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में देखने को मिला। अरब देश, रेत का सागर, इस्लामी कायदे कानून का पालन करने वाले देश अबू धाबी में 27 एकड़ भूमि में जब मोदी हिंदू मंदिर का उद्घाटन कर रहे थे, यह मन को विश्वास ही नहीं हो रहा था। यह भारतवर्ष के नवीन सामार्थ्य और आत्मविश्वास का प्रकटीकरण था। मोदी विश्व में हिंदू शक्ति के प्रतीक बन गये हैं। योग को मान्यता दिलाई। मोदी सरकार बनने के बाद से 150 से अधिक मूर्तियां विदेश से वापस आयीं। जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता ने विश्व को भारतीय संस्कृति का दर्शन कराया।

राष्ट्र की प्रगति के लिए सुशासन महत्वपूर्ण होता है। सरकार की योजनाओं के बारे में मोदी सरकार में आम आदमी की धारणा बदली है। पहले योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का चक्कर लगाना पड़ता था। अब अधिकारी व कर्मचारी खुद गरीबों के घरों तक जाकर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। गरीबों तक योजनाएं पहुंची। मन की बात सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन गया है।

उड़ान व विमानन के क्षेत्र में क्रांति हुई है। वहीं रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प हुआ है। अयोध्या का रेलवे स्टेशन देखा जाये, तो वह एयरपोर्ट को भी पीछे छोड़ता है। लीक से हटकर काम करने वाले नेता हैं। अब भारत की ओर दुनिया की कोई शक्ति आंख उठाकर देखने की हिम्मत नहीं कर सकता। वर्तमान का भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। मोदी के परिश्रम का ही परिणाम है कि अब प्रत्येक क्षेत्र में परिवर्तन दिखाई पड़ रहा है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को देख रहा है। मोदी ने पंच प्रण की घोषणा की है। यह पंच परिवर्तन विकसित भारत का आधार बनेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# प्रियंका गांधी ने वायनाड से भरा पर्चा, रोड शो में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**वायनाड।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ उनकी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई अन्य नेता मौजूद रहे। इससे पहले उन्होंने स्थानीय नेताओं की मौजूदगी में नामांकन पर्चा भरा था। नामांकन पर्चा भरने के बाद उन्होंने अपने भाई राहुल गांधी के साथ एक रोड-शो किया। बता दें कि वायनाड उपचुनाव में प्रियंका गांधी का सामना भाजपा उम्मीदवार नव्या हरिदास से होने वाला है।

**रोड शो में शामिल हुए ये नेता:** राहुल गांधी के अलावा प्रियंका के इस रोड शो में उनकी मां सोनिया गांधी और पति रॉबर्ट वाड्रा भी मौजूद रहे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य नेता भी इस रोड शो में शामिल हुए।

**प्रियंका गांधी ने किया लोगों को संबोधित:** रोड-शो में प्रियंका गांधी ने लोगों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, पिछले 35 सालों से मैं अलग-अलग चुनावों के लिए प्रचार कर रही हूं। यह पहली बार है, जब मैं आपके समर्थन की मांग अपने लिए कर रही हूं। यह एक बहुत ही अलग एहसास है। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे वायनाड से उम्मीदवार बनने का सौभाग्य दिया। उन्होंने आगे कहा, सत्य और अहिंसा ने मेरे भाई (राहुल गांधी) को एकता और प्रेम के लिए देशभर में 8000 किमी पैदल चलने के लिए प्रेरित किया। जब पूरी दुनिया उनके खिलाफ थी, तब आप उनके साथ खड़े थे। मेरे भाई को लड़ने के लिए आपलोगों ने साहस दिया।



मेरा पूरा परिवार आपका कर्जदार है। मुझे मालूम है कि उसे (राहुल गांधी) आपलोगों को छोड़ना पड़ा और मैं आपसे वादा करती हूं कि मैं आपके और उसके बीच के संबंधों को मजबूत करूंगी। उन्होंने मुझे बताया कि आप किन बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मेरे भाई ने मुझे बताया कि आपलोगों की क्या तकलीफ है। मैं आपके घर आना चाहती हूं और आपसे सीधे समझना चाहती हूं कि आपकी समस्याएं क्या हैं और हम उनसे कैसे निपट सकते हैं।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी रोड-शो को संबोधित किया। उन्होंने कहा, वायनाड देश का ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है, जहां से दो सांसद हैं, एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। वायनाड भूस्खलन में जान गंवाने वालों को राहुल और प्रियंका गांधी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रियंका गांधी के नामांकन पर कांग्रेस सांसद जेबी माथेर ने कहा, आप जो ऊर्जा यहां देख रहे हैं, यह कुछ ऐसा है, जिसका हम सभी इंतजार कर रहे थे। हम चाहते थे कि प्रियंका गांधी किसी भी सीट से चुनाव लड़ें, लेकिन हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था कि किस्मत हमारे पास चलकर आयेगी। हम सभी उत्साहित हैं। हर तरफ उत्साह है। यह वायनाड और केरल के लिए दोहरा सौभाग्य है, क्योंकि इसे अब स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा- प्रियंका गांधी वाड्रा, लोकसभा की सदस्य, वायनाड, केरल।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तार, मुख्य शूटर अब भी फरार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बुधवार को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक और आरोपी अमित हिसामसिंह कुमार को गिरफ्तार किया है। 29 वर्षीय अमित कुमार हरियाणा के कैथल जिले के नथवान पत्ती का निवासी है। इस गिरफ्तारी के साथ ही मामले में अब तक कुल 11 आरोपियों को हिरासत में लिया जा चुका है। रविवार को पुलिस ने इस मामले में एक स्क्रैप डीलर भगवत सिंह ओम सिंह को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया था। ओम सिंह राजस्थान के उदयपुर का निवासी है और उस पर आरोप है कि उसने उन लोगों को हथियार मुहैया कराया था, जिन्होंने 12 अक्टूबर को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या तीन हमलावरों ने उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर कर दी थी। पुलिस ने अब तक दो शूटरों, गुरमेल बलजीत सिंह (23) और धर्मराज राजेश कश्यप (19) को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम और हत्या साजिश में शामिल दो अन्य लोग अभी भी फरार हैं। पुलिस इस हत्या मामले की जांच में जुटी है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# वर्षों की विरासत को ऐसे ही नहीं मिटा सकते: चीफ जस्टिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों को विनियमित करने के विषय पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है जियो और जीने दो। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) डीवाइ चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 पर इलाहाबाद हाइकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि मदरसों को विनियमित करना राष्ट्रीय हित में है। पीठ ने कहा कि यह जरूरी है कि मदरसे भी एक समग्र राष्ट्रीय संस्कृति के तहत चलें, ताकि देश की सांस्कृतिक विरासत बनी रहे। सीजेआइ चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अपनी टिप्पणियों में जोर देकर कहा कि मदरसों को 'साइलो', यानी संकरी कोठरी में बंद नहीं किया जा सकता। अदालत का मानना है कि सभी समुदायों को मुख्यधारा में लाना जरूरी है, ताकि अलग-थलग बस्ती बनने से रोका जा सके। पीठ ने कहा, हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता विविधताओं का संगम है और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद हाइकोर्ट के उस फैसले का विरोध किया, जिसमें मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम, 2004 को असंवैधानिक करार दिया गया था। राज्य सरकार का कहना है कि यह अधिनियम मदरसों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। इस पर सीजेआइ ने कहा, आप इस देश के कई सौ वर्षों के इतिहास को इस तरह खत्म नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या यह राष्ट्रीय हित में नहीं है कि मदरसों को विनियमित किया जाये।




# वक्फ जेपीसी बैठक विवाद पर जगदंबिका पाल ने दी सफाई

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति(जेपीसी) के प्रमुख जगदंबिका पाल ने बुधवार को विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने नियमों का कोई उल्लंघन नहीं किया है। विपक्षी दलों के सदस्यों का आरोप है कि जगदंबिका पाल ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा समिति की बैठक के दौरान कांच की बोतल तोड़कर फेंके जाने की घटना के बारे में सार्वजनिक बयान देकर नियमों का उल्लंघन किया है। विपक्ष के आरोपों पर बोलते हुए जगदंबिका पाल ने कहा कि मैंने समिति की किसी कार्यवाही या विचार-विमर्श के बारे में कोई खुलासा नहीं किया है। डीएमके के सदस्य ए राजा और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया था कि पाल ने संसदीय समिति की उन बैठकों के नियमों का उल्लंघन किया है, जो बंद कमरे में आयोजित की जाती हैं। ए राजा ने आरोप लगाया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बैठक में जो कुछ हुआ, उसे उजागर करने के लिए अध्यक्ष ने यह जानते हुए भी एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया कि कार्यवाही गोपनीय है और इसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए।

# पांच साल बाद हुर्रियत नेताओं की बैठक से कश्मीर घाटी में बढ़ी हलचल

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुर्रियत के उदारवादी धड़े के नेताओं ने बुधवार को एक अनौपचारिक बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता मीरवाइज उमर फारूक ने की, जिनकी हाल ही में नजरबंदी खत्म हुई है। मीरवाइज ने कहा कि यह बैठक अनौपचारिक थी। बैठक में मीरवाइज के साथ वरिष्ठ हुर्रियत सदस्य अब्दुल गनी भट, बिलाल लोन और मसरोर अब्बास अंसारी भी शामिल हुए। मीरवाइज ने इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, अल्हम्दुलिल्लाह! पांच साल बाद अपने प्रिय सहयोगियों प्रोफेसर साहब, बिलाल साहब और मसरोर साहब के साथ होने का मौका मिला। एक भावनात्मक अनुभव, जिसमें जेल में बंद साथियों की कमी महसूस हुई। लेकिन प्रोफेसर साहब को इस उम्र में अच्छी स्थिति में देख खुशी हुई। लोन और भट को प्रोफेसर भी कहा जाता है। ये दोनों उदारवादी हुर्रियत के कार्यकारी सदस्य रहे हैं, जबकि अब्दुल गनी भट ने संगठन के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है। मसरूर अब्बास अंसारी हुर्रियत के पूर्व अध्यक्ष अब्बास अंसारी के बेटे हैं, जिनकी 2021 में मृत्यु हो गयी थी। मीरवाइज ने कहा कि बैठक में किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा नहीं हुई। मीरवाइज ने इसे महज एक अनौपचारिक बैठक बताया।

इस बीच, जम्मू-कश्मीर में हुर्रियत की बैठक को लेकर राजनीतिक हलकों में भी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अपना पार्टी के अध्यक्ष अल्ताफ बुखारी ने कहा, मीरवाइज उमर फारूक साहिब और उनके सहयोगियों को आखिरकार लंबे समय बाद मिलने की अनुमति दी गयी। यह कश्मीर के राजनीतिक माहौल में एक साफ बदलाव का संकेत है, जो कि जनता के व्यापक हित में काफी महत्वपूर्ण हो सकता है। उन्होंने आगे कहा, राजनीतिक और वैचारिक मतभेदों के बावजूद, सभी पक्ष, विशेषकर राजनीतिक इकाइयां, जम्मू-कश्मीर के बेहतर भविष्य के निर्माण में एक सकारात्मक भूमिका निभा सकती हैं, जिसमें शांति, समृद्धि और लोगों का कल्याण मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

# तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के परिसर पर इडी का छापा

**चेन्नई (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मनी लांड्रिंग मामले की जांच के तहत बुधवार को एआइएडीएमके के पूर्व मंत्री वैथियलिंगम समेत कई अन्य के परिसर पर छापेमारी की। यह छापेमारी चेन्नई समेत चार अलग-अलग शहरों में की गयी। बता दें कि वैथियलिंगम को पूर्व मुख्यमंत्री पनीरसेल्वम का करीबी माना जाता है। इडी की यह जांच तमिलनाडु आवास विकास मंत्री के रूप में वैथियलिंगम के कार्यकाल के दौरान चेन्नई मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के कार्यों के लिए मंजूरी देने में कथित लेन-देन से संबंधित है। उन्हें 2022 में पूर्व सीएम एडाप्पडी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में परीनसेल्वम के साथ पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

## उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को दो मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इस प्रचार रथ के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जायेंगे। इस दौरान ऑडिओ-विजुअल को वाहन पर लगे स्क्रीन में दिखाया जायेगा। उन्होंने पीवीटीजी बहुल इलाकों में इसके माध्यम से विशेष प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सह कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार ने सभी वर्गों को छला: सत्येंद्रनाथ तिवारी



### आदिवासी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित पांच सौ से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी का शाम और देर रात तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान आदिवासी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह सहित पांच सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने माला और पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने गढ़वा हेमंत सोरेन की सरकार ने पिछले पांच वर्ष के दौरान सभी वर्गो को छलने का काम किया है। जल और जंगल को संरक्षण करने के नाम पर सत्ता में काबिज हेमंत सरकार ने दोनों को समाप्त करने का काम किया है। गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के संरक्षण में सभी नदियों के बालू को अवैध तरीका से तस्करी कराकर दूसरे राज्यों में बेचा गया है। जबकि गढ़वा के लोग बालू के लिए हाहाकार कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष के दौरान गढ़वा सहित पूरे झारखंड के आदिवासियों पर जुल्म और अत्याचार हुआ है। हेमंत सोरेन को सिर्फ चुनाव के समय ही आदिवासियों की याद आता है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों को मंत्री अपने कार्यकाल के दौरान डरा-धमका कर रखा। अब चुनाव के दौरान वोट लेने के लिए पैसा और सामाग्री वितरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के बालू, पत्थर और टेंडर मैनेज के जरिए अर्जित किये गये अकूत संपति को वह पचा नहीं पायेंगे। भाजपा सरकार बनने के बाद सभी घोटालों की जांच करायी जायेगी। पूर्व विधायक का आयोजित कार्यक्रम के दौरान हूर, शहरी क्षेत्र के दीपुवां सहित अन्य जगहों पर लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

### भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने किया नामांकन



गढ़वा। गढ़वा रंका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने बुधवार को अपना नामांकन गढ़वा अनुमंडल कार्यालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष दो सेट में पर्चा दाखिल किया। इस मौके पर केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे तथा उत्तर प्रदेश रॉबर्ट्सगंज के विधायक भूपेश चौबे सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

### बिलासपुर स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में लूट की कोशिश

# तीन अपराधियों ने बैंक में फायरिंग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** बिलासपुर स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में लूट की असफल कोशिश की खबर है। खबर के मुताबिक लूट के इरादे से बैंक में तीन अज्ञात अपराधियों ने बैंक में फायरिंग की। फायरिंग में बैंक मैनेजर जितेंद्र सिंह मीना बाल बच गये हैं। बताया गया है कि गोली बैंक मैनेजर के चैंबर में लगे कूलर को चीरते हुए दीवार में लगी। गोली लगने के बाद कूलर में तेज आवाज होने लगी।

जिसके बाद अपराधी फरार हो गये। प्रत्यक्षदर्शी चंदन कुमार ने बताया कि वे पैसा डिपोजिट करने आये थे। लगभग 2 बजकर 48 मिनट के करीब तीन लोग मास्क लगाकर आये, इसमें एक व्यक्ति बैंक के गेट के पास खड़ा हो गया। जबकि दो लोग बैंक में आते ही सभी ग्राहकों को एक जगह बैठ जाने की चेतावनी दी। इसके बाद दो अपराधी चतुर्थ वर्गीय कर्मी मंटू का मोबाइल छीन कर पटक दिया। उसके बाद बैंक मैनेजर के चैंबर में घुसकर मोबाइल छिन कर पटकने का प्रयास किया, जिसका विरोध मैनेजर करने लगे। इसी दौरान एक अपराधी बैंक मैनेजर के सर पर रिवॉल्वर के बट से मारते हुए फायरिंग कर दी। घटना के बैंक में 20 से 25 ग्राहक मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी अपराधी बाइक से आये थे। एक बाइक यूपी की ओर, जबकि दूसरे बाइक से अपराधी श्री बंशीधर नगर शहर की ओर भाग निकले।

उधर घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक दल बल के साथ बैंक पहुंच कर मामले की जानकारी ली। बैंक मैनेजर समेत अन्य कर्मियों से पूछताछ कर मामले के बारे में जानकारी ली। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी गहनता से जांच पुलिस कर रही है।

# डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विभिन्न गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी बुधवार को मझिआंव प्रखंड अंतर्गत कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके अलावा उन्होंने जनता से सीधा संवाद भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का विकास तेज गति के साथ हुआ है। विकास के इस रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को समर्थन दें। क्षेत्र का विकास पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने किया है और आगे भी करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव में कई वोट कटवा लोग भेष बदल-बदल कर आयेंगे, कई तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर भाजपा नेता दिवाकर दुबे ऊर्फ चंचल दुबे, मंडल अध्यक्ष दीपक चौहान, नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमा शंकर यादव, मुस्तफा खान, शिवपूजन सिंह, दिनेश, पारीख सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# गढ़वा विस क्षेत्र से तीन, भवनाथपुर से चार नामांकन पत्र दाखिल हुए



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बुधवार को नामाकंन के पांचवे दिन 80-गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 03 नामांकन पत्र दाखिल किया गया। भारतीय जनता पार्टी से सतेंद्र नाथ तिवारी के द्वारा दो सेट में, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में दिलीप कुमार तिवारी के द्वारा दो सेट में तथा पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) से सुखलाल बाख्ला ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वहीं 03 एनआर काटा गया। 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 04 नामांकन पत्र दाखिल किया गया। इसमें पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया(डेमोक्रेटिक) से नन्दलाल राम, सोसलिस्ट यूनिटी सेन्टर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से अजय कुमार सिंह, स्वतंत्र अभ्यर्थी के रूप में राजेश बैठा तथा बहुजन समाज पार्टी से पंकज कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वहीं 01 एनआर काटा गया।

# उत्तरप्रदेश से झारखंड लायी जा रही अवैध शराब को पुलिस ने किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** सीमावर्ती राज्य उत्तरप्रदेश से झारखंड लाया जा रहा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ रमना थाना पुलिस को बुधवार के अहले सुबह बड़ी सफलता प्राप्त किया है, जिसमें लगभग तीन लाख उन्नीस हजार रु की अंग्रेजी शराब जब्त कर दो लोगों को हिरासत में लेते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार सूचना मिली थी कि आपराधिक गिरोह के सदस्य अपने लग्जरी गाड़ी से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की खेप उत्तर प्रदेश से तस्करी के उद्देश्य से आने वाला है। उक्त सूचना के आधार पर एफएसटी टीम के दंडाधिकारी विकास कुमार पुलिस बल और सशस्त्र बल्कि मदद से मुख्य सड़क स्थित करचा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप एक गाड़ी को रोककर गहनता पूर्वक जांच की गयी, जिसमें पटना जिला नौबतपुर निवासी चालक करण कुमार और नालंदा बिहार निवासी सन्नी कुमार के द्वारा अपने वाहन में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब पड़ी थी, इसके बाद कागजात मांगने पर कोई कागजात नहीं दिखाया गया।

जिसमें ब्लेंडर प्राइड 113 पीस, रेड लेबल 49 पिस, बांबे स्पॉयलर 10पिस, रॉयल चैलेंज 57 पिस, रॉयल स्टैज 127 पीस, बकार्डी लेमन 18 पीस, मैजिक मोमेंट 95 पीस शामिल है। इस अभियान में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे। मालूम हो कि एक सप्ताह पूर्व अवैध रूप से शराब बिक्री किये जाने के सूचना पर बड़ी मात्रा में अंग्रेजी व महुआ शराब जप्त कर एक अशोक कुमार को गिरफ्तार किया गया था। इस तरह के लगातार कार्रवाई से शराब माफिया में हड़कंप मचा है।

## मानवेंद्र ने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। इंडिया गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा के छोटे राजा के पुत्र मानवेंद्र प्रताप देव (मनु बाबा) ने विशुनपुरा टेंपू स्टैंड स्थित चुनाव कार्यालय का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस मौके पर मानवेंद्र प्रताप देव ने कहा कि प्रखंड में कार्यालय खोले जाने से कार्यकर्ताओं को कार्य करने में सुविधा होगी। कार्यालय प्रतिदिन समयानुसार खोला जायेगा। इस मौके पर राजग नेता शिवबचन यादव, प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार रवि, शिवकुमार ठाकुर, सचिन गुप्ता, मानिक गुप्ता, सजंय गुप्ता, महेंद्र सोनल, सुधीर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बाल विवाह पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य: किरण



मेराल (आजाद सिपाही)। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। आधुनिक युग में बाल विवाह होना समाज के लिए अशोभनीय है। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय का बाल विवाह के रोकथाम और सुरक्षा पर ऐतिहासिक फैसले में दिये गये दिशा निर्देश स्वागत योग्य है। उक्त बातें गैर सरकारी संस्था अग्रगति के निदेशक किरण शंकर दत्त ने कहा। उन्होंने कहा कि यह फैसला 2030 तक देश से बाल विवाह का खात्मा सुनिश्चित करेगा। उन्होंने राज्य सरकार से अपील किया कि वे इन दिशा-निर्देशों पर तत्काल प्रभाव से अमल करे। ताकि 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके। अग्रगति देश के 200 से ज्यादा गैर-सरकारी संगठनों के गठबंधन बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक अहम सहयोगी है। बाल विवाह के खात्मे के लिए 400 से ज्यादा जिलों में जमीनी अभियान चला रहे हैं।

## रोक के बाद भी बालू का अवैध खनन धड़ल्ले से जारी



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रशासनिक रोक के बाद भी भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत कैलान के सुरक्षित वन क्षेत्र के नदियों से बालू का अवैध खनन बेरोक टोक धड़ल्ले से जारी है। बालू माफिया कैलान के झोंक नदी, खडार नदी, चमईनी दाई सहित विभिन्न जगहों से बालू का अवैध खनन कर सरकार के लाखों रुपये राजस्व का चूना लगा रहे हैं, जबकि स्थानीय प्रशासन बेफ्रिक है। इस संबंध में पूछे जाने पर सीओ शंभू राम ने बताया कि मुझे अवैध तरीके से बालू खनन की जानकारी नहीं थी, अगर अंचल क्षेत्र के नदियों से बालू का अवैध खनन किया जा रहा है, तो इसकी जांच कर इसमें संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई किये जाने के साथ ही किसी भी कीमत पर बालू का अवैध खनन नहीं होने देंगे।

# रिकॉर्ड मतों से जिताने के लिए संकल्पित है गढ़वा की जनता : मिथिलेश ठाकुर

### दो दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों सहित 300 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के दो दर्जन से अधिक पंचायत समिति सदस्य सहित अन्य प्रखंडों के विभिन्न गावों के 300 से अधिक महिला, पुरूष व युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। बुधवार को गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से गढ़वा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य अजय राम, अनिल भारती, नंदकिशोर मेहता, मजहर हुसैन, मो कुदुश अंसारी, आशिक अंसारी, सुनील कुमार, फुल कुमारी देवी, ओम सिंह, श्रीराम बैठा, पुष्पा देवी, संजय कुमार दास, प्रेम दीवाना, सबीला खातुन, माया कुमारी, सुनील शाह आदि सहित 300 से अधिक लोगां का नाम शामिल है।

मौके पर श्री ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि इन सभी लोगां के आने से पार्टी और मजबूत बन रही है। प्रतिदिन झामुमो का परिवार बढ़ रहा है। इस विधानसभा चुनाव में गढ़वा की जनता उन्हें रिकार्ड मतों को जीताने के लिए संकल्पित है। राज्य की जनता के आशीर्वाद से पुनः झारखंड में महागठबंधन की सरकार बनेगी। साथ ही झारखंड की विकास की गाड़ी और तेजी से दौड़ेगी। उन्होंने सभी से कहा कि आज ही से अपने-अपने क्षेत्र में जाकर लोगों से गढ़वा के विकास के लिए तीर धनुष छाप पर वोट देकर रिकार्ड मतों से जीताने की अपील करें। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


## Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platform and website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in prusuance of the Order dated 13.02.2022 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no. 2192 of 2018 in WP(C) No. 536 of 2011)

Name of the Political Party: **AJSU Party**
Name of the Election: **STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**
(1) Name of the Constituency – **05 – PAKUR**
Name of the Candidate – **AZHAR ISLAM**

| S No | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| (i) | a. | Nature of the Offences | 1) Offence u/s 504, 506, 34 IPC<br>2) Offence u/s 115(2), 127(1), 117(2), 109, 308(4), 308(5), 303(2), 3(5) BNS, 2023 |
| | b. | Case no. | 1)Pakur Town PS Case No. 17/2023<br>2)Pakur Town PS Case No. 231/2024 |
| | c. | Name of the Court | 1) Chief Judicial Magistrate, Pakur<br>2) Chief Judicial Magistrate, Pakur |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | 1) No<br>2) No |
| | e. | Date of conviction, if any | N.A. |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | N.A. |
| | g. | Any other information required to be given | N.A. |
| 2 | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the pools (not more than 100 words) | | Azhar Islam was selected as a candidate because of his experience, commitment, and deep understanding of local issues make him a capable and deserving candidate, well -suited to effectively represent the interests of the people of Pakur Constituency. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (Details (not more than 100 words) | | Other individuals were not chosen because Azhar Islam has a proven track record of serving the constituency, with notable contri butions to welfare projects. His experience and capability in addressing critical issues make him the most suitable candidate for selection. |

Sd/-
**RAJENDRA MEHTA**
General Secretary
AJSU Party

# पूर्व नक्सली मसीह चरण पूर्ति सहित तीन प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### चार-चार सेट में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के दौरान बुधवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र से दो और तोरपा विधानसभा क्षेत्र से एक प्रत्याशी द्वारा निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

बुधवार को खूंटी विधानसभा सीट से जिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उनमें भारत आदिवासी प्रत्याशी के रूप में खूंटी जेल में बंद भाकपा मओवादी के पूर्व नक्सली मसीह चरण मुंडा और निर्दलीय प्रत्याशी पास्टर संजय कुमार तिर्की शामिल हैं। दूसरी ओर तोरपा विधानसभा सीट से बुधवार को अबुआ झारखंड पार्टी प्रत्याशी के रूप में रिलन एमन होरो द्वारा दो सेट में नामांकन प्रपत्र भरा गया। बुधवार को खूंटी विधानसभा सीट के लिए चार अभ्यर्थी निर्दलीय दयामणि बारला, निर्दलीय दुर्गावती ओड़ेया, जेएलकेएम प्रत्याशी अनिल कुमार बड़ाईक और भारत आदिवासी प्रत्याशी मसीह चरण मुंडा ने भी चार-चार सेट में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया। तोरपा विधानसभा सीट के लिए बुधवार को झामुमो प्रत्याशी सुदीप गुड़िया, झापा प्रत्याशी कुलन पतरस आईंद, जेएलकेएम प्रत्याशी विल्सन भेंगरा, एपीआई प्रत्याशी सामड़ोम गुड़िया समेत छह अभ्यर्थियों द्वारा चार-चार सेट में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा गया।



## दो प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा

**बुंडू।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में 58 तमाड़ विधानसभा अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के छठे दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा। नामांकन पर्चा खरीदने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी देवनंदन सिंह मुंडा एवं हमर राज पार्टी के प्रत्याशी उदार कांत सिंह मुंडा ने नामांकन पर्चा खरीदा है। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा ने बताया कि अब तक कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है। एवं बुधवार को जदयू प्रत्याशी गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर,जेएलकेएम प्रत्याशी दमयंती मुंडा एवं निर्दलीय प्रत्याशी गुंजल ईकीर मुंडा ने नामांकन दाखिल किया है।

## गुंजल ईकीर मुंडा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया



बुंडू। अनुमंडल पदाधिकारी सह निवाची पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष निर्दलीय गुंजल ईकीर मुंडा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे नामांकन के पश्चात गुंजल ईकीर मुंडा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं स्वास्थ्य कृषि और संस्कृति को बढ़ाने का काम करूंगा। चुनाव के पूर्व ही आम जनता का स्नेह दिखने लगी है। इसका मुख्य कारण है संस्कृति से जुड़ाव। गुंजन ईकिर मुंडा के नामांकन में पारंपरिक गाजे बाजे के साथ किया गया। नामांकन के पश्चात वे अपने सहयोगियों के साथ धुर्वा मोड़ गये। वहां जाकर उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा को पुष्प अर्पित किया एवं उनसे आशीर्वाद लिया, इसके पश्चात उन्होंने सभा को संबोधित किया और चुनाव को लेकर सकारात्मक परिणाम की अपेक्षा की है।

## जेएलकेएम प्रत्याशी दमयंती मुंडा ने नामांकन पत्र दाखिल किया



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुधवार को जेएलकेएम प्रत्याशी दमयंती मुंडा अपने आवास से निकल कर दिउड़ी मंदिर गयी। उन्होंनें मां दिउड़ी से आशिर्वाद लिया। इसके बाद नामांकन के लिए बुंडु अनुमंडल गये जहां। उन्होंने अपना नामांकन पत्र निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में उनके समर्थक मौजूद रहे।

# डीआइजी अनूप बिरथरे ने खूंटी में की चुनाव तैयारियों की समीक्षा, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर दक्षिण छोटानागपुर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय खूंटी के सभागार में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार समेत जिले के अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक में डीआईजी अनूप बिरथरे द्वारा लंबित वारंट, कुर्की, गैर जमानतीय और स्थायी वारंट का निष्पादन, अपराधियों के विरूद्व निरोधात्मक कार्रवाई करने, लाइसेंसी शस्त्र का सत्यापन एवं जमा करने, अवैध शराब, मादक पदार्थों, अवैध माईनिंग, नगदी आदि की बरामदगी, सक्रिय अपराधियों एवं नक्सलियों के विरूद्व सघन अभियान चलाकर गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर आरओपितो और एरिया डोमिनेशन करने, अंतर जिला बॉडरों पर स्थापित चेकनाका-पोस्टों पर सघन कार्रवाई करने, संवेदनशील क्षेत्रों एवं संवेदनशील व्यक्तियों-अभियुक्तों की पहचान कर विधिपूर्वक आवश्यक कार्रवाई करने, सीएपीएफ/ बाहरी बलों/होमगार्ड एवं चुनाव में प्रतिनियुक्त होने वाले बलों के आवासन, परिवहन एवं अन्य मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बैठक में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक, तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, मुख्यालय डीएसपी समेत सभी पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

# चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले सीसीएल कर्मियों को ओवर टाइम का पैसा का भुगतान हो : प्रेम कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के एनके क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार ने एनके महाप्रबंधक सुजीत कुमार को एक पत्र देकर चुनाव कार्य पर जाने वाले सीसीएल कर्मियों को उचित वेतन के तहत अतिरिक्त समय में जो उनके द्वारा कार्य किया जाता है उसका भुगतान किए जाने की मांग किया है। पत्र के माध्यम से उन्होने कहा कि 12 नवंबर को चुनाव डयुटी पर जाने वाले कर्मियों को सुबह 04 बजे अपने-अपने घर से निकलना होगा जो कि सभी मोरहाबादी रांची पहुंचेंगे। जिसके बाद वहां से टीम बनाकर एवं उन्हे चुनाव सामग्री देकर बूथ तक भेजा जाएगा और देर रात बूथों पर पहुंचेंगे। वहीं अगले दिन सुबह में 04 बजे चुनाव सामग्री एवं मषीनों को फिट कर समय पर चुनाव को शुरू कराना होगा। जिसके बाद चुनाव समाप्ति पर सभी वोटिंग मषीनों को बंद एवं सील कर गाड़ी में सवार होकर पंडरा पहुंच कर नंबर में लगकर फार्म भरने एवं जमा करने में सुबह भी हो जाता है। कहा कि इसके बाद सीसीएल कर्मी बस या अन्य साधन से डकरा खलरी या पीपरवार आते आते है। सीसीएल कर्मी दो दिनों में दो हाजरी के हिसाब से 16 घंटे ही काम कर सकते है। जबकि चुनाव डयुटी में जाने वाले कर्मी 56 से 60 घंटा ड्यूटी करते है। कहा कि अगर दो दिन का 16 घंटा को बाद कर दिया जाये तो 36 से 40 घंटा का ओवर टाइम का पैसा सीसीएल कर्मी को मिलना चाहिए, जो कि उनका हक है। उन्होने बताया कि ऐसा भुगतान का आर्डर डब्ल्यूसीएल नागपुर द्वारा अपने कर्मचारियों को चुनाव के बाद ओवर टाइम भुगतान किया गया है। अंत में उन्होने मांग किया कि डब्लूसीएल के तर्ज पर सीसीएल कर्मियों को भी ओवर टाइम का भुगतान किया जाये जो नियम के अनुरूप है।

## मतदान के लिए लोगों को जागरूक करें खिलाड़ी : जिला निर्वाची पदाधिकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में बुधवार जिला स्तरीय हॉकी मैच का आयोजन कर स्थानीय खिलाड़ियों द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वयं जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने हॉकी मैच में पहुंच स्थानीय खिलाड़ियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और 13 नवंबर को अवश्य मतदान करने की अपील की। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को मतदाता प्रतिज्ञा भी दिलायी गयी। महिला एवं पुरूष हॉकी विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर उनकी हौसला अफजाई की गयी। उल्लेखनीय है कि खूंटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। विधानसभा चुनाव में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग के द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे मतदाताओं को जागरुक कर शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराया जा सके।

## जंगली हाथी ने ग्रामीण को कुचलकर मार डाला



**कर्रा (आजाद सिपाही)।** जरिया वन प्रक्षेत्र के बक्सपुर किनूटोली चगर जाहिर जंगल के पास जंगली हाथी ने मंगलवार की शाम को बक्सपुर बरटोली निवासी मनबहाल बाखला(उम्र 45 वर्ष को कुचल कर मार डाला। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को मनबहाल बाखला अपने बैल को लाने के लिए चगर जाहिर जंगल गया हुआ था। तभी जंगली हाथी ने उसे कुचलकर मार डाला। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी ने बुरी तरह रौंदकर मनबहाल बाखला को मार दिया। मंगलवार देर रात होने के कारण घटना की जानाकरी लोगों को नहीं मिल पाई। बुधवार सुबह को ग्रामीणों ने मनबहाल बाखला के शव को देखा और इसकी सूचना जरियागढ़ थाना की पुलिस और जरिया वन प्रक्षेत्र कर्रा को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जरियागढ़ थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। घटना की खबर मिलने पर बक्सपुर पंचायत मुखिया पूनम बारला भी घटनास्थल पर पहुंची एवं परिजनों को ढ़ाढंस बांधया। वनपाल राकेश कुमार एवं वनपाल अमर स्वांसी द्वारा मृतक के परिजनों को तत्काल 15 हजार रुपये की सहायता राशि मृतक के स्वजनों को दी गयी।

## खलारी में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी थाना पुलिस ने अवैध कोयला लदा एक ट्रक जब्त किया है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि विशेष छापेमारी अभियान के दौरान खलारी थानांतर्गत निर्मल चौक पुरानी राय के पास कोयला लदा ट्रक जेएच01सीवी/7112 को रोककर संबंधित कागजात की जांच की गयी। जांच के क्रम में ट्रक चालक द्वारा कोई वैद्य कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। ट्रक को सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना ले आया गया। लदे कोयला और कागजात को जब्त कर उचित कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा गया। खान निरीक्षक रोशन लाल द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने हेतु प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए टांगर (चान्हो) निवासी ट्रक चालक शिबु उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## खलारी डीएसपी ने की अवैध शराब भट्ठी पर कार्रवाई, तीन भट्ठी को नष्ट किया गया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी से सटे बुढ़मू थाना क्षेत्र के जॉब्रो गांव में पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चैधरी के नेतृत्व में अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान चलाया गया। बुढ़मू थाना प्रभारी एवं सेट बल के जवानों के साथ की गयी। इस कार्रवाई में करीब ढाई सौ लीटर महुआ निर्मित शराब, शराब बनाने का उपकरण, गुड़, अल्युमिनियम का आठ बड़ा तसला, तथा अन्य कई सामान बरामद किया गया। साथ ही भट्ठी में रखा करीब 1000 किलो ग्राम महुआ गुड़ मिश्रित घोल को नष्ट किया गया। इस दौरान तीन बड़ा भट्ठी नष्ट किया गया। डीएसपी आरएन चैधरी ने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# विद्या भारती झारखंड के मानक परिषद ने किया सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा विद्यालय का मूल्यांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** विद्या भारती झारखंड के मानक परिशद के द्वारा 21 से 23 अक्टुबर तक सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय करकट्टा का मुल्यांकन किया गया। मानक परिषद के मूल्यांकन कर्ता के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर बागमारा के प्रधानाचार्य संतोष कुमार झा तथा सरस्वती विद्या मंदिर बोकारो के प्रधानाचार्य संजीव कुमार के द्वारा विद्यालय का मूल्यांकन किया गया। इस क्रम में चार क्षेत्र जिनमें शासन, प्रशासन, नेतृत्व तथा अध्ययन-अध्यापन पर एसईएसक्यू मानक परिषद के मापदंड पर मूल्यांकन किया गया। इन चार क्षेत्रों के अंतर्गत कक्षा में आचार्यों द्वारा अध्यापन कौशल, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, लेजर, केशबुक, विभिन्न प्रकार के पंजी, स्वच्छता इत्यादि का स्तरीय मूल्यांकन हुआ। साथ ही इस दौरान विद्यालय के छात्रों, अभिभावकों, प्रबंधकारणी समिति, आचार्यों एवं पूर्व छात्रों के साथ अलग-अलग बैठक भी हुई। बैठक में आचार्यों को अध्यापन के कई महत्वपुर्ण टिप्स बताये गये। वहीं विद्यालय के विकास के बारे में गहन चर्चा की गयी। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मूल्यांकन से विद्यालय के विकास को गति मिलेगी। इस मौके पर पूनम पाठक, नूतन सिंह, गौरी शंकर कामिला, बसंती कुमारी, चंद्रभूषण सिंह, संजीव कुमार सिंह, सूरज कुमार, दिलीप कुमार शर्मा, विक्रम कुमार पांडे, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, उमेश कुमार, अजय कुमार पाठक, रीमा कुमारी, गोविंद कुमार चैहान, प्रिया कुमारी उपस्थित थे।

## डॉ जीतूचरण के नामांकन में आज शामिल होंगे खलारी के भाजपा कार्यकर्ता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांके विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार डा जीतूचरण राम के नामांकन में खलारी से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसे लेकर भाजपा खलारी मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने को लेकर सुझाव रखा गया। तय हुआ कि नामांकन के दिन गुरूवार सुबह 7.30 बजे सभी भाजपा कार्यकर्ता व समर्थक खलारी झील होटल के निकट से एक साथ रांची के लिए रवाना होंगे। बैठक में फूलेश्वर महतो, अरविंद सिंह, भरत रजक, चतुर्गुण भुईया, श्यामसुंदर सिंह, शैलेंद्र शर्मा, रामसूरत यादव, अभिषेक चौहान, परमेश्वर महतो, मनोज गुप्ता, प्रदीप प्रमाणिक, शिवकुमार चौधरी, कार्तिक पांडेय, रवि भूषण, नीरा देवी, ममता केशरी, किरण देवी, सरोजनी देवी, कमलेश महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रांची-चतरा सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस ने बनाया चेकनाका, वाहनों की ली जा रही है तलाशी



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आगामी विधासभा चुनाव को लेकर सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में स्थानीय पिपरवार पुलिस पुरी तरह से सर्तक है। पिपरवार क्षेत्र के सीमांत क्षेत्रों में पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर व चेकनाका बनाकर वाहनों की जांच और हर आने जाने वालों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के अनुसार चतरा-रांची और चतरा हजारीबाग के सीमांत क्षेत्र पर पिपरवार पुलिस के द्वारा बैरियर लगाकर चैकनाका बनाया गया है,जिसमें प्रत्येक दिन वाहनों की जांच और आने-जाने वाले लोगों की तलाशी ली जा रही है।वही चेकनाका मे सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिससे आने जाने वाले लोगों की निगरानी भी की जा रही है। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पाण्डेय के निर्देश पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें दो पहिया वाहनो के साथ चार पहिया वाहनों की तलाशी ली जा रही है,साथ ही वाहनो से संबंधित कागजात की जांच की जा रही है। इस चेकनाका में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और जवान तैनात देखे जा रहे है। इस संबंध में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर पिपरवार पुलिस पूरी तरह से सतर्क है और सीमांत क्षेत्रों में बैरियर व चेकनाका लगाकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से शरारती तत्व एवं मनचलो पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी लोगों से मोटर वाहन एक्ट का पालन करते हुए वाहन चलाने के वक्त सीट बेल्ट लगाने, दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेन्ट का उपयोग करने, नशा का सेवन नहीं करने, क्षमता से अधिक लोगो के वाहन में नहीं बैठने, नाबालिक से वाहन नहीं चलाने, वाहन से संबंधित दस्तावेज साथ मे रखने की अपील की है।

# पिपरवार के बिलारी निवासी जितेंद्र राम को सिमरिया से जेएलकेएम ने बनाया उम्मीदवार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव निवासी और झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति एवं जेएलकेएम के सक्रिय सदस्य जितेंद्र कुमार राम को पार्टी ने भरोसा जताते हुए सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने सूची जारी करते हुए इसकी घोषणा की है। जितेंद्र कुमार राम को सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी के कार्यकताओं एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। इस संबंध में प्रत्याशी जितेंद्र कुमार राम ने बताया कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है। उस पर वह पूरी तरह से मेहनत के साथ चुनाव लड़ने का काम करेंगे। झारखंडियों के हक एवं अधिकार को लेकर टाइगर जयराम महतो के नीति एवं सिद्धांत को आम जनता तक पहुंचाते हुए विधानसभा चुनाव में भारी मतों से जीतकर पार्टी को मजबूत बनाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार 25 अक्टूबर को वह अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ सिमरिया अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। जिसमें पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं समर्थकों से नामांकन कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## पिपरवार के सैकड़ों सीसीएल कर्मियों को दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पिपरवार क्षेत्र में काम करने वाले सैकड़ो सीसीएल कर्मचारियों को चुनाव कार्य के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन के द्वारा पिपरवार, अशोका, सीएचपी, बचरा एवं जीएम ऑफिस के सैकड़ो कर्मियों का चयन विधानसभा चुनाव के लिए किया गया है। चुनाव कार्य के लिए चयनित होने वाले कर्मियों की सूची जिला प्रशासन के द्वारा जारी कर दी गई है। वहीं जिला प्रशासन के आदेश पर चतरा में चयनित सीसीएल कर्मियों को चुनाव कराने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सभी सीसीएल कर्मचारी बचरा चार नंबर चौक से एक साथ बस एवं छोटे-छोटे वाहनों पर सवार होकर चतरा के लिए रवाना हुए। हालांकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कई कर्मियों का सूची में नाम नहीं होने के कारण उनमें संशय बना रहा। चार नंबर चौक में अपना-अपना नाम सूची में देखने के लिए कर्मियों की काफी भीड़ लगी रही।

## उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी कल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार 25 अक्टुबर को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस संबंध में स्कूल की प्रिंसीपल सिस्टर जयंती ने जानकारी देते हुए बताया कि विज्ञान प्रदर्शनी को लेकर बच्चे पूरी तैयारी में लगे हुए हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉन बॉस्को एकेडमी मैकलुस्कीगंज के प्रिंसीपल जोशी टीडी उपस्थित रहेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों के द्वारा विभिन्न मॉडल तैयार किया जा रहा है।

## दो प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में 58 तमाड़ विधानसभा अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के छठे दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा। नामांकन पर्चा खरीदने वालों में निर्दलीय प्रत्याशी देवनंदन सिंह मुंडा एवं हमर राज पार्टी के प्रत्याशी उदार कान्त सिंह मुंडा ने नामांकन पर्चा खरीदा है। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किष्टो कुमार बेसरा ने बताया कि अब तक कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है।

## अवैध शराब के खिलाफ बुढ़मू पुलिस की कार्रवाई 250 लीटर शराब जब्त




**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** अवैध शराब निर्माण की सूचना पर बुधवार अहले सुबह खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में बुढ़मू पुलिस थाना क्षेत्र के जॉब्रों गांव में बुढ़मू थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो एवं सैट बल के जवानों के साथ अवैध शराब भट्ठी पर छापामारी की गयी। इस दौरान मौके से करीब 250 लीटर महुआ निर्मित शराब, शराब बनाने का उपकरण, गुड, अलमुनियम का बड़ा तसला 8, और कई अन्य सामान बरामद किया गया। साथ ही भट्टी में रखा करीब 1000 किलो ग्राम महुआ गुड मिश्रित घोल को नष्ट किया गया। इस दौरान तीन बड़े भट्ठी भी नष्ट किये गये। बतातें चलें कि पुलिस का अवैध शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है।

### अनुभवी शिक्षक करायेंगे आइआइटी, जेइइ और नीट आदि की तैयारी : प्यारेलाल

# अनगड़ा के आरटीसी पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसइ प्लस टू की मान्यता

### क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी आकांक्षा अब पूरी हुई : रामटहल चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आरटीसी स्कूल के चेयरमैन व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि अनगड़ा आरटीसी पब्लिक स्कूल को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली (सीबीएसई) से प्लस टू तक तीनों संकाय (साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स) की मान्यता मिल चुकी है। इसके साथ ही अनगड़ा क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी आकांक्षा पूरी हो गई। वे बुधवार को विद्यालय परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उक्त जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि यह अनगड़ा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि अब यहां के बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई स्कूल में ही होगी। अब उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्कूल में प्लस टू के तीनों संकाय साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स में नामांकन और उनकी सभी कक्षाएं पूर्ण रूप से संचालित होगी। वहीं, जीएवीएस सोसाइटी के अध्यक्ष प्यारेलाल महतो ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों को आईआईटी, जेईई एवं नीट आदि की पूर्ण तैयारी अनुभवी शिक्षकों द्वारा कराई जाएगी। बताया कि आरटीसी पब्लिक स्कूल की स्थापना 2016 में ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक एवं बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया था। विगत आठ वर्षों से स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। इससे क्षेत्र में स्कूल की एक अलग पहचान बनी है। विद्यालय के सचिव डॉ पारसनाथ महतो ने बताया कि स्कूल में अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब, बड़ी लाइब्रेरी, फिजिक्स लैब, केमेस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब, कंपोजिट लैब, मैथ लैब, स्मार्ट क्लास, खेलकूद सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने यह भी कहा की इतने कम समय में ही स्कूल इन ऊंचाइयों तक पहुंचा है यह शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प और शिक्षकों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों एवं बच्चों के विश्वास और सहयोग के कारण ही संभव हो पाया है। वहीं, स्कूल के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो ने कहा कि सीबीएसई की मान्यता प्राप्त करने में कई तरह की कठिनाईयां आई, लेकिन स्कूल ने उन सभी बाधाओं को पार कर सीबीएसई के सभी मापदंडों को पूरा किया और अंततः स्कूल को प्लस टू तक की मान्यता मिल गई। आगे और भी नई ऊंचाइयों को छूना है। स्कूल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उन सभी तरह की सुविधाएं देना है जो बड़े शहरों में बच्चों को मिलती है। ताकि वे भी जमाने के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ते हुए एक मुकाम हासिल कर सकें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेन्द्र नाथ महतो, शिक्षक उमेश मंडल, सुमंत कुमार, आनद प्रसाद, घासी राम महतो, भुनेवश्वर कुम्हार, शिक्षिका पुतुल नीलू, स्नेहा, कल्याणी कुमारी, अंजलि, ललित महतो, पुलेश्वरी, गायत्री, अर्पणा, प्रियंका कुमारी, कुसुम कुमारी आदि मौजूद थे।




पत्रकारों से बातें करते रामटहल चौधरी व अन्य।

## अनुशासन और सूझबूझ का खेल है फुटबॉल : विनोद



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** 22 पहड़ा सोहराई जतरा सह स्वः दशा उरांव टूर्नामेंट कुदलौग का उद्घाटन नगड़ी के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद तिर्की, कुदलौग पंचायत की मुखिया मंजू लिंडा और दक्षिणी टुंडूल के मुखिया संजय लिंडा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने खिलाड़ियों से कहा कि फुटबॉल अनुशासन और सूझबूझ का खेल का प्रतीक है। एक अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए अपनी अनुशासन की योग्यता को प्रदर्शन कर लोगों के मन में जगह बनाएं और देश के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर बनने का लक्ष्य रखें। इस टूर्नामेंट का संचालन सुशांत तिर्की की ओर से किया गया।

इस मौके पर झामुमो महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, नगरी की कमेटी, कुदलौग के पहान बिगल मुण्डा, सुकरा उरांव, बिरसा उरांव, रितेश कुजूर, रमण तिग्गा, दशरथ तिग्गा, लाखो उरांव, पिंकी लकड़ा, विनीता तिर्की, बसंत उरांव, सोनू केरकेट्टा, सुमित तिग्गा, कान्हू गाड़ी, बिजय सिंह, संजय सिंह, रंजीत कच्छप, सामू लोहरा, अजय कच्छप, पवन कच्छप, बबलू महली, बसंत बखला, रंजीत तिर्की, दीपक मिंज, हेरमन कच्छप, प्रदीप कच्छप, आलोक तिग्गा, संजय लकड़ा, श्रीकांत कच्छप, महादेव केरकेट्टा, सोनू टोप्पो, नरुवा लकड़ा, दिनेश कच्छप, राहुल तिग्गा, संजू कच्छप, डहरू कच्छप, निलेश, सूरज कच्छप और साधो पहान आदि उपस्थित थे।

## बीएसएल के 90 कनीय प्रबंधक के इंडक्शन प्रोग्राम का हुआ शुभारंभ



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 2024-बैच के नवपदोन्नत कनीय प्रबंधकों व माइंस के नव नियुक्त पांच प्रबंध प्रशिक्षुओं के इंडक्शन प्रोगाम का बुदवार को शुभारंभ हुआ। जिसकी शुरूआत बीएसएल के निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में सुरक्षा शपथ के साथ हुई। कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी के साथ अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा, अधिशासी निदेशक(वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीबी करुणामय आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने अधिकारियों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए सेल की भावी विस्तारिकरण, आधुनिकीकरण, डिकार्बनाइजेशन और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही सुरक्षा मापदंड और पर्यावरण मानकों के अनुरूप स्टील उत्पादन पर नव-पदोन्नत एवं नवनियुक्त अधिकारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं एवं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सीआर महापात्रा ने सभी प्रशिक्षुओं को उनके नए दायित्व के लिए उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने में नवनियुक्त अधिकारियों की जिम्मेदारी और भूमिका पर चर्चा की। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने सभी नव पदोन्नत अधिकारियों को इस कठिन नियुक्ति प्रक्रिया से गुजरते हुए सफलता प्राप्ति पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को स्टील सेक्टर के भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं के अनुरूप तैयार रहने को कहा। अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता ने सभी नवप्रोन्नत व नवनियुक्त अधिकारियों को अपने कार्यालय के दायित्व के अलावा कंपनी के विभिन्न नियमों, विशेषकर सीडीए नियमावली से अवगत होने की सलाह दी। महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) राजेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रीती कुमारी, वरीय प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने किया।

## नक्सली विरोधी अभियानों में तेजी लायें: नैय्यर हसनैन

### एसएसबी महानिरीक्षक ने किया मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** एसएसबी 26वीं वाहिनी के महानिरीक्षक (भापुसे) नैय्यर हसनैन खान बुधवार को अपने तीन दिवसीय दौरे पर 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। सबसे पहले वाहिनी परिसर का निरीक्षण किया। कमांडेंट एसडी शेरखाने ने जवानों के लिए किए गए कल्याणकारी कार्यों एवं उपलब्ध अन्य सुविधाओं से उन्हें रूबरू कराया। महानिरीक्षक ने इन प्रयासों की अत्यंत सराहना की और आगे भी इस तरह की कल्याणकारी योजनाओं को शुरू किए जाने को लेकर दिशा निर्देश दिया। उन्होंने जवानों से संवाद करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया और नक्सल विरोधी अभियानों में तेजी लाने का आह्वान किया। इसके बाद वे 26वीं वाहिनी की एफ-समवाय अड़की खूंटी पहुंचे जहां चार दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में अड़की समवाय क्षेत्र के 25 ग्रामीणों और 25 बलकर्मियों ने भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनके बीच लेखन सामग्री का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने अड़की समवाय में नवनिर्मित 'शहद पुष्प वाटिका' का भी उद्घाटन किया। मौके पर सभी प्रशिक्षुओं से नागरिक कल्याण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में एसएसबी 26वीं वाहिनी के सभी अधिकारी, बलकर्मी समेत अन्य मौजूद थे।




## काटे जा रहे सड़क किनारे लगे हरे पेड़, बेखबर है विभाग



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार प्रत्येक वर्ष लाखों पेड़-पौधे वन विभाग की मदद से लगवाती है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी लाखों रुपये खर्च किया जाता है। स्कूलों व कालेजों के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता अभियान चला कर लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने का संदेश दिया जाता है। बावजूद इसके सड़कों के किनारे पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई पर वन विभाग की कोई नजर नहीं है। विभाग इन पर नकेल कसने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। विभाग की ऐसी सुस्ती पर्यावरण के लिए खतरा बनती जा रही है, जबकि वन विभाग को लाखों की चपत भी लग रही है। बेड़ो व लापुंग प्रखंड से सटे सहेदा के जंगल के किनारों पर वन विभाग की ओर से लगाए गए कई पेड़ों की कटाई की गई है। वहीं वन विभाग को इसकी खबर तक नहीं हैं।

## खिजरी में होगी कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत: रमेश उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह खिजरी विधायक के सलाहकार रमेश उरांव ने खिजरी विस से पार्टी प्रत्याशी राजेश कच्छप के कार्यालय में जाकर बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। रमेश उरांव ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर राजेश कच्छप को जीत की अग्रिम बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिजरी से कांग्रेस की जीत ऐतिहासिक होने जा रही है। यह क्षेत्र 81 विधानसभा सीटों में सबसे बड़ी जीत का गवाह बनेगा। रमेश उरांव ने कहा कि राजेश कच्छप के नेतृत्व में खिजरी के विकास की नई दिशा तय होगी। जनता का अपार समर्थन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत इस बार भी खिजरी में प्रचंड जीत सुनिश्चित करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राजेश कच्छप सबसे अधिक मतों से विजयी होंगे और यह जीत खिजरी की जनता के कांग्रेस पर भरोसे और पार्टी की नीतियों की जीत होगी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर पूर्व मुखिया लालमोहन बेदिया, ग्राम प्रधान कैलाश बेदिया, बालेश्वर उरांव, घणेनाथ करमाली आदि उपस्थित थे।



## बुढ़मू पुलिस से गाजे बाजे के साथ चिपकाया इस्तेहार



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन कराने को लेकर पुलिस कमर कस चुकी है। क्षेत्र में अपराधियों, वारंटियों के खिलाफ ताबड़तोड़ छापामारी कर रही है। इसी क्रम में बुढ़मू पुलिस ने राहुल तुरी उर्फ आलोक जी, विशाल नायक, छोटन नायक उर्फ अमित व दीपक लोहरा के घर बुधवार को गाजे बाजे के साथ इस्तेहार चिपकाया। सभी खलारी थाने क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## घने कुहासे की चादर से ढंका बेड़ो



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार की सुबह मौसम में हुए परिवर्तन के कारण क्षेत्र में सुबह आठ बजे तक घने कुहासा छाया रहा। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुहासा रहने से आवागमन में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह आठ बजे तक कोहरे का असर रहने से रांची-गुमला मुख्य मार्ग व लोहरदगा मार्ग पर आवाजाही करने वाले वाहन चालक को दिन में भी बत्ती जलाकर चलना पड़ा। सुबह काफी देर तक मौसम में कुहासा छाए रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चालक सुबह में वाहन में लाइट जलाकर चल रहे थे। इधर ठंड व कुहासे के बढ़े प्रकोप से वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। लोगों से गुलजार रहने वाले महावीर चौक और बस स्टॉप पर भी ठंड का असर देखा गया।

## डिस्लेक्सिया जागरूकता का आयोजन




**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में बुधवार को विश्व स्तर पर डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के रूप में मनाया गया। इस क्रम में जेईपीएस झारखंड सीखने की अक्षमता, जो एक अदृश्य दिव्यांगता है, पर जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय कदम उठा रहे है। डिस्लेक्सिया एक न्यूरोलॉजिकल सीखने की दिव्यांगता है जो मुख्य रूप से किसी व्यक्ति की पढ़ने- लिखने और सटीक वर्तनी की क्षमता को प्रभावित करती है। यह एक सामान्य स्थिति है जिसका किसी व्यक्ति की बुद्धि से कोई संबंध नहीं है। यह एक अत्यधिक सामान्य दिव्यांगता है, क्योंकि विश्व स्तर पर हर पांच में से एक व्यक्ति को डिसलेक्सिया है। अक्टूबर माह में डिसलेक्सिया अभियान के अंतर्गत विद्यालय में छात्रों के बीच एसएलजी की जागरूकता बढ़ने के उद्देश्य से रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र 159 और 229 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वॉक फॉर डिस्लेक्सिया अभियान का उद्देश्य लाल रंग के वस्त्र धारण कर पदयात्रा कर लोगों के बीच डिस्लेक्सिया से जुडी जानकारी और जागरूकता बढ़ाना है। एक समावेशी और सूचित समुदाय को बढ़ावा देना है, जो सभी के लिए समान शैक्षिक अवसरों की दिशा में काम कर रहा है। कार्यक्रम के तहत एक मौन पदयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक, ग्राम सभा एवं समुदाय के अन्य सदस्य शामिल हुए।

## पुलिस ने बालू लदा हाइवा और टर्बो जब्त किया

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड, मखमद्रो व फुटकलटोली से पुलिस ने बालू लदे एक बिना नंबर के हाईवा व दो टर्बो ट्रक को जब्त कर थाना ले आयी है। पुलिस वाहन चालकों से बालू से संबंधित चालान की मांग की तो चालक चालान दिखाने में असमर्थ रहे। इसके बाद पुलिस ने तीनों वाहनों जब्त कर थाना ले आयी। हालांकि खबर लिखे जाने तक चालकों की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### दुखद : सिर पर हेलमेट नहीं पहनने का भुगतना पड़ा खामियाजा

# बैरिकेटिंग से टकरायी बाइक, युवक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रातु।** थाना क्षेत्र के काटू स्थित एनएच 75 में सड़क हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि एक अन्य युवक बुरी तरह घायल हो गया। मृतक की पहचान हटिया के सवई बगान निवासी राजू उरांव के रूप में हुई। जबकि घायल युवक चान्हो थाना अंतर्गत चोरियां कोइल पारा का रहने वाला है। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को रातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक बुधवार को दो युवक थाना क्षेत्र के पुरियो गांव किसी के दाह संस्कार में गये थे। शाम को दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। तभी शाम 5.45 बजे उनकी बाइक काटू स्थित एनएच 75 में लगे बैरिकेटिंग से टकरा गई। जिससे बाइक असंतुलित होकर सड़क पर ही गिर गयी। सिर पर चोट लगने के कारण राजू उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पातल भेज दिया। साथ ही परिजनों को खबर दे दी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के जरिया गांव के फ्लाईओवर के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह सात बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार 21 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान इमरान शेख के रूप में हुई है। वह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बेड़ो पुलिस को दी। इसके बाद बेड़ो पुलिस मौके पर पहुंच गयी और ग्रामीणों की मदद से सड़क पर गिरे घायल युवक को इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ सुमन एक्का ने घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिये रांची के रिम्स अस्पातल रेफर कर दिया। इधर, घटना के बाद इमरान ने बताया कि वह अपने घर से बाइक से ही छत्तीसगढ़ जा रहा था। रात में पीठ की टोल प्लाजा के पास रात्रि विश्राम कर सुबह-सुबह वहां से निकला ही था कि घने कुहासे के कारण वह किसी अज्ञात वाहन ने इसे टोकर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया।

## ईटाचिल्द्री गांव में श्रीराम कथा का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईंटाचिल्द्री गांव स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में एकल अभियान के तत्वावधान में गांवों में समरसता का भाव जगाने, अपने संस्कृति एवं संस्कार का पहचान करने के लिए श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। श्रीराम कथा योगेन्द्र एवं बोधन ने सुनाया। वहीं संगीतमय श्रीराम कथा सत्संग में काफी संख्या में श्रद्धालुओं व ग्रामीणों ने भाग लिया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में एकल विद्यालय आचार्य नमिता देवी, सत्संग प्रमुख किरण देवी, नवल किशोर लाल शाहदेव, लाल सेवक नाथ शाहदेव, सतीश यादव, कुलेश्वर सिंह व मनीष साहू आदि ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं कार्यक्रम में तुको सरस्वती शिशु मंदिर के निदेशक आशुतोष पांडे, एकल अभियान बेड़ो संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।

# विकास की रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को जितायें : चंद्रवंशी

## विधायक ने विश्रामपुर क्षेत्र के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क, लोगों से किया सीधा संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडेयपुर, भलूआनी, लेदुका, बंदला, रेहला, विशुनपुर सहित दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। लगे हाथ उन्होंने जनता से सीधा संवाद भी किया। रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का विकास तेज गति के साथ हुआ है। इस रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को समर्थन दें। क्षेत्र का विकास हमने किया है और आगे भी हम ही करेंगे। जब काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कई वोट कटवा लोग भेष बदल बदल कर आयेंगे। कई तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, डॉ वीपी शुक्ला, पार्षद देवनाथ यादव, सुनील कुमार चौधरी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर व संतोष राम आदि मौजूद थे।



ग्रामीणों से संवाद करते विधायक सह भाजपा प्रत्यासी रामंचंद्र चंद्रवंशी।

### रामचंद्र चंद्रवंशी आज करेंगे नामांकन दाखिल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी बतौर भाजपा प्रत्याशी गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले वे गढ़वा गढ़देवी व नावाडीह कला स्थित अष्टभुजी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसकी जानकारी रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को पत्रकारों को खुद दी। उन्होंने बताया विस क्षेत्र के सभी प्रखंडों से पार्टी कार्यकर्ता बीमोड़ चौक पर जमा होंगे, जहां से रैली की शक्ल में मेदिनीनगर जायेंगे। उन्होंने आम लोगों से भी नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की है।

## लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी की भागीदारी जरूरी, 13 नवंबर को सभी करें मतदान: डीसी

- स्वीप कार्यक्रम के तहत डीसी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी पहुंचे कम मतदान प्रतिशत वाले पाटन का दूरस्थ मतदान केंद्र होमिया गांव
- विलुप्त प्राय परहिया जनजाति के मतदाताओं के लिए स्वीप के तहत हुए कई कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू में उत्सव का माहौल बनने लगा है। मतदान को लेकर मतदाता भी तैयार हो रहें हैं। वहीं, स्थानीय प्रशासन की ओर से मतदाताओं को लगातार प्रेरित भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को छतरपुर निर्वाचन क्षेत्र के पाटन प्रखंड अंतर्गत कसवाखांड़ पंचायत के होमिया गांव में लोकतंत्र का उत्सवी माहौल देखने को मिला। गांव में निवास कर रहे विलुप्त प्राय परहिया जनजातियों को स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों ने मतदान के लिए प्रेरित-जागरूक किया। इस दिन स्वीप कार्यक्रम के तहत गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय होमिया में स्थित मतदान केंद्र संख्या 276 के मतदाताओं के लिए विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने मतदाताओं से 13 नवंबर को मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनने की अपील की। कहा कि मतदान हमारा अधिकार है। इसमें सभी को भागीदार बनना चाहिए। मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता अपने-अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचे और मतदान करें। साथ ही दूसरे मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। विदित हो कि पाटन प्रखंड का कसवाखांड़ पंचायत के होमिया गांव पाटन के अति दुर्गम क्षेत्र में अवस्थित है। यहां विलुप्तप्राय परहिया जनजाति निवास करती है और यहां पिछले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा था। यह पाटन प्रखंड का एकमात्र पीवीटीजी चिन्हित मतदान केंद्र है। शासन-प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को अपने बीच देखकर यहां के मतदाता काफी उत्साहित थे। इस मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, बीडीओ अमित कुमार झा, सीओ, सदर एसडीपीओ, नावा जयपुर के थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

### विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

परहिया जनजातियों के लिए चिन्हित उत्क्रमित मध्य विद्यालय होमिया अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 276 परिसर में विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं गतिविधियों का आयोजन हुआ। मुख्य रूप से आंखों में पट्टी बांधकर मटका फोड़ प्रतियोगिता, हैंडबॉल से ग्लास का पिलर गिराओ प्रतियोगिता, गुलेल से निशाना लगाने संबंधी प्रतियोगिता, बच्चों के लिए ड्राइंग बुक में रंग भरो कार्यक्रम, प्लास्टिक बॉल को बाल्टी में डालकर गोल करो प्रतियोगिता, चक्कर खाओ-दौड़ लगाओ प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अलावा गांव के बच्चों को भी प्रशासन ने प्रोत्साहित किया। बच्चों के बीच बिस्किट, मिठाई, चॉकलेट के साथ ही दीया, तेल की डिब्बी, फुलझड़ी, कॉपी-पेन आदि स्टेशनरी सहित खेल सामग्री का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## रागिनी सिंह ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने बुधवार को जयरामपुर जीना गोरा भैंस मोड़, आटा चक्की आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं, जगह-जगह रागिनी सिंह का महिलाओं ने जोरदार स्वागत किया गया। जनसंपर्क अभियान के दौरान जयरामपुर सेठ कोठी में मासस नेत्री पार्वती देवी सैकड़ों महिलाओं के साथ रागिनी सिंह की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया। रागिनी सिंह ने सभी को माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो कार्यकाल में सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। झूठे वादे कर भोली भाली जनता को सिर्फ छला गया। झरिया जयरामपुर अलकाडीहा लोदना सहित जहां भी जा रही हूं लोग यही कह रहे कि विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पिछले चुनाव के समय जो दिखी अभी तक नजर नहीं आई है। आज भी लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। रागिनी सिंह ने केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को गिनाते हुए बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत महिलाओं को गैस सिलेंडर-चूल्हा देकर प्रदूषण से मुक्त कराया और समय का भी बचत कराया। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को खाद बीज के लिए वर्ष में चह हजार रुपये देकर राहत दे रही है। आयुष्मान भारत के तहत मुफ्त इलाज, जनवितरण दुकान के तहत मिलने वाली राशन हो या प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी दर्जनों योजनायें आम लोगों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार चलायी जा रही है। जिसका लाभ क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना भाजपा का लक्ष्य है। रागिनी सिंह ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि देवतुल्य झरिया की जनता और कार्यकर्ताओं के बल पर झरिया में भाजपा का कमल जरूर खिलेगा।

## जनता ही मेरी पार्टी और मेरा सिंबल : जागृति दुबे

- झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी ने नामांकन रैली कर किया शक्ति प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा सीट से झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी जागृति विकाश दुबे ने बुधवार को नामांकन रैली कर शक्ति प्रदर्शन किया। उन्होंने कांडी प्रखंड मुख्यालय से रोड शो शुरू किया। उनका रोड शो मझिआंव,बरडीहा,उटारी होते हुए बी मोड़ पहुंचा। जहां पार्टी सुप्रीमो विकाश दुबे व विस प्रत्यासी जागृति विकाश दुबे ने कार्यकर्ताओं व आमलोगों को संबोधित किया। रैली में उमड़े जनसैलाब से उत्साहित जागृति विकाश दुबे ने कहा कि जनता ही मेरी पार्टी और मेरा सिंबल है। विश्रामपुर की जानता के सम्मान की रक्षा के लिए ही चुनावी मैदान में उतरी हूं। जनता ने मौका दिया तो विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र को न्याय के साथ विकसित करके दिखाऊंगी। वहीं, पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष विकाश दुबे ने कहा कि हमारे पास विकास का योजना व लक्ष्य है। उसे धरातल पर उतारने के लिए सटिक रोड मैप के साथ अटल संकल्प है। मौके पर मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रोहित तिवारी, युवा समाजसेवी विवेक शुक्ला ढुल्लू, सत्यनारायण तिवारी, सुधीर पांडेय, प्रदीप पांडेय, रविशंकर चौबे सेठ, प्रवीण मिश्रा, रहमत अंसारी, प्रियव्रत सिंह, रामकुमार महतो, गंगा महतो, धर्मेंद्र चौबे और डब्ल्यू आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सहित कई लोगों ने थामा राजद का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा बुधवार को राजद में शामिल हो गए। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। साथ ही राजेश्वर यादव, प्रमोद रजक, श्रवण बैठा, अनुज यादव, धर्मेंद्र यादव, उमेश बैठा, रामसेवक विश्वकर्मा, रामप्रसाद राम और गुड्डू कुमार सहित दर्जनों लोगों ने भी राजद की सदस्यता ग्रहण की। संजय सिंह यादव ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा देकर राजद की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि राजद की जीत सुनिश्चित हो इसके लिए वह एक सिपाही की तरह राजद परिवार से जुड़कर कार्य करेंगे। मौके पर पूर्व मुखिया रामलखन यादव, राजद प्रदेश महासचिव रवि यादव, मदन पासवान, पूर्व मुखिया विजय प्रसाद यादव आदि मौजूद थे।

## 178 नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो के कालका छोर से नशा की दवाओं के साथ सुरजीत पोद्दार उर्फ खोखन नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वह पश्चिम बंगाल के कोलकाता का रहने वाला है। उसके पास से नशाखुरानी के उपयोग में की जाने वाली 178 गोलियां बरामद हुई। दिव्यांग शौचालय के पास रेलयात्री के साथ सुरजीत बैठा था। गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार की रात में आरपीएफ के इंस्पेक्टर पंकज कुमार के नेतृत्व में रिजर्व कंपनी धनबाद और राजकीय रेल थाना धनबाद के अधिकारियों ने कार्रवाई कर उसे पकड़ लिया।

## पलामू के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** पलामू जिले के सभी पांच विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को कई प्रत्यासियों ने नामांकन पत्र दाखिल लिया। इसमें पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से नितेश कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, लोकहित अधिकार पार्टी की तरफ से विश्वनाथ साव ने नामांकन दाखिल किया। उधर, डालटनगंज विस क्षेत्र के लिए ललन चौधरी और महेश साव ने ने निर्दलीय के रूप में नामांकन किया। इसी तरह दिलीप सिंह नामधारी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया की तरफ से रुचिर कुमार तिवारी ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। विश्रामपुर विधानसभा सीट से अनिल मिस्त्री, राजीव रंजन पांडेय व जागृति ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। तीनों ने निर्दलीय के रूप में अपना नामाकंन दाखिल किया। वहीं, छतरपुर विधानसभा सीट के लिए बुधवार को एक भी उम्मीदवाक ने नामांकन दाखिल नहीं किया। दूसरी ओर, हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से चार प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन पत्र भरा। जबकि एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा। नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में भाजपा से कमलेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय समानता दल से अशोक कुमार मेहता, निर्दलीय अमरजीत कुमार व नरेश कुमार पासवान का नाम शामिल हैं। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राजेंद्र यादव ने नामांकन पत्र खरीदा है।

## घर-घर जाकर लोगों को पीला चावल देकर 13 नवंबर को मतदान करने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिले में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक व प्रेरित करने को लेकर विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विगत चुनावों में जहां औसत से कम मतदान हुआ है ऐसे स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे स्थानों पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से या कोई और माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की शाम को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर के आबादगंज इलाके के बीसीसी मिशन गर्ल्स हाई स्कूल मैदान में रात्रि चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीण जिनमें वृद्ध नागरिक, युवा मतदाता आदि ने भाग लिया। चौपाल में सभी से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की गयी। स्कूल में रंगोली, ऑडिओ-विडिओ के माध्यम से लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का प्रसार किया गया। रात्रि चौपाल के बाद जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आबादगंज क्षेत्र में घर-घर एवं दुकानों में जाकर लोगों को अक्षत निमंत्रण भी दिया। उन्होंने बारी-बारी कई घरों में जाकर पीले चावल देकर आमजनों से 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। गौरतलब हो कि पिछले चुनाव में यहां 38 प्रतिशत मतदान हुआ था।

## स्पोर्ट्स



तीन बार की चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 के अंतर से हराकर अपना अजेय अभियान जारी रखा है। यह भारत की लगातार तीसरी जीत है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने लगायी जीत की हैट्रिक, मेजबान मलेशिया को हराया

## भारत नौ अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर, जबकि न्यूजीलैंड दूसरे और ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** तीन बार के चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है। भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। मलयेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरूआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घरेलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मुहम्मद दानिश ऐमन के मैदानी गोल से बढ़त हासिल कर ली। उस्मान हैरिस ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से टीम ने एक मिनट बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। भारत की अग्रिम पंक्ति ने हालांकि आक्रामक खेल जारी रखते हुए दबाव को हावी नहीं होने दिया। शानदार लय में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। इसके दो मिनट के बाद मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप ने मैदानी गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मैच के शुरूआती क्वार्टर में चार गोल हुए, लेकिन दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा। हॉफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर के खेल में दोनों टीमों ने बढ़त लेने के लिए पूरी जोरआजमाईश की लेकिन सफलता भारत को मिली। प्रियव्रत ने सर्कल के किनारे से गोल कर मैच के 39वें मिनट में भारत ने 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद रोहित ने बेहतरीन पेनाल्टी कॉर्नर स्ट्राइक से भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। मलयेशिया ने चौथे क्वार्टर की शुरूआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में विफल रही। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने के मौके को भुनाने में नाकाम रही और भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की।

## बकाया भुगतान को लेकर बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बरवाअड्डा में धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन और धनबाद जिला विधुत संघ की बैठक बुधवार को प्रदीप कुमार सिंह और महादेव मंडल के संयुक्त अध्यक्षता में हुई। इसमें दोनों संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी और बरवाअड्डा शाखा के सदस्यों ने भाग लिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरवाअड्डा के पानडुकी दूर्गा पूजा कमेटी द्वारा पिछले वर्ष 2023 के दुर्गा पूजा कमेटी में इमरान अहमद नामक सदस्य द्वारा काम करवा कर अभी तक 50 हजार रुपये का भुगतान नहीं किया गया है। इस वर्ष भी कमेटी को इसकी सूचना दी गयी लेकिन इस विषय को नजरअंदाज करते हुए कमेटी ने ना ही नकद भुगतान किया ना ही एसोसिएशन के साथ कोई वार्ता की। मजबूरन निर्णय लिया गया की बरवाअड्डा के पनडुकी क्षेत्र में किसी भी घर और दुर्गा पूजा कमेटी में कोई भी एसोसिएशन के सदस्य काम नहीं किया जाएगा।

## कतरास के ज्वेलरी शॉप में हरियाणा पुलिस की दबिश

- कोऑपरेटिव बैंक से चोरी हुए सात करोड़ के जेवरात की खरीदारी का आरोप
- 30 लाख के आभूषण, 12 लाख में खरीदारी करने वाले कतरास के लखी ज्वेलर्स के मालिक को पुलिस ने पकड़ा, अन्य दुकानों में भी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** हरियाणा कोऑपरेटिव बैंक से चोरी हुए सात करोड़ रुपये के आभूषण की खरीदारी करने के आरोप में धनबाद जिले के कतरास के आनंद मोहल्ला निवासी लखी ज्वेलर्स के मालिक अजय कुमार वर्मन को कतरास पुलिस की सहयोग से हरियाणा पुलिस ने हिरासत में लिया है। साथ ही हनुमान मेंसन के भी कई दुकानों में दबिश देकर पूछताछ कर रही है। वहीं, हरियाणा के अंबाला जिले के बलदेव नगर थाना के सब इंसपेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में कतरास आयी पांच सदस्यी टीम ने बताया कि अंबाला जिला के बलदेव नगर स्थित कोऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक भूषण लाल गुप्ता ने 25 सितंबर 2023 को स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत देकर बताया था कि उसके बैंक के लॉकर से लगभग सात करोड़ रुपये के जेवरात चोरी हो गये हैं। पुलिस ने कांड अंकित कर अनुसंधान शुरू किया और कार्रवाई करते हुए बिहार के भागलपुर के महेशपुर से गौतम कुमार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उक्त युवक ने बताया कि 440 ग्राम सोना उसने कतरास थाना क्षेत्र के काको मठ स्थित लखी क्वेलर्स को महज 12 लाख में बेचा है, जिसका कीमत 30 लाख का ज्वेलर्स है। साथ ही अन्य दुकानों में भी ओने पौने दाम में उसने चोरी का सोना बेचा है उक्त युवक की निशानदेही पर हरियाणा पुलिस ने मंगलवार की रात कतरास लखी ज्वेलर्स के मालि को पकड़ लिया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 24 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# लूटकांड में तीन गिरफ्तार



निरसा (आजाद सिपाही)। कालूबथान अंतर्गत कालूबथान-बलियापुर रोड पर पिंडराहाट के पास विगत 21 अक्टूबर को सुनसान जगह पर फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस कंपनी के एक कर्मचारी से लूटपाट की हुई घटना का पुलिस ने उद्‌भेदन करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लूट का रुपया, मोबाइल फोन और घटना में इस्तेमाल बाइक भी बरामद कर ली गयी है। इसकी जानकारी निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने दी। वे बुधवार को मैथन स्थित एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि घटना में लिप्त तीन अन्य बदमाश अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब हो कि 21 अक्टूबर को कालूबथान अंतर्गत कालूबथान-बलियापुर रोड पर पिंडराहाट के पास सुनसान जगह में फ्यूजन माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लोन का पैसा, मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री को दो बाइक पर सवार होकर आये बदमाशों ने लूट लिया था। इसी संबंध में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गयी थी, जिसमें पुलिस को सफलता मिली है।

# रंगदारी मांगने के मामले में हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**निरसा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र के पिठाक्यारी में मिहिर रविदास नामक एक व्यक्ति से बंदूक का भय दिखाकर कथित रूप से रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान उदय यादव के रूप में हुई है, जो पिठाक्यारी का ही रहने वाला है। इसकी जानकारी निरसा एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने दी। वे बुधवार को निरसा के मैथन स्थित एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि इस दिन उदय यादव पिठाक्यारी निवासी मिहिर रविदास के घर पहुंचा था। उसने मिहिर के पिताजी का नाम लेकर धमकी देते हुए कहा कि उसके पिता अनाज और पैसा नहीं देगा तो उसके परिवार को आज ही जान से मार देगा। इतना कहते ही उदय यादव ने अपनी कमर से बंदूक निकाल ली और मिहिर की तरफ तान दिया। पिस्टल देखते ही मिहिर घबरा गया और तुरंत घर का दरवाजा बंद कर निरसा पुलिस को सूचना दे दी। कुछ देर में ही निरसा पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और त्वरित कार्रवाई करते हुए वादी के बताए स्थान पर पहुंचकर पिस्टल सहित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उधर, पूछताछ करने पर आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

# तालाब में कूदकर जान देने का प्रयास, लोगों ने बचाया



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर थाना अंतर्गत बारीग्राम गांव में बुधवार को 28 वर्षीय एक विवाहित महिला द्वारा तालाब में कूदकर जान देने का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला की पहचान जुली कुमारी के रूप में हुई है। वह बेरमो थाना अंतर्गत करगली बाजार के नवाखाली दुर्गा मंदिर स्थित मद्रासी मोहल्ला निवासी मनीष कुमार की पत्नी बतायी जा रही है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे बचा कर सीसीएल के ढोरी केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है. इसस बाबत बैदकारो पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य अनिल ठाकुर ने बताया कि इस दिन जुली नामक महिला दो बार तालाब में कूद कर जान देने की कोशिश की। पहली बार जब कूदी तो वे खुद वहां मौजूद विश्वनाथ कौल, लाला कौल, शंकर सिंह, रूपलाल कौल, चंकी कौल आदि लोगों के साथ मछली पकड़ रहे थे। महिला को तालाब में कूदता देख उसे तुरंत बचा कर बाहर निकाला गया। वह कुछ देर शांत रहने के बाद दोबारा आकर तालाब में खुद गई। जब तक वे लोग उसे तालाब से बाहर निकाल पाते तब तक वो बेहोश हो चुकी थी। फिर किसी तरह तालाब से बाहर निकाल कर अस्पताल लेकर आए। उधर, घटना की सूचना पाकर बेरमो थाना के एसआई एस जामुंडा भी अस्पताल पहुंचकर गयी और जानकारी ली। पुलिस की मानें तो पति से विवाद के बाद महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया है। जुली फुसरो निवासी भूषण सिंह की पुत्री है। करीब छह साल पहले जुली ने मनीष नामक युवक से शादी की थी। दोनों का 3.5 साल की बेटी और दो साल का एक बेटा भी है।

# बंदूक के साथ घूम रहे युवक को पुलिस ने दबोचा

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बालीडीह थाना अंतर्गत विशुनपूर के पास भरी हुई बंदूक लेकर संदिग्थ परिस्थिति में घूम रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोकारो एससपी को मिली सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने कार्रवाई कर आरोपित को दबोचा।उसकी पहचान शुभम कुमार राय उर्फ शंभु के रूप में हुई है। वह बोकारो जिले के ही बालीडीह थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह एक शातिर अपराधी है, जिस पर पहले से ही कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, छापामारी दल में अनिमेश कुमार गुप्ता पुलिस उपाधीक्षक (मु), बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह, पुअनि वीरमणि कुमार, सअनि नवीन कुमार, पुअनि अभिशेक कुमार रंजन, जितेंद्र कुमार यादव, शशिकांत ठाकुर, सअनि धनेश्वर महतो, आरक्षी बैजनाथ राउत्त, आरक्षी 612 जबरा मुण्डू आदि शामिल थे।

# बिना चालान बालू का परिवहन करते दो हाइवा जब्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने मंगलवार की रात बलियापुर व सरायढेला थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो हाइवा जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने बताया कि रात 1.10 बजे से बुधवार तड़के तीन बजे तक उनके नेतृत्व में बसंत उरांव, विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से खनिजों के अवैध खनन, परिवहन के विरूद्ध जांच अभियान चलाया। इस दौरान अवैध बालू लदे दो हाइव को जब्त किया गया है। वाहन मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## धनबाद-बोकारो सीमा पर पुलिस को देख भागने लगी कार

# कार से 72 लाख नगद बरामद

**निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य : उपायुक्त**

## अब तक एक करोड़ 25 लाख से अधिक की नगद राशि बरामद




आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बोकारो की सीमा पर तेलमच्चो दामोदर पुल के अंतर्जिला चेक नाका पर सघन वाहन जांच के दौरान पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक कार से 71.97 लाख रुपये नकद बरामद किया हैं। कार बोकारो से धनबाद में प्रवेश करने की कोशिश कर रही थी। इस मामले की जांच बाघमारा के डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार सिंह कर रहे हैं। आयकर विभाग की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। इस बाबत डीएसपी ने बताया कि यह कार्रवाई मंगलवार की आधी रात को की गई, जब पुलिस तेलमच्चो चेक नाका पर जांच कर रही थी। तभी एक कार पुलिस की जांच को देखकर भागने लगी। इसके बाद पुलिस ने कार को पकड़ लिया। जब कार की जांच की गई, तो उसमें से 71 लाख 97 हजार रुपये नकद बरामद हुए। यह राशि जांच के लिए आयकर विभाग को सौंप दी गई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि कार की डिक्की और अन्य हिस्सों से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। पूछताछ में कार में सवार लोगों ने खुद को व्यवसायी बताया, लेकिन उनके बयान बार-बार बदल रहे हैं। फिलहाल, पुलिस ने सभी नकदी को गिनने के बाद कुल 71.97 लाख रुपये बरामद होने की पुष्टि की है। साथ ही आगे की जांच कर रही है। दूसरी ओर, इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि तेलमच्चो से बरामद राशि को लेकर अब तक एक करोड़ 25 लाख रुपए से अधिक की नगद राशि बरामद की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन का उद्देश्य है। इसके लिए जिले में 63 स्टेटिक सर्विलांस, 18 विडियो सर्विलांस, 12 विडियो व्यूइंग, 63 फ्लाइंग स्क्वॉड और 22 अकाउंटिंग टीम के अलावा 12 असिस्टेंट एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर मौजूद हैं। जो हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं।

# जनता ने ठाना, झारखंड में डबल इंजन की सरकार है लाना : ढुल्लू




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद कोयलांचल क्षेत्र की विधानसभा सीटों से भाजपा द्वारा उतारे गए प्रत्यासियों के समर्थन में सांसद ढुल्लू महतो ने बुधवार को प्रचार किया। इसस दिन संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर सांसद ने धनबाद, झरिया, सिंदरी, निरसा और बाघमारा की पार्टी प्रत्याशियों को बधाई दी और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान उन्होंने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर निशाना साधा। गठबंधन सरकार पर राज्य के युवाओं को झूठे आश्वासव देकर ठगने का आरोप लगाया। साथ ही राज्य की बिगली कानून व्यवस्था, लूट, भ्रष्टाचार और बालू की कालाबाजारी के लिए हेमंत सरकार को दोषी ठहराया। कहा कि इस बार जनता ने ठान लिया है कि भाजपा उम्मीदवारों को जीताकर राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनानी है। वहीं, परिवारवाद को लेकर पूछे गए एक सवार के जवाब में कहा कि परिवारवाद भाजपा नहीं करती है। जो लोग पहले से जुड़े हैं पार्टी का झंडा ढ़ो रहे हैं उन्हें मौका दिया गया है।

# भयमुक्त माहौल में चुनाव कराना उद्देश्य : डीआइजी

**विधानसभा चुनाव को लेकर बोकारो पुलिस की बैठक**



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** भय मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर बोकारो पुलिस ने कमर कस ली है। इस बाबत बोकारो एसपी कार्यालय में बुधवार को डीआइजी कोयला क्षेत्र सुरेंद्र कुमार झा और बोकारो एसपी मनोज स्वर्गियारी की अगुवाई में एक जरूरी बैठक हुई। जिसमें जिले के सभी थानों के थानेदार और सभी डीएसपी मौजूद रहे। डीआइजी (कोयला क्षेत्र) सुरेंद्र झा ने सभी डीएसपी और थानेदारों को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि बोकारो में भय मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना होगा। मीडिया से बात करते हुए डीआइजी ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर हुई बैठक में संगठित और असंगठित अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही सभी चेक पोस्ट पर गहन जांच अभियान के अलावा नक्सली क्षेत्र में भी लोग पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भय मुक्त होकर मतदान केंद्रों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों के चलते राज्य में घट रही आदिवासियों की संख्या: बिरंची

**बोकारो से भाजपा प्रत्याशी का वरीय नेता डॉ प्रकाश सिंह ने किया अभिनंदन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे बिरंची नारायण का बुधवार की दोपहर बोकारो नया मोड़ स्थित बिरसा आश्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ प्रकाश सिंह ने अपने आदिवासी समर्थकों के साथ भव्य स्वागत किया। आदिवासी समाज के लोगों ने परंपरागत ढोल-नगाड़े, मंदार और आदिवासी नृत्य के माध्यम से स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर, डॉ प्रकाश ने चांदी का मुकुट, हाथों में तलवार और अंग वस्त्र दे कर बिरंची नारायण का स्वागत किया। आदिवासी समाज ने शपथ लिया कि चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाकर राज्य में बाबूलाल मरांडी की अगुवाई में सरकार बनायेंगें। वहीं, बिरंची नारायण ने अपने संबोधन में आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की तुष्टिकरण की नीतियों के चलते आज आदिवासियों की संख्या लगातार झारखंड में घटती जा रही है। झारखण्ड के संथाल और कोल्हान की जनसंख्या में बहुत तेजी से बदलाव हो रहा है. एकक विशेष समाज के लोगों ने लैंड जिहाद कर रखा है। दिल्ली से आयुष्मान भारत योजना के लिए मोदी जी पैसा भेज रहे हैं पर उन पैसों को राज्य सरकार बंदर बांट कर रही है। कहा कि बोकारो विस में गांव-गांव को सड़क से जोड़ने और वहां बिजली पहुंचाने का काम उन्होंने किया है। अभी बोकारो में और भी काम करना है। बोकारो को झारखंड का सबसे बढ़िया और विकसित क्षेत्र बनाना है। इस मौके पर राम लाल सोरेन, हिरा लाल हांसदा, सुरेश हांसदा, राजा राम हेंब्रम, भीम मांझी, संजय त्यागी, मनोज सिंह, अवधेश यादव, नीरज पांडेय आदि मौजूद थे।

# जलेश्वर महतो 28 को करेंगे नामांकन

**कार्यकर्ता सम्मलेन में चुनिंदे सोशल मीडिया को सम्मानित करने पर पत्रकारों में रोष**



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो को आइएनडीआइए गठबंधन की ओर से प्रत्यासी बनाये जाने के बाद से ही बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसी कार्यकर्ता सक्रिय हो गये हैं। बुधवार को जलेश्वर महतो के नेतृत्व में रवि महतो विधालय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने पहुंच कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया और संगठित होकर चुनाव में काम करने का आह्वान किया। इस दौरान जलेश्वर महतो ने 28 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की घोषणा की। कहा कि बूथ लेवल पर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए यह सम्मेलन आयोजित की गयी है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की कर्मचारी, व्यापारी, दलित, महिला एवं युवा विरोधी नीतियों का कड़े शब्दों में विरोध किया। बताया कि कांग्रेस की विचारधारा हर वर्ग को साथ लेकर चलने की है। वहीं, जलेश्वर महतो के पुत्र सुमित कुमार द्वारा कथित रूप से क्षेत्र के पत्रकारों को फोन कर खबर संकलन के लिए आमंत्रित कर कुछ सोशल मीडिया के पत्रकारों दो सम्मानित किया गया, जिसने पत्रकार वर्ग में नाराजगी है। इस मौके पर प्रो तेजप्रताप पांडे, असलम मंसुरी, राजकुमार महतो, अब्दुल समद अंसारी, मुखिया सुर्यकांत महतो, मो क्यूम अंसारी, माले के बलदेव वर्मा, शेख रहीम, गोपाल महतो, वंशी महतो, याकुब अंसारी, झामुमो के छ्त्रपति महतो आदि मौजूद थे।

## नया बाजार में 19 को अरशद आलम नामक व्यक्ति को मारी थी गोली

# आपसी रंजिश में मारी गयी थी गोली, जमशेदपुर से दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



जमशेदपुर से पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देते डीएसपी लॉ एंज ऑर्डर।

**धनबाद।** बैंक मोड़ थाना अंतर्गत नया बाजार के पास विगत शनिवार की रात करीब आठ बजे अरशद आलम उर्फ बबला नामक युवक को गोली मारने के आरोप में पुलिस ने जमशेदपुर से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके नाम सलीम खान और सुभान खान है। दूसरी ओर, बबला के शरीर से गोली निकाल दी गयी है। डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने बुधवार को बैंक मोड़ थाना में संवाददाता सम्ममेलन कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपसी रंजिश में गोली मारी गयी थी। बबला के पुत्र जुनैद आलम के लिखित आवेदन पर केश दर्ज किया गया था। कांड का उद्‌भेदन करने के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीटी एसपी के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल से अवैध पिस्टल एवं अन्य सामानों को जब्त किया था। इसके बााद घटना के प्राथमिकी आरोपित सलीम खान और सुभान खान को भी गिरफ्तारकर लिया है। जांच व पूछताछ के क्रम में पता चला कि प्राथमिकी आरोपित सलीम खान और सुभान खान बिल्डर है। फ्लैट बनाने का काम करते हैं। उन्हीं के पड़ोसी अरशद आलम उर्फ बाबला द्वारा काम मैनेज कराने के नाम पर एक फ्लैट या अपने छत के उपर एक कमरा बनाने का मांग कर रहे थे। जिसे लेकर दोनों में तनातनी चल रही थी। इसी बीच शनिवार की शाम में अरशद आलम उर्फ बाबला ने सलीम खान को मिलने के लिए अपने पास मैक्स पैथलेब के पार्किंग, नया बाजार बुलाया। जहां आपस में बातचीत के दौरान बात बढ़ गयी और दोनों ने एक-दूसरे पर हथियार से फायर कर दिया। जिसमें एक गोली सलीम खान के दाहिने हाथ की अंगुली में लगी। इसके बाद दोनों में उठा पटक होने लगी। इसी बीच अरशद आलम उर्फ बाबला को तीन गोली मारी गयी। बाबला को मृत समझ कर सलीम खान वहां से भागने की कोशिश में दिवार से टकरा गया जिससे उनका पिस्टल वहीं गिर गया और वह ट्रेन पकड़कर जमशेदपुर भाग गया। जहां से पुलिस उसे पकड़ कर धनबाद ले गयी।


**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,हजारीबाग**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

जाएं, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

-: **मतदान केन्द्र के स्थल परिवर्तन की आम सूचना** :-

विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान केन्द्रों के ध्वस्त भवन का स्थल परिवर्तन हेतु भेजे गए प्रस्ताव पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–64/पूर्व0 अनु0–1/झार0वि0स0/2024, दिनांक 21.10.2024 द्वारा दी गई सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–02/ नि0म0 के0पु0–18–01/2023/5896, राँची दिनांक 21.10.2024 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत 20–बरकट्ठा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन हुए हैं :–

| क्र0 सं0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | 20–बरकट्ठा | 363–कन्या मध्य विद्यालय, कुटुमसुकरी, दक्षिण भाग | 363–मध्य विद्यालय ईचाक (दक्षिण–पूर्वी भाग) |
| 02 | 20–बरकट्ठा | 364–कन्या मध्य विद्यालय, कुटुमसुकरी, पष्चिम भाग | 364–मध्य विद्यालय ईचाक (दक्षिणी–मध्य भाग) |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339446 Election(24-25).D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(निर्वाचन कोषांग)**

**आदेश**

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 6979 दिनांक 21–10–2024, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5523 दिनांक 16–10–2024 तथा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16–10–2024 के आलोक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

1. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के अधीन विधान सभा निर्वाचन 2024 के निमित कोडरमा जिलान्तर्गत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो विधान सभा निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
2. उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।
3. यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो पाँच सौ रूपये तक हो सकेगा, दंडनीय होगा।
4. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचन पर लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है उन्हे उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जायेगा। इसके अलावे जहाँ लोक कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रूप में पंजीकृत है वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख(1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होगे।

कोडरमा जिला अन्तर्गत 19 कोडरमा विधान सभा क्षेत्र, 20 बरकटठा विधान सभा क्षेत्र (अंश) एवं 21 बरही विधान सभा क्षेत्र (अंश) में मतदान 13 नवम्बर 2024 (बुधवार) को निर्धारित है।

कोडरमा जिलान्तर्गत सभी संबंधित प्राधिकारों को निदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135(ख) के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339451 Election(24-25).D

# आपसी विश्वास और सम्मान जरूरी : पीएम

● 5 साल बाद मोदी-जिनपिंग की द्विपक्षीय बातचीतः दोनों नेताओं ने 50 मिनट बात की

एजेंसी

**कजान (रूस)।** रूस के कजान शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच 5 साल बाद बुधवार, 23 अक्टूबर को द्विपक्षीय बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने सीमा विवाद को जल्द से जल्द निपटाने, आपसी सहयोग और आपसी विश्वास को बनाये रखने पर जोर दिया। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा, 'सीमा पर शांति और स्थिरता बनाये रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे



संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि हम खुले मन से बात करेंगे और हमारी चर्चा कंस्ट्रक्टिव होगी।'

## पीएम मोदी ने कहा-


हम 5 साल बाद औपचारिक रूप से बैठक कर रहे हैं। पिछले 4 सालों में सीमा पर पैदा हुई समस्याओं पर जो सहमति बनी है, उसका हम स्वागत करते हैं। सीमा पर शांति बनाये रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

इससे पहले चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा, 'दोनों देशों को अपने मतभेदों को सही तरीके से संभालना चाहिए। हमें अपने विकास के सपनों को साकार करने के लिए कम्युनिकेशन और आपसी सहयोग को मजबूत करना चाहिए। भारत और चीन को संबंध स्थिर बनाये रखने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए, जिससे दोनों देशों के विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिल सके।'

## मोदी-जिनपिंग ने पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया

मोदी-जिनपिंग की बातचीत के बाद भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि दोनों नेताओं की 5 साल बाद बातचीत हुई है। दोनों देशों के नेताओं ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग समझौते का स्वागत किया है। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों देशों के बीच मुद्दों को सुलझाने के लिए स्पेशल रिप्रिजेंटेटिव नियुक्त किये गये है। भारत की तरफ से अजीत डोभाल और चीन की तरफ से विदेशमंत्री वांग यी होंगे। ये दोनों जल्द ही औपचारिक बैठक करेंगे।

# चक्रवात 'दाना' का 4 जिलों पर अधिक प्रभाव पड़ेगा समुद्री लहर 1 से 2 मीटर तक उठेगी : आइएमडी डीजी





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** चक्रवात दाना 13 किमी की रफ्तार से ओडिशा तट की ओर आ रहा है। यह पारादीप से 490 किमी दक्षिण-पूर्व में है। गुरुवार की आधी रात या कल सुबह तक यह भीषण चक्रवात में बदल जायेगा। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, यह भीतर कनिका और धामरा के आसपास के क्षेत्र में टकरायेगा। चक्रवात दाना के प्रभाव के कारण शाम से तटीय और आंतरिक ओडिशा के कुछ जिलों में बारिश और हवाएं चलनी शुरू हो गयी हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि चक्रवात 'दाना' का प्रभाव 4 जिलों में अधिक होगा। जगतसिंहपुर, केंद्रापड़ा, बालेश्वर, भद्रक सबसे अधिक प्रभावित होंगे। 4 जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश और हवा चलने की संभावना है।

जिन अन्य जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है उनमें पुरी, खोरधा (भुवनेश्वर), कटक, मयूरभंज, क्योंझर और ढेंकानाल शामिल हैं। बारिश के साथ आसपास के जिलों में 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलेंगी। तेज चक्रवात के प्रभाव में समुद्री लहर आयेगा। केंद्रापड़ा, बालेश्वर, भद्रक में 1 से 2 मीटर तक लहर आयेगा। आईएमएम महानिदेशक ने कहा कि जगतसिंहपुर तट पर सामान्य लहर से 1 से 2 मीटर ऊंचा लहर आयेगा। इसके अलावा, समुद्री लहर के प्रभाव में जमीन खारे पानी से ढक सकती है। खारा पानी ब्राह्मणी और बैतरणी नदियों के माध्यम से आ सकता है। आईएमडी निदेशक ने सतर्क रहने की सलाह दी।

## चक्रवात 'दाना' को लेकर भारतीय तटरक्षक बल हाइ अलर्ट पर

**भुवनेश्वर।** चक्रवात 'दाना' के आने से पहले भारतीय तटरक्षक बल द्वारा जान-माल की सुरक्षा के लिए कई निवारक उपाय किये गये हैं। भारतीय तटरक्षक बल स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और चक्रवात से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारतीय तटरक्षक बल ने मछुआरों और नाविकों को नियमित मौसम की चेतावनी और सुरक्षा सलाह प्रदान करने के लिए पश्चिम बंगाल और ओडिशा में जहाजों, विमानों और रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशनों को तैनात किया है। यह चेतावनी सभी मछली पकड़ने वाले जहाजों को जारी की गई है और उनसे तुरंत तट पर लौटने और सुरक्षित आश्रय लेने का अनुरोध किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने भी समुद्र में किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटने के लिए रणनीतिक रूप से अपने जहाजों और विमानों को तैनात किया है। समन्वित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए भारतीय तटरक्षक जवान स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ समन्वय में काम कर रहे हैं। तट पर मछुआरों को ग्राम मुखिया सहित विभिन्न माध्यमों से सूचित किया गया है कि वे तूफान के गुजरने तक समुद्र में न जाएं। भारतीय तटरक्षक बल हाई अलर्ट पर है और उसकी समर्पित आपदा राहत टीमें सहायता, बचाव और राहत कार्यों के लिए तैयार हैं।

## चक्रवात 'दाना' के चलते ओड़िशा लोक सेवा आयोग की ओएएस प्रारंभिक परीक्षा स्थगित



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओडिशा प्रशासनिक सेवा (ओएएस ) प्रारंभिक परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है। राज्य लोक सेवा आयोग ने यह जानकारी दी। 7 दिनों के बाद एक नयी तारीख निर्धारित की जायेगी। चक्रवात 'दाना' को देखते हुए प्रारंभिक परीक्षा रद्द कर दी गयी है। यह परीक्षा 27 अक्टूबर को आयोजित होने वाली थी।

## तीन दिन तक बंद रहेगा भीतर कनिका चक्रवात के कारण सुरक्षा बढ़ा दी गयी







भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। चक्रवात दाना बंगाल की खाड़ी में 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, मौसम विभाग द्वारा चक्रवात धामरा और भितर कनिका के बीच टक्कर होने की सूचना के बाद भितर कनिका क्षेत्र अब कड़ी सुरक्षा में है। जो पर्यटक वर्तमान में भितर कनिका इकोरेट्रीट में हैं, उन्हें तुरंत जाने के लिए कहा गया है, जबकि जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि भितर कनिका 23, 24 और 25 तारीख 3 दिनों के लिए बंद रहेगी, हालांकि, वन विभाग चक्रवात से निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क है। 5 तहसीलों आली, राजनगर, राजकनीका, पट्टामुंडेई और महाकालपड़ा के लिए 7 टीमों का गठन किया गया है। किसी भी प्रतिकूल घटना से निपटने के लिए उन्हें सतर्क कर दिया गया है। इसी तरह भुवनेश्वर स्थिति नंदनकानन प्राणी उद्यान 24 और 25 तारीख को दो दिनों के लिए बंद रहेगी।

# तुर्की की राजधानी अंकारा में आतंकी हमला, कई लोगों की मौत

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्की की राजधानी अंकारा में आतंकी हमला हुआ है। बुधवार को आंतरिक मंत्री अली येर्लिकाया ने बताया कि राजधानी अंकारा में तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के हेडक्वार्टर (तुसास) पर हुए भीषण विस्फोट और गोलीबारी में कई लोगों की मौत हो गयी है। सरकार ने अभी मौत के आंकड़े जारी नहीं किये हैं। हमले का अभी तक किसी ने दावा नहीं किया है। सरकारी एजेंसी ने बताया कि घटनास्थल पर एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं भेज दी गयी हैं। तुसास तुर्की की सबसे महत्वपूर्ण रक्षा और विमानन कंपनियों में से एक है। यह अन्य परियोजनाओं के अलावा देश का पहला राष्ट्रीय लड़ाकू विमान कान बनाती है। तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने राजधानी अंकारा के बाहरी इलाके में स्थित तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के हेडक्वार्टर पर हुए हमले के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन यह जरूर कहा कि भीषण विस्फोट और गोलीबारी को तुर्की आतंकी हमला मान रहा है। हमले में कई लोगों की मौत और घायल होने की आशंका है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि रक्षा परिसर पर आतंकी हमले में दुर्भाग्य से हमारे हमारे कई लोग शहीद और घायल हुए हैं। इससे पहले स्थानीय मीडिया ने घटनास्थल के वीडियो फुटेज जारी किये, जिसमें धुआं और भीषण आग का मंजर देखा जा सकता है। मीडिया ने घटनास्थल पर एक जोरदार धमाके की सूचना दी है और वहां गोलीबारी के फुटेज भी दिखाये। स्थानीय मीडिया हैबरटर्क टेलीविजन ने कहा कि विस्फोट आत्मघाती हमलावर द्वारा किया गया हो सकता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार परिसर में विस्फोट के बाद गोलीबारी की आवाज भी सुनी गयी। एनटीवी टेलीविजन ने बताया कि सुरक्षा बलों, एंबुलेंस और अग्निशमन कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। हैबरटर्क ने बताया कि कंपनी के कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है।

# रेल मंत्री ने 'दाना' चक्रवात से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों पर आने वाले भीषण चक्रवात 'दाना' के मद्देनजर रेल मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गयी, जिसमें संबंधित जोनल रेलवे यानी पूर्व तट रेलवे और साउथ ईस्टर्न रेलवे की तैयारियों की समीक्षा की गयी। उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सभी बोर्ड सदस्य, पूर्व तट रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, खड़गपुर, चक्रधरपुर, आद्रा और खुर्दा रोड के मंडल रेल प्रबंधकों ने शामिल हुए थे। रेल मंत्री ने न्यूनतम व्यवधान के साथ अधिकतम तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी सलाह दी कि यात्रियों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने का ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में पूर्व तट रेलवे और साउथ ईस्टर्न रेलवे के महाप्रबंधकों ने रेलवे की तैयारियों के संबंध में विवरण प्रदान किया, जो इस प्रकार




### महत्वपूर्ण स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित होगा

सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किया जायेगा। पुरी-8926100356, खुर्दा रोड 8926100215, भुवनेश्वर-8114382371, कटक-8114382359, पारादीप-8114388302, जाजपुर क्योंझर रोड-8114382342, भद्रक-8114382301, पलासा-8114382319, ब्रह्मपुर-8114382340 और यात्रियों के साथ-साथ जनता के बीच लगातार घोषणाएं की जायेंगी।

हैं:- चौबीसों घंटे चलने वाला समर्पित वॉर रूम मुख्यालय यानी भुवनेश्वर और गार्डन रीच (कोलकाता), खुर्दा रोड, विशाखापत्तनम, संबलपुर, चक्रधरपुर, आद्रा, रांची, खड़गपुर और बालेश्वर के मंडल कार्यालयों में स्थापित किया जायेगा। ये वॉर रूम इंजीनियरिंग, एसएंडटी, ऑपरेटिंग, वाणिज्यिक और आरपीएफ के अधिकारियों द्वारा संचालित किया जायेगा, ताकि चक्रवात के कारण कोई भी त्वरित निर्णय लिया जा सके और सेवाओं और बुनियादी ढांचे की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके। इन वॉर रूम को इंजीनियरिंग, एसएंड टी, संचालन, वाणिज्यिक और आरपीएफ के अधिकारियों द्वारा संचालित किया जाएगा ताकि चक्रवात के कारण कोई भी त्वरित निर्णय लिया जा सके और सेवाओं और बुनियादी ढांचे की शीघ्र बहाली सुनिश्चित की जा सके। पावर बैक अप के साथ निर्बाध संचार के लिए 20 सैटेलाइट फोन के साथ वॉर रूम /आपातकालीन नियंत्रण कक्ष पूरी तरह से काम कर रहे हैं। रेलवे वास्तविक समय पर अपडेट प्राप्त करने और आवश्यकतानुसार संसाधन जुटाने के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के साथ निरंतर संचार बनाए रख रहा है।

**डीजी पावर को क्रमशः** खड़गपुर-पंसकुरा खंड, खड़गपुर-भद्रक खंड, तमलुक-हल्दिया खंड और तमलुक-दीघा खंड में वैकल्पिक बिजली के रूप में नियोजित किया गया है। तमलुक, पंसकुरा और बालेश्वर स्टेशनों पर डी-वाटरिंग पंप लगाया जायेगा। सुरक्षा उपाय के तौर पर प्रमुख स्टेशनों के सकुर्लेटिंग एरिया से बड़े होर्डिंग्स और बिल-बोर्ड हटाने की योजना है। 18 घंटे से लगातार ट्रैक-पेट्रोलिंग शुरू होगी।

# चक्रवाती तूफान 'दाना' से निपटने के लिए खोरधा रोड मंडल ने व्यापक तैयारियां कीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आगामी चक्रवात के मद्देनजर, खोरधा रोड मंडल ने अपने विभागों को मानव शक्ति और सामग्री के साथ आसन्न स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रखते हुए सभी स्तरों पर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रेलवे संपत्ति के नुकसान को कम करने और यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती उपाय किये गये हैं। भद्रक, जाजपुर-केंदुझर रोड, जखपुरा, पारादीप, कटक, भुवनेश्वर, खोरधा रोड, पुरी जैसे रेलवे

**आपातकालीन नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे काम करेगा**

**सभी विभागों के शाखा अधिकारी जनशक्ति और सामग्री के साथ तैयार हैं**

स्टेशनों और आस-पास के स्टेशनों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जहां चक्रवात 'दाना' का प्रभाव पड़ने की संभावना है। इस संबंध में मंडल से चलने वाली या मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है और इन रद्दीकरण और रिफंड सेवाओं के बारे में सभी यात्रियों को ढेर सारे एसएमएस के माध्यम से पूर्व सूचना दी जायेगी। सभी पावर कार और टावर कारों को उचित ईंधन और जनशक्ति के साथ तैयार रखा गया है। स्टेशन भवनों, स्टाफ क्वार्टरों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में अस्थायी मरम्मत के लिए पर्याप्त संख्या में तिरपाल की व्यवस्था की गयी है।

मॉनसून स्टॉक अर्थात क्वॉरी डस्ट, सिंडर और बोल्डर वागनों को प्रभावित क्षेत्रों में जाने के लिए प्रमुख स्थानों पर तैयार रखे गये हैं। राज्य की बिजली आपूर्ति में विफलता की स्थिति में, नियंत्रण कक्षों, रेलवे स्टेशनों और मुख्य प्रतिष्ठानों को वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था करने के लिए जेनरेटर रूम में पर्याप्त ईंधन उपलब्ध कराया गया है। पटरियों और रास्तों को साफ करने के लिए सभी सहायक उपकरणों के साथ पर्याप्त संख्या में पेड़ काटने वाली मशीनें भी तैयार रखी गयी हैं। खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से चक्रवाती तूफान के कारण उत्पन्न होने वाली स्थितियों के लिए 'तैयार रहने' और शीघ्र बहाली के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का अनुरोध किया है।

# वेदांता एल्युमीनियम ने 'बीओबीआरएन' रैक तैनात किया


**सरकार की योजना के तहत शुरू किये गये इस कदम से तेजी से काम पूरा होगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने झारसुगुड़ा, ओडिशा और कोरबा, छत्तीसगढ़ में अपने स्मेल्टरों में कोयला परिवहन के लिए लॉजिस्टिक्स सिस्टम में बोगी ओपन बॉटम रैपिड डिस्चार्ज रेलवे वैगन विद न्यूमेटिक डोर ओपनिंग एक्ट्यूएटर्स को शामिल किया है। यह पहल भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गयी सामान्य प्रयोजन वैगन निवेश योजना के हिस्से के रूप में की गयी है, और इससे परिचालन दक्षता बढ़ाने और स्थिरता लक्ष्यों



को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। बीओबीआरएन प्रकार के रेलवे वैगन थर्मल पावर प्लांट और बंदरगाहों जैसे उपयोग स्थानों के बीच भारी मात्रा में कोयले के परिवहन के लिए डिजाइन किए गये हैं। खास बात यह है कि इन्हें वैगन के नीचे से सीधे हॉपर पिट में उतारा जा सकता है, जिससे एक कुशल और तेज अनलोडिंग प्रक्रिया हो सकती है और सामग्री वितरण में लगने वाले टर्नअराउंड समय को कम किया जा सकता है। वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा एल्युमीनियम प्लांट और कोरबा में भारत का प्रतिष्ठित स्मेल्टर, बाल्को संचालित करता है, दोनों को बिजली की निरंतर और विश्वसनीय आपूर्ति की आवश्यकता होती है। इसलिए, BOBRN रेक की शुरूआत से कंपनी को लिंकेज कोयले के भौतिकीकरण में सुधार करने में मदद मिलेगी।
















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**